सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जांचल भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
छठ पूजा की शुभकामनाएं
रांची, रविवार 19.11.2023 * नगर संस्करण । पेज : 12 कार्तिक, शुक्ल पक्ष, षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 127

## सूचना व शुभकामना

लोक आस्था के महापर्व छठ के मौके पर रविवार 19 नवंबर को खबर मन्त्र कार्यालय और प्रेस बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला पाठकों को 21 नवंबर मंगलवार को मिलेगा।

सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं शुभेच्छुओं और एजेंट-हाकर बंधुओं को खबर मन्त्र परिवार की ओर से छठ महापर्व की ढेरों शुभकामनाएं। छठी मैया सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें। - सं.

## आज सूर्य किरण की सलामी के साथ भारत-आस्ट्रेलिया में खिताबी भिड़ंत

# इतिहास रचने को तैयार टीम इंडिया

### पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम रिचर्ड मार्ल्स भी स्टेडियम में रहेंगे



एजेंसी

**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को इतिहास रचने को तैयार है। हिटमैन कप्तान रोहित शर्मा उन चुनिंदा कप्तानों की फेहरिस्त में शामिल होने से एक कदम दूर हैं, जिन्होंने क्रिकेट वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो बजे से होने वाले विश्व कप फाइनल में टीम इंडिया के लिए करोड़ों क्रिकेट प्रेमी भारत की जीत की प्रार्थना कर रहे हैं। उनकी प्रार्थना सफल होगी क्योकि ज्योतिषियों ने कप्तान रोहित और स्टार खिलाड़ी विराट कोहली की कुंडली के आधार पर टीम इंडिया की जीत का दावा किया है। भारत अबतक इस टूर्नामेंट में अजेय रहा है और कल भी अजेय ही रहने की संभावना है। भिड़ंत से पहले विमान सूर्यकिरण आकर्षक करतब दिखायेगा।

### दो दशक बाद ऑस्ट्रेलिया से बदला चुकाने का मौका




आइसीसी वर्ल्ड कप 2023 के खिताबी जंग देखने पीएम मोदी के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम रिचर्ड मार्ल्स को भी स्टेडियम में रहेंगे। रोहित शर्मा अपने 10 साथियों के साथ पांच बार की विश्व चैंपियन टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इतिहास रचने उतरेंगे। 12 साल बाद पूरा होगा भारत का विश्व विजेता बनने का ख्वाब।

**सुपर संडे में महासंग्राम :** विश्व कप का सुपर संडे होने वाला है। दोनों टीमें मजबूत हैं। भारत इस टूर्नामेंट में अजेय है वहीं दो बार की विश्व चैंपियन भी। दूसरी और आस्ट्रेलिया पांच बार की विश्व कप चैंपियन। फाइनल मुकाबला हाईवोल्टेज होने वाला है। भारत इसबार 2003 की हार का बदला लेने के उद्देश्य से दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। 2003 में, रिकी पोंटिंग के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वनडे विश्व कप के फाइनल में भारत को 125 रनों से हरा दिया था। तब से क्रिकेट परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है, भारत एक मजबूत ताकत के रूप में उभरा है।

(शेष पेज 11 पर)



## न्यूज डायरी

### राष्ट्रपति, पीएम समेत सीएम हेमंत ने दी छठ की शुभकामना

रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने सभी को छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं और सुखसमृद्धि की कामना की। राष्ट्रपति ने जलस्रोतों और पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाकर प्रकृति का सम्मान करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, प्रकृति से जुड़ा यह पर्व आध्यात्मिक चेतना और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है।

### भुज में झारखंड के गरुड़ कमांडो ने की आत्महत्या

**भुज।** वायुसेना के एक गरुड़ कमांडो योगेश कुमार महतो ने गुजरात के कच्छ के भुज के पास वायुसेना स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान खुदकुशी कर ली। वह हजारीबाग के दारू के रहनेवाले थे। पुलिस ने बताया कि रात्रि ड्यूटी पर तैनात महतो ने 16 नवंबर को तड़के अपने सर्विस पिस्तौल से कथित तौर पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

### बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए हुए बंद

**देहरादून।** विश्वप्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट शनिवार अपराह्न 3 : 45 बजे पूरे विधि-विधान व पूजा अर्चना के बाद कार्तिक शुक्ल षष्ठी श्रवण नक्षत्र में शीतकाल हेतु बंद हो गये।

### मनी लांड्रिंग के आरोपित निदेशक को अग्रिम जमानत

रांची। झारखंड हाइकोर्ट से शनिवार को मनी लांड्रिंग के आरोपित रामगढ़ स्पंज आयरन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक महावीर प्रसाद रूंगटा को अग्रिम जमानत मिल गई। मामले में ईडी ने ईसीआईआर 7/2022 दर्ज किया था। न्यायाधीश गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले में आदेश सुनाया है।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




## रोशनी से नहा रहे छठ घाट, पहला अर्घ्य आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** निष्ठा नेम और लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ के मौके पर रविवार 19 नवंबर की शाम छठव्रती अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य प्रदान करेंगी। सोमवार 20 नवंबर की सुबह उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व का चार दिनी अनुष्ठान संपन्न हो जायेगा।

शनिवार खरना ग्रहण करने के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो हो गया। राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में इस महापर्व को ले कर छठ घाट सजधज कर तैयार हैं। सभी घाटों पर रौशनी और सुरक्षा के पूरे इंतजाम कर लिये गये हैं। संतान की दीघार्यु और परिवार की खुशहाली के व्रतियों का 36 घंटों तक निर्जला उपवास शुरू हो गया। लोक आस्था का महापर्व छठ एक ऐसा विश्व स्तरीय त्योहार है, जहां न पुलिस बलों की नियुक्ति की जरूरत पड़ती है और न शांति समिति की बैठक होती है। न इंटरनेट का कनेक्शन काटा जाता है और न ही कहीं चंदा के नाम पर गुंडागर्दी या जबरन उगाही की शिकायत मिलती है।

इतना ही नहीं न तो शराब दुकानों को बंद करने के लिए नोटिस चिपकाना पड़ता है और न ही मांस-मछली की दुकानों को बंद करने के लिए किसी को कहना पड़ता है। दूध या पूजन और खाद्य सामग्री में मिलावट का कोई भय नहीं होता। कहीं ठगे जाने का कोई खतरा नहीं।



### 19 का सूर्यास्त और 20 का सूर्योदय

**रांची** : 5-02 और 6-05, हजारीबाग 5-01 और 6-06, गिरिडीह : 4-57 और 6-03, कोडरमा : 4-59 और 6-06, चतरा : 5-02 और 6-08, धनबाद : 4 -57 और 6-01, दुमका : 4-53 और 5-59, गोड्डा : 4-52 और 6-00, देवघर : 4-55 और 6-02, गढवा : 5-07 और 6-13, डाल्टेनगंज : 5-06 और 6-11, गुमला : 5-05और 6-08, जमशेदपुर : 5-00 और 6-01, चक्रधरपुर : 5-02 और 603। (**पं रामदेव पांडेय, रांची**)

## तेज रफ्तार ने ली छह बारातियों की जान

### गिरिडीह के बाघमारा गांव में पेड़ से टकराया वाहन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के बिरनी और मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके सिंधवारिया के बाघमारा गांव में शनिवार तड़के सड़क हादसे में छह बारातियों की मौत हो गयी। सभी लोग स्कॉर्पियो से बिरनी थाना क्षेत्र के थोरिया से टिकोडीह गांव गये हुए थे। रात में अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार के कारण वाहन अनियंत्रित हो कर एक पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गये। घटनास्थल पर ही 5 लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। दूसरे घायल की स्थिति अब भी नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और वाहन में फंसे शवों को बाहर निकाला। हादसे पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और सीएम हेमेत सोरेन ने गहरा दुख जताया है।

जानकारी के अनुसार गजोडीह निवासी डॉ फारूक अंसारी के पुत्र की शादी थी। हादसाग्रस्त स्कार्पियो साहिर अंसारी की थी। वह ही उसे चला रहा था। पुलिस ने बताया कि बारात में जाने के लिए स्कार्पियो को लोग किराये पर लेकर मुफ्फसिल थाना इलाके के टिकोडीह गांव गये थे।

(शेष पेज 11 पर)

### मृतकों के नाम

मृतकों की पहचान मो यूसुफ मियां (72 वर्ष), इम्तियाज मियां (40 वर्ष), सुभान अंसारी (35 वर्ष) और चालक सगीर अंसारी के रूप में हुई। घायलों का नाम याकुफ अंसारी (75 वर्ष) और आफताब अंसारी 35 वर्ष है। बताया जाता है कि गजोडीह निवासी डॉ फारूक अंसारी के पुत्र की शादी थी। इस वजह से सभी लोग सगीर अंसारी की गाड़ी को रेंट में लेकर गिरिडीह के टिकोडीह गांव गये हुए थे। हादसे से इलाके में शोक की लहर है। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आइएसआइएस आतंकियों से 4 दिन पूछताछ करेगी एटीएस

### गोड्डा और हजारीबाग से धराये थे दोनों इजराइल जाकर लड़ने की कर रहे थे प्लानिंग

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। आठ नवंबर को झारखंड के गोड्डा और हजारीबाग से गिरफ्तार दोनों आतंकियों को एटीएस ने रिमांड पर लिया है। गिरफ्तार आतंकियों से अगले 4 दिनों तक एटीएस के द्वारा पूछताछ की जाएगी। आतंकी संगठन आईएसआईएस के संदिग्ध आतंकी मो आरिज हसनैन और मो नसीम उर्फ मोहसिन को झारखंड एटीएस के द्वारा इसी महीने गिरफ्तार किया गया था।

**युवाओं को दे रहा था दहशत फैलाने की ट्रेनिंग :** गिरफ्तार दोनों आतंकियों से पूछताछ करने के लिए एंटी टेरेरिस्ट स्क्वाड के द्वारा अदालत में अर्जी दी गई थी। जिसके बाद अदालत ने गोड्डा के रहने वाले आतंकी आरिज और हजारीबाग के रहने वाले मोहम्मद नसीम से एटीएस को अगले चार दिनों तक पूछताछ की इजाजत दी। शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच एटीएस की टीम दोनों आतंकियों को लेकर एटीएस मुख्यालय पहुंची, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। एटीएस को यह सूचना मिली है कि दोनों आतंकियों के सीने में कई ऐसे दफन राज हैं जिनके खुलासे के बाद झारखंड में छिपे हुए स्लीपर सेल के कई एजेंट गिरफ्तार किया जा सकता है।

**8 नवंबर को हुई थी गिरफ्तारी :** एटीएस ने खुलासा किया है कि दोनों संदिग्ध आतंकी पाकिस्तान और अफगानिस्तान के आतंकियों के संपर्क में थे।

(शेष पेज 11 पर)

### राष्ट्रीय सीनियर हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड ने आंध्रप्रदेश को हराया

**रांची।** चेन्नई में 17 से 28 नवम्बर तक आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 में झारखंड पुरुष हॉकी टीम ने अपने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया है। हॉकी आंध्रप्रदेश को 10-03 से पराजित कर पूरे तीन अंक अर्जित किया है।

झारखंड टीम की ओर से माइकल टोपनो ने तीन गोल, विजय खेस, दिलबर भेंगरा, अनुरोध भेंगरा, जोसेफ कोंगाड़ी, रायन सोय मुरूम, नोएल टोपनो और लव लाइट कुजूर ने एक एक गोल दागा है। झारखंड टीम की पहली जीत पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के पदाधिकारियों ने बधाई दी है। यह जानकारी शनिवार को हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने दी।




## कांग्रेस राज में आतंकी, अपराधी और दंगाई बेलगाम : मोदी

एजेंसी

**भरतपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति करने, नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़, महिलाओं की सुरक्षा में लापरवाही एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस जहां-जहां आती है, वहां-वहां आतंकवादी, अपराधी और दंगाई बेलगाम हो जाते हैं। श्री मोदी शनिवार को यहां भरतपुर एवं डीग जिलों के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए तुष्टीकरण ही सब कुछ है। कांग्रेस तुष्टीकरण के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। इसी तुष्टीकरण के लिए कांग्रेस ने राजस्थान में लोगों के विश्वास को भी चकनाचूर कर दिया है। उन्होंने कहावत ङ्गजिस पत्तल में खाया, उसी में छेद कियाङ्ग का उल्लेख करते कहा कि कांग्रेस ने यहां राजस्थान में ऐसा ही किया है। यहां कांग्रेस सरकार की जिम्मेदारी थी कि वह हर नागरिक के जानमाल की सुरक्षा करे। लेकिन हुआ क्या बीते पांच वर्षों में बहन-बेटियों, दलित और वंचितों पर सबसे ज्यादा अपराध हुआ है। सबसे ज्यादा जुल्म हुआ है। होली हो, रामनवमी हो, हनुमान जयंती हो। कोई भी त्योहार हो, लोग शांति से नहीं मना पाए। दंगे, पत्थराव, कर्फ्यू राजस्थान में यही सब चलता रहा है। (शेष पेज 11 पर)



### दलितों और गरीबों को ठगती है भाजपा : खड़गे

भरतपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी पर गरीब और दलितों के लिए झूठा वादा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि दलित वर्ग के सहायक अभियंता के साथ गंभीर रुप से मारपीट करने वाले विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारना दलितों के प्रति भाजपा का असली चेहरा उजागर होता है।श्री खड़गे भरतपुर के वैर कस्बे में भरतपुर एवं डीग जिले में विधानसभा चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनाव सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने धौलपुर में श्री मलिंगा को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा गया जिसने दलित वर्ग के सहायक अभियंता हर्ष वाल्मीकि के साथ गम्भीर रूप से मारपीट कर मौत के मुंह में धकेलने में कोई कसर नही छोड़ी।

खबर एक नजर में

## राज्यपाल को चीफ जस्टिस ने दी छठ की बधाई



रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शनिवार को झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार मिश्रा मिले। चीफ जस्टिस ने राजभवन में राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की एवं उन्हें छठ पूजा की शुभकामनाएं दी।

## राज्यपाल को विधायक ने दी छठ पूजा की बधाई



रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शनिवार को झारखण्ड विधानसभा सदस्य सीपी सिंह मिले। स्थानीय विधायक ने राज भवन में राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की एवं छठ पूजा की शुभकामनाएं दी।

## टीबी मरीजों को चिह्नित करने के लिए जांच का दायरा बढ़ायें : सीएस

**टीबी मरीजों को पोषण आहार योजना के तहत प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने का भी दिया निर्देश**



रांची। सिविल सर्जन रांची की अध्यक्षता में टीबी कार्यक्रम से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इसमें टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत रांची जिला में किये जा रहे कामों पर चर्चा की गयी। इस दौरान अधिक से अधिक टीबी मरीजों को चिन्हित कर उनको ससमय इलाज उपलब्ध कराने की बात कही गयी। साथ ही टीबी मरीजों को पोषण आहार योजना के तहत प्रोत्साहन राशि का भुगतान करना का भी निर्देश दिया गया। सहियाओं के सहयोग से भी कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग कर जांच का दायरा बढ़ाने को लेकर निर्देशित किया गया है। वहीं इसे लेकर अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनाने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि रांची में अब तक कुल 34358 संभावित मरीजों की जांच की गयी, जिसमें 3432 टीबी के पाये गये हैं।

## झाप्रसे के 11 अफसर बनेंगे आइएएस, कल होगी दिल्ली में बैठक

रांची। झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के 11 अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति मिलेगा, यानि आइएएस बनेंगे। यूपीएससी ने इन अधिकारियों को आइएएस कैडर में पोन्नति देने के लिए 20 नवंबर को बैठक होगी। इसमें 33 अधिकारियों के नामों पर विचार किया जायेगा। झारखंड से मुख्य सचिव सुखदेव सिंह इस बैठक में शामिल होने के लिए नई दिल्ली जायेंगे। वहीं कार्मिक विभाग के सचिव सहित अन्य पदाधिकारी भी नई दिल्ली जायेंगे। इसके अलावा 33 पदाधिकारी भी यूपीएससी की बैठक में शामिल होंगे। सभी पदाधिकारियों से साक्षात्कार भी होगा। सब कुछ ठीक रहा तो इनके प्रमोशन पर क्लीयरेंस मिल जायेगा। प्रमोशन आइएएस में रिक्तियों के विरुद्ध दिया जा रहा है। इसका लाभ एक जनवरी से मिलेगा। यूपीएससी की बैठक के बाद कार्मिक मंत्रालय अधिसूचना जारी करेगा।


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

**ई-अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।**

**ई-निविदा सूचना संख्या :- RDD/SD/CHATRA/17/2023-24/RE-1**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद अन्तर्गत (चतरा शहर में) 1950 सोलर एल०ई०डी० स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन। | 3,82,08,300.00 | 7,65,000.00 | 10000.00 | 06 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –25.11.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–25.11.2023 से दिनांक–02.12.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई-निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 04.12.2023 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR.NO.311615 Rural Development(23-24):D — कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**RURAL DEVELOPMENT SPECIAL DIVISION, CHATRA**

**Expression of Interest**

**EOI No.:-RDD/SD/CHATRA/EOI-24/2023-24**

The **Executive Engineer, Rural Development Special Division, Chatra** invites proposals thereinafter referred as bid(s) from eligible bidders for entering Into a Rate Contracts for the Supply and installation of Medical Equipment/Appliances etc. of Child Ward at Sajna of Panchayat Paradih in Chatra Block, Distt.-Chatra as per details hereunder.

| Sl. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Rate Contracts for the Supply and installation of Medical Equipment/Appliances etc. of Child Ward at Sajna of Panchayat Paradih in Chatra Block, Distt.-Chatra. |
| 2. | Estimated Amount | Rs. 2,37,50,117.00 |
| 3. | Completion Period of work | 06 Months |
| 4. | Tender Fee will be received through online mode only. | Rs. 10,000.00 |
| 5. | Earnest Money Deposit (EMD)- The successful bidder will have to execute & submit EMD through online mode, before finalization of the tender, approx 2% of the estimated value of work before issue of the work order and the work order will be issued after submission of the EMD | Rs. 4,75,100.00 |
| 6. | Date of publication of Tender on Website | 25.11.2023 Time: 11:00AM |
| 7. | Start Date/Time for Online Submission of bid | 02.12.2023 Time: 11:00AM |
| 8. | Last date of submission of Bid online/Time for receipt of bids | 02.12.2023 Time: 17:00PM |
| 9. | Technical Bid Opening Date and Time | 04.12.2023 Time: 02:00PM |
| 10. | Place of Opening Bid | O/o the E.E, R.D.Spl.Division, Chatra. |
| 11. | Name & Address of inviting EOI Officer | Suresh Ram, Executive Engineer, R.D.Spl.Division, Chatra. |
| 12. | Contact No. of Inviting EOI Officer | 87091-84201 |

**Note:**
1. Tender Fee and EMD will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender fee and EMD. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from https://jharkhandtenders.gov.in portal.
2. Refund will only be issued to originated bank account used for the payment of Tender Fee and EMD. So, Bidders are advised Not to close Bank Account used for online payment/(NEFT/RTGS) of tender free and EMD.
3. No Hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/ Evaluation. However, Department may ask original documents for verification before award of contract
4. The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web portal and when required.
5. The detailed tender notice terms and conditions can be obtained from the website **https://jharkhandtenders.gov.in** & copies of technical bid and financial bid can be downloaded there from.
6. Companies registered under Jharkhand MSME/MSME under Gov. of India.

**Executive Engineer,**
**R.D.Spl.Division, Chatra.**

PR 311618 (Rural Development)23-24*D


### राजधानी रांची में ग्रीन कॉरिडोर बनाकर पहुंचाया एयरपोर्ट

# घायल जवान को एयर एम्बुलेंस से भेजा दिल्ली

**आर्किड अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद भेजा दिल्ली**



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। जिंदगी और मौत से लड़ रहे घायल जवान जयंता नाथ को आखिरकार शानिवार को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचाया गया और वहां से एयर लिफ्ट कर दिल्ली भेजा गया। इस दौरान रांची पुलिस ने ऑर्किड से लेकर एयरपोर्ट तक के रास्ते को ट्रैफिक मुक्त रखा था। एयरपोर्ट पहुंचने पर एयर एम्बुलेंस की टीम ने जयंता नाथ को तत्काल इलाज शुरू करते हुए दिल्ली के लिए रवाना हुये।

आपको बता दें कि जयंता नाथ सीआरपीएफ 60 बटालियन में कार्यरत है और बीते दिन नक्सलियों द्वारा बिछाए गए आईईडी ब्लास्ट के शिकार हो गये थे। रांची में प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली भेजा गया है।

**क्या है मामला :** चाईबासा में गोइलकेरा थाना क्षेत्र स्थित हाथीबुरु के जंगल में सीआरपीएफ की टीम नक्सल अभियान पर निकली थी। सुरक्षाबलों का टुकड़ा अलग-अलग हिस्से में आगे बढ़ रहा था। इसी बीच नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इस घटना में सीआरपीएफ के तीन जवान घायल हुए थे। हालांकि, एक जवान संतोष उरांव शहीद हो गया, जबकि, जयंता नाथ और वेजेटो टिनाई गंभीर रूप से घायल थे। दोनों को बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## टनल में फंसे मजदूरों के परिजन से मिले सांसद आदित्य साहू, दिया भरोसा



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने उत्तरकाशी टनल में फंसे और ओरमांझी प्रखंड के खिराबेड़ा गांव के 3 मजदूरों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने मजदूरों के परिजनों को सांत्वना दिया और कहा कि जल्द ही तीनों वापस लौटेंगे। जंगलों से घिरे इस गांव के 9 लोग उत्तराखंड में मजदूरी करने गए हैं, जिसमें 3 मजदूर वहां खनन के दौरान सुरंग में फंसे हैं। मजदूरों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. उनके घरों में दिवाली भी नहीं मनी। आदित्य साहू ने टनल में फंसे मजदूर चरकू बेदिया, राजेंद्र बेदिया और शुकाम बेदिया परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया।

उन्होंने कहा कि सुरंग से फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए हरसंभव कोशिश जारी है। सभी सुरंग में सुरक्षित हैं और शीघ्र बाहर आकर अपने घर लौटेंगे। उन्होंने कहा कि घटना के चार दिन से ज्यादा हो जाने के बाद भी राज्य सरकार का कोई प्रतिनिधि, पदाधिकारी मजदूर के परिजनों की सुध लेने नहीं आया ये काफी दुखद है।

## 2024-25 का बजट फरवरी में पेश कर सकती है झारखंड सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजनीतिक गतिविधियों के साथ साल 2024 कई मायनों में अहम होगा। इस वर्ष आर्थिक क्षेत्र में भी हलचल बढ़ेगी। चुनावी वर्ष होने के कारण सरकार भी वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को लेकर तैयारी में जुट गई है। केंद्र सरकार द्वारा आगामी बजट अंतरिम बजट के रूप में होगा। एक फरवरी को देश के वित्त मंत्री अंतरिम बजट पेश करेंगे।

इधर, झारखंड सरकार भी आम बजट की तैयारी में जुट गई है। केंद्र द्वारा अंतरिम बजट पेश करने के पश्चात फरवरी में ही झारखंड सरकार आम बजट पेश करने की तैयारी में है। झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव झारखंड के पहले वित्त मंत्री हैं जो लगातार पांचवें साल सदन में बजट पेश करेंगे।

**झारखंड सरकार इस बार फरवरी में पेश कर सकती है आम बजट**

चुनावी वर्ष होने की वजह से झारखंड में आगामी वित्तीय वर्ष का बजट भी चुनाव को ध्यान में रखकर पेश करने की तैयारी की जा रही है। मार्च के प्रथम सप्ताह में लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा को ध्यान में रखकर फरवरी में ही आम बजट पेश करने की तैयारी की जा रही है। वर्तमान सरकार के द्वारा अब तक हर वर्ष तीन मार्च को बजट पेश किया जाता रहा है। इस लिहाज से इस बार समय से पहले बजट लाए जाने की तैयारी है। इसको लेकर सभी विभागों से रिपोर्ट मांगी गई है। वित्त विभाग के ताजा निर्देश के तहत विभागों से मांगे गए बजट प्रस्ताव में अनावश्यक खर्च को नजरअंदाज करने के साथ-साथ केंद्र के द्वारा पहले से चल रही योजना को नहीं दुहराने के अलावे नई योजना का समेकित प्रस्ताव देने को कहा गया है। बजट में सरकार ने पिछड़े क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता में रखकर प्रस्ताव भेजने को कहा गया है।

वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव का कहना है कि अगले सप्ताह तक हमलोग तय कर पाएंगे कि अगले वित्तीय वर्ष का बजट कैसा होगा। इधर, अर्थशास्त्रियों कहना है कि केंद्र सरकार चुनाव को ध्यान में रखकर अंतरिम बजट पेश करती रही है।

गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2023-24 यानी चालू वित्तीय वर्ष के लिए हेमंत सरकार ने 1.16 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया था। इस बजट में इजाफा होने की संभावना है।

## रांची स्मार्ट सिटी के चौथे चरण में सिर्फ तीन या चार प्लॉट ही हो सकते हैं नीलाम

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। रांची स्मार्ट सिटी के चौथे चरण के ई-ऑक्शन में सिर्फ 3 या 4 प्लॉट की नीलामी हो सकती है। स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने एडीबी एरिया के 36 प्लॉटों की नीलामी के लिए विज्ञापन निकाला था। विभागीय सूत्र के मुताबिक, इन प्लॉटों की नीलामी में हिस्सा लेने के लिए सिर्फ 24 इन्वेस्टर्स ने आवेदन किया है। स्मार्ट सिटी के किसी भी प्लॉट की नीलामी के लिए एक प्लॉट के लिए कम से कम 3 निवेशकों का आना जरूरी है। तीन या चार प्लॉट ही ऐसे हैं, जिनके लिए तीन-तीन निवेशक मिले हैं। बाकी प्लॉटों के लिए एक या दो ही लोगों ने आवेदन किया है। आवेदनों की स्क्रूटनी चल रही है। स्क्रूटनी के बाद ई-ऑक्शन की तारीख की घोषणा होगी।

**अबतक सिर्फ 11 प्लॉट हुए नीलाम :** 656 एकड़ जमीन पर डेवलप हो रही रांची स्मार्ट सिटी में कुल 51 प्लॉटों की नीलामी के लिए 2021 में ऑक्शन शुरू हुआ था। मार्च 2021 में हुए पहले चरण के ऑक्शन में 9 प्लॉटों की नीलामी हुई। वहीं दूसरे और तीसरे चरण के ई-ऑक्शन में सिर्फ एक-एक प्लॉट की नीलामी हुई। इसके बाद मास्टर प्लॉन में थोड़ा बदलाव करते हुए स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने सितंबर 2023 से फिर से नीलामी की प्रक्रिया शुरू की थी।

**किस कैटेगरी की जमीन की कितनी दर :** चौथे चरण के ई-ऑक्शन में 14 व्यासायिक प्लॉट नीलामी के लिए रखे गये हैं। इनकी दर 13.24 करोड़ रुपये प्रति एकड़ रखी गई है। मिक्स यूज के लिए 12 प्लॉट रखे गये हैं। इनकी रिजर्व प्राइस 10.14 करोड़ रुपये रखी गई है। शैक्षणिक और संस्थागत क्षेत्र के आठ प्लॉट हैं, जिसकी रिजर्व प्राइस प्रति एकड़ 2.07 करोड़ रुपये है। पब्लिक और सेमी पब्लिक श्रेणी में दो प्लॉट के लिए रिजर्व प्राइस 4.55 करोड़ रुपये रखी गई है।

## मनिका विधायक रामचंद्र सिंह को प्रदेश कांग्रेस ने दी बधाई

रांची। मनिका से कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह को उत्कृष्ट विधायक चुने जाने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और कांग्रेस विधायक दल नेता सह राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने विधानसभा अध्यक्ष सहित चयन समिति के तमाम सदस्यों के प्रति आभार जताया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि रामचंद्र सिंह आमजनों के मुद्दों से निकटता ही उनकी पहली प्राथमिकता है। राजनीति में अक्सर समझौता करना पड़ता है लेकिन इस मामले में वे हटकर हैं। आलमगीर आलम ने कहा कि सम्मान साबित करता है की रामचंद्र सिंह के दिल में जो क्षेत्र के प्रति चिंता और जनता के लिए दर्द है यह इसका ही परिणाम है।

## मंदिरों पर हमलों की सीबीआइ जांच करायें सीएम : भाजपा



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हिंदुओं के धार्मिक स्थलों को निशाना बनाए जाने की घटना की कड़ी निंदा की है। प्रतुल ने पिछले चार सालों में जितने भी ऐसी घटनाएं हुई है, सबकी सीबीआई जांच करने की अनुशंसा करने की मांग राज्य सरकार से की है। उन्होंने कहा कि मांडर में मुड़मा में पांच मंदिरों में प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करने की घटना कोई पहली घटना नहीं है। इसके पूर्व जमशेदपुर में 8 अप्रैल, 2023 को हिंदुओं के धार्मिक झंडे में प्रतिबंधित मांस को बांधकर टांगा गया था और उसके बाद एक भीड़ ने एक मंदिर पर हमला किया था। पलामू के पांकी में सरकार ने शिव बारात पर रोक लगा दी थी। 27 सितंबर, 2023 को समुदाय विशेष के एक व्यक्ति ने हिंदपीड़ी थाना क्षेत्र में हनुमान के मंदिर में मूर्ति को खंडित किया था। बोकारो में भी लगातार मंदिरों को निशाना बनाया गया। माराफारी थाना क्षेत्र में दो मंदिरों की मूर्तियों को खंडित किया गया। बोकारो के सेक्टर 4 के सूर्य मंदिर में भी असामाजिक तत्वों ने उत्पात मचाया था। पलामू के मेदनीनगर शहर के नवाटोली में ललित श्री राम मंदिर से 12 मुकुट चोरी हो गए और त्रिशूल तोड़ दिया गया।

## पथ निर्माण में चीफ इंजीनियर में प्रमोशन के लिए विकास आयुक्त के पास भेजी गयी फाइल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पथ निर्माण विभाग ने एक दर्जन अभियंताओं को मुख्य अभियंता के पद पर प्रमोशन देने के लिए फाइल बढ़ा दी है। विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक के लिए संचिका राज्य के विकास आयुक्त कार्यालय भेजी गयी है। विकास आयुक्त इस संबंध में बैठक करेंगे और इंजीनियरों को प्रमोशन देने पर सहमति बनेगी। राज्य में यह पहली बार होगा जब एक दर्जन अधीक्षण अभियंता स्तर के इंजीनियरों को मुख्य अभियंता बनाया जायेगा। इनमें कई अब भी चीफ इंजीनियर के प्रभार में हैं जिन्हें नियमित प्रोन्नति दी जायेगी। बता दें कि विगत दिनों झारखंड हाइकोर्ट द्वारा कार्मिक विभाग के आदेश पर लगी रोक को हटा लेने के बाद प्रमोशन का रास्ता साफ हो गया है। अब फिर से एसटी-एससी अधिकारियों-कर्मियों को अनारक्षित श्रेणी में प्रमोशन मिल सकेगा।

### झारखंड स्नातक योग्यताधारी प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का मामला

## आरक्षण कोटि में बदलाव किया है तो 24 तक करें परीक्षा शुल्क की अंतर राशि का भुगतान

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग ने वैसे अभ्यर्थियों को 24 नवंबर तक आवेदन शुल्क के अंतर राशि का भुगतान करने का अंतिम समय दिया है, जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन में अपनी आरक्षण कोटि को बदल दिया है। झारखंड स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के अंतर्गत 36 ऐसे अभ्यर्थी हैं, जिन्होंने एसटी-एससी कोटि के आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन में संशोधन के समय अपनी आरक्षण कोटि को अनारक्षित, अंत्यत पिछड़ा वर्ग अनुसूची-1, पिछड़ा वर्ग अनुसूची-2 एवं आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग कोटि में संशोधित किया है। वहीं चार आवेदकों ने अपनी निःशक्तता कोटि में भी बदलाव कर दिया है। ऐसे में आयोग ने स्पष्ट किया है कि वे संशोधित कोटि के लिए अनुमान्य परीक्षा शुल्क की अंतर राशि को सचिव, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग कार्यालय में भुगतान करें। 24 नवंबर तक शुल्क जमा नहीं करने पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा ।

### दिल्ली के विश्व व्यापार मेला-2023 में झारखंड के खनिजों के सैंपल देखने की मची है होड़

# झारखंड कोल में देश में तीसरे पायदान और बॉक्साइट में सातवें स्थान पर : राकेश पन्ना

**झारखंड माइंस एंड जियोलॉजी डिपार्टमेंट लोगों को दे रहा खनिजों की जानकारी**



खबर मन्त्र ब्यूरो

नई दिल्ली/रांची। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2023 प्रगति मैदान आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। मेले में बनाये गए झारखंड पवेलियन में शनिवार के दिन काफी भीड़ देखने को मिली। पवेलियन में आने वाले लोग जहां एक ओर झारखण्ड के उत्पादों को पसंद कर रहे हैं और खरीद रहे हैं, वहीं झारखंड प्रदेश के विभिन्न विभागों की स्टाल पर उनकी योजनाओ की जानकारियां भी ले रहे हैं। इस दौरान झारखण्ड पवेलियन में बनाये गए झारखण्ड माइंस एंड जियोलॉजी डिपार्टमेंट के स्टाल पर लोगो की खूब भीड़ देखने को मिल रही है।

झारखंड माइंस एंड जियोलॉजी डिपार्टमेंट ने अपने स्टॉल पर अलग अलग खनिजों का लाइव डेमो रखा हुआ है। झारखंड माइंस एंड जियोलोजी प्रदर्शित किये गए खनिजों में ग्रेफाइट, कोल, आयरन ओर, माइका, बॉक्साइट, क्यूनाइट लगाए गए हैं। यहां लोगों को बताया जा रहा है कि ग्रेफाइट का उपयोग पेंसिल बनाने में, कोल का उपयोग ऊर्जा बनाने में, आयरन ओर का इस्तेमाल लोहा बनाने में, माइका का उपयोग पेंट बनाने में, बॉक्साइट का उपयोग एलुमिनियम बनाने में, काईनाइट का उपयोग रेफेक्टरी बनाने में किया जा रहा है। प्रदर्शित किये गए खनिजों के आलावा लाइम स्टोन, माइका, मैगनीज, यूरेनियम आदि भी पाया जाता है।

अधिकारियों ने बताया कि पवेलियन में आने वाले स्कूल के बच्चों में खनिजों के सैंपल में रूचि दिख रही है। उन्हें खनिजों के प्रकार, उसके अन्वेषण और प्रसंस्करण की जानकारी दी जा रही है।

सहायक निदेशक भूतत्त्व राकेश पन्ना ने बताया कि झारखंड देश की कुल खनिज सम्पदा का 40% खनिज का आधिपत्य रखता है। झारखंड कोल में देश में तीसरे पायदान और बक्साइट में सातवें पायदान पर है। वर्तमान में विभाग आधुनिक तकनीकी पर जोर दे रहा है, जिसमे ब्लॉक का सर्वेक्षण ड्रोन कैमरे द्वारा किया जा रहा है। आने वाले कुछ महीनो में झारखण्ड माइंस एंड जियोलॉजी डिपार्टमेंट द्वारा लघु एवम वृहत्त खनिज ब्लॉक का नीलामी किया जाना है।

# खरना संपन्न, अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य आज

सूर्य मंदिर के छठ घाट पर राज्यपाल रघुवर दास अर्पित करेंगे अर्घ्य

खबर मन्त्र ब्यूरो



विजया गार्डेन बारीडीह में खरना प्रसाद बनातीं व्रती महिलाएं।

**जमशेदपुर।** छठ महापर्व को लेकर लौहनगरी जमशेदपुर में गजब का उत्साह नजर आ रहा है। लोग अपने-अपने तरीके से छठ महापर्व में सहयोग कर पुण्य के भागी बन रहे हैं। आज छठ ब्रतियों ने खरना प्रसाद ग्रहण किया और इसके साथ निर्जला उपवास शुरु हो गया। रविवार 19 नवंबर की शाम ब्रती अस्तांचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे जबकि 20 नवंबर की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। शहर के विभिन्न छठ घाटों पर प्रशासन ने स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से घाटों की स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य इंतजामात को अंतिम रुप दे दिया। इस बीच, साकची,मानगो, बारीडीह, बिरसानगर,गोलमुरी समेत अन्य बाजारों में छठ पूजन सामग्रियों में ब्रती और उनके परिजन दिन भर खरीददारी करते रहे। केले का घवध,फल,गागल, नारियल, गाजर, सिंघारा, हल्दी समेत अन्य पूजन फलों की जम कर खरीददारी हुई। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर सूर्य मंदिर समिति के द्वारा विभिन्न क्षेत्र के जरुरतमंद छठ व्रतधारियों के बीच निःशुल्क छठ पूजन सामग्री का वितरण किया गया। शनिवार को सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की धर्मपत्नी रुक्मणि देवी, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह समेत कई वरीय सदस्यगण एवं पदाधिकारी मुख्यरूप से शामिल हुए एवं ग्यारह सौ व्रतधारियों व उनके परिजनों के बीच फल सामग्री व पूजन सामग्री का वितरण किया। समिति द्वारा व्रतधारियों के बीच पूजन सामग्री का कूपन पूर्व में ही आवंटित किया गया था। कूपन के अतिरिक्त मंदिर में आये जरूरतमंद व्रतधारियों को पूजन सामग्री प्रदान की गई।

## आज दोपहर 2 बजे खुलेंगे सूर्य मंदिर घाट के प्रवेश द्वार



रविवार दोपहर 2 बजे व्रतधारियों के लिए खुलेंगे सूर्य मंदिर के सभी प्रवेश द्वार, संध्याकाल में मंदिर परिसर के शंख मैदान में होगा सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन, ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास होंगे मुख्यातिथि। सूर्य मंदिर समिति ने छठ घाट की तैयारियों को दिया अंतिम रुप : लोक आस्था एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा पर होने वाले छठ महोत्सव के आयोजन को लेकर सूर्य मंदिर समिति ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। शनिवार को मंदिर परिसर में आयोजन की तैयारी को लेकर सूर्य मंदिर समिति की बैठक सम्पन्न हुई। सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह समेत समिति के वरीय सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान आयोजन की सफलता एवं भव्यता को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सूर्य मंदिर समिति ने छठ महोत्सव में व्रतधारियों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए व्यापक तैयारी की है। जिसमें मंदिर परिसर के दोनों छठ घाट की सुंदर रूप में सफाई कर स्वच्छ-निर्मल जल भरा गया है एवं पूरे सूर्य मंदिर परिसर में सुंदर पुष्प सज्जा के साथ मंदिर व आसपास के क्षेत्र में रंगबिरंगी लाइटों से आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। दोपहर 2 बजे छठ घाट के सभी प्रवेश द्वार को खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य देंगे।

## आज शाम छह बजे से छठ मइया की महिमा गायेंगी निशा पांडेय व ममता राउत

इसके साथ ही, सांस्कृतिक संध्या के तहत संध्या 6 बजे से सुप्रसिद्ध लोक गायिका निशा पांडेय के संग सुर संग्राम की विजयी प्रतिभागी एवं प्रसिद्ध गायिका ममता राउत एवं स्थानीय कलाकार स्नेहा मिश्रा समेत अन्य कलाकार सूर्य मंदिर के शंख मैदान में भक्ति संगीत की धारा श्रद्धालुओं के बीच बहाएंगे। अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने संगीतप्रेमी शहरवासियों से संध्या 6 बजे से सूर्य मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक संध्या में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और छठ गीतों के साथ लोकगीत व भजन संगीत के आनंद लेने की अपील की है। इस दौरान संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, रुक्मणि देवी, भूपेंद्र सिंह, संजीव सिंह, शैलेश गुप्ता, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, प्रेम झा, कृष्णमोहन सिंह, कंचन दत्ता, शशिकांत सिंह, प्रमोद मिश्रा, मिथिलेश सिंह यादव, कमलेश सिंह, गुंजन यादव, रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, पवन अग्रवाल, बोलटू सरकार, कुमार अभिषेक, निर्मल गोप, रॉकी सिंह, राम मिश्रा, ओम पोद्दार, राज शर्मा, सोनू श्रीवास्तव, निकेत सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## अपनी हर उन्नति का श्रेय ईश्वर को दें : डॉ नीतू पी चौधरी



**जमशेदपुर।** इम्मानुएल बैपतिस्ट चर्च, सीतारामडेरा, जमशेदपुर की ओर से सीतारामडेरा स्थित चर्च प्रांगण में तीन दिवसीय आत्मिक जागृति सभा आशीष महोत्सव का द्वितीय दिन आज आत्मिक हर्ष उल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह आशीष महोत्सव 2025 में इम्मानुएल बैपतिस्ट चर्च के 100 वर्ष (शताब्दी वर्ष) समारोह की शुरूआत के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत आज शाम 6:00 बजे पास्टर अजहर परीक्षा के प्रार्थना के द्वारा हुई। तत्पश्चात चर्च के आराधना दल द्वारा स्तुति एवं आराधना के गीतों की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक पास्टर एलियाजर टोप्पो के द्वारा की गयी। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ नीतू पी चौधरी एवं मुख्य आराधक पास्टर डेविड सोलोमन का मंच पर स्वागत किया गया। उसके पश्चात मुख्य आराधक पास्टर डेविड सोलोमन द्वारा परमेश्वर की उपस्थिति को आराधना के द्वारा उपस्थित जनसमुह में पिरोया गया। तत्पश्चात चर्च के सह सचिव भाई पी आर चौहान द्वारा प्रार्थना की गई। उसके उपरांत मंच मुख्य वक्ता डॉ नीतू पी चौधरी को सौंप दिया गया। जिन्होंने परमेश्वर के पवित्र आत्मा की अगुवाई में परमेश्वर के जिवित वचन को उपस्थित विश्वासियों के लिए प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि पाप करने पर उसका परिणाम झेलना पड़ता है, परंतु परमेश्वर का धन्यवाद हो कि जब व्यक्ति क्षमा मांगता है तो प्रभु उसे माफ भी करते हैं और उसके जीवन को बहाल भी करते हैं और जितना आप बड़े बनते हैं उतना ही आपको नम्र हो जाना चाहिए, क्योंकि घमंड गिरने का कारण बनता है। तत्पश्चात डॉ नीतू ने परमेश्वर से उपस्थित बीमारों एवं विश्वासियों के लिए प्रभु ईशू मसीह के नाम से प्रार्थना की। उसके बाद महासचिव शमसुल महापात्र ने सूचनाओं को प्रदान की। कल सुबह 8:30 बजे से सुबह 10:00 बजे तक चर्च की विशेष आराधना की जाएगी, जिसमें डॉ नीतू परमेश्वर के वचन को प्रचारित करेंगी। तत्पश्चात 10:30 बजे से जवानों एवं परिवारों के लिये विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गयाहै। इस कार्यशाला को करने का मुख्य उद्देश्य आज के परिस्थिति में प्रत्येक जवानों एवं परिवारों के आत्मिक जीवन को जागृत कर के आध्यात्मिक एवं समाजिक दिशा में प्रज्वलित करना है। साथ ही साथ शाम 5:30 बजे से प्रत्येक परिवारों के लिये आशीष महोत्सव की अंतिम सभा का आयोजन किया गया है। उपरोक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए चर्च कमिटी, महिला समिति, उद्योग (जवान) समिति की अथक प्रयास किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में चर्च के अध्यक्ष रौनक दास, महासचिव शमसुल महापात्र, उपाध्यक्ष माईकल दास, सह सचिव प्रतुष चौहान, खजांची थोमसन बेहरा, डीकन कमलेश एंड्रयू, हेरोध कुमार, आईसक शमसुल, जे प्रधान, कमिटी मेंबर अशोक मुखी, डिकसन नाथ, शंकर, जेम्स तिग्गा, सामसन मुर्मू, काजल दास, रेव शिशिर जॉन, सिस्टर शर्मिला, सिस्टर चौहान, सिस्टर बंदना, सिस्टर मॉयूलिन, भाई सोमेश, भाई अभिषेक, भाई निर्मित, भाई मोनु, सिस्टर रिया सहित काफी संख्या में सदस्य गणों का योगदान रहा।

## ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने एमजीएम अस्पताल में भोजन वितरण किया

**जमशेदपुर।** शनिवार को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा एमजीएम अस्पताल में रह रहे मरीज के अभिभावक,अटेंडर एवं 500 जरूरतमंद लोगों के बीच मुख्य हुसैनी मस्जिद के मोहिजिन मोहम्मद हसीमुद्दीन एवं अल्फा इंटरनेशनल स्कूल कोडरमा के डायरेक्टर मोहम्मद हुजैफा आलम अतिथि के तौर पर के हाथों सेब केला एवं ब्रेड का वितरण किया गया। हुसैनी मस्जिद के मोहिजिन मोहम्मद हसीमुद्दीन एवं अल्फा इंटरनेशनल स्कूल कोडरमा के डायरेक्टर मोहम्मद हुजैफा आलम ने बताया के पिछले वर्षों से लगातार भोजन वितरण किया जा रहा है जो काफी सराहनीय है और एक मिसाल और पुण्य का काम है मैं भी संस्था के साथ मिल कर सेवा करूंगा। आज के वितरण समारोह में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान,मोइनुद्दीन अंसारी, शाहिद परवेज,मो ताहिर हुसैन, शेरू, मो एजाज और आजादनगर थाना पीस कमिटी के सदस्य अफताब आलम मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## चांडिल में 27वें श्री श्याम जन्मोत्सव की तैयारियां पूरी



**चांडिल।** श्री श्याम कला भवन चांडिल के द्वारा आगामी 22 नवंबर से श्री श्याम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया है। श्री श्याम मंदिर में अयोजित संवाददाता सम्मेलन में कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी ने बताया कि इस वर्ष श्री श्याम महोत्सव में बाबा श्याम का दरबार इस्कॉन मंदिर के तर्ज.पर भव्य और विशाल प्रारूप बनाया जाएगा। प्रवेश द्वार में दिल्ली का इंडिया गेट का प्रारुप बनेगा जो कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा।

# राष्ट्रपति 21 को बादाम पहाड़ स्टेशन के कायाकल्प की रखेंगी आधारशिला

## राज्यपाल रघुवर दास भी रहेंगे उपस्थित

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओडिसा की दो दिवसीय यात्रा पर 21 नवंबर को पहुंच रही हैं। राष्ट्रपति भवन ने स्थानीय मीडिया को बयान जारी कर बताया है कि यात्रा के पहले दिन, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बारीपदा में अखिल भारतीय संताली लेखक सम्मेलन में भाग लेंगी।

21 नवंबर को देश के प्रथम नागरिक बादामपहाड़ स्टेशन से तीन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएगीं। सफरघर के खिलिलपुर में कौशल विकास केंद्र शुरू करने का कार्यक्रम है। बाद में एसएलएस स्कूल का दौरा किया जाएगा और फिर इसके उन्नयन के बाद रायरंगपुर सब डिविजनल पोस्ट ऑफिस का शुभारंभ किया जाएगा। राष्ट्रपति महोदया 21 नवंबर को मुर्मू बादामपहाड़ रेलवे स्टेशन पर 3 नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे और रायरंगपुर तक ट्रेन से यात्रा भी करेंगी।

बता दें कि विशेष रूप से, मयूरभंज जिले को चार जोड़ी ट्रेनों में से तीन मिलीं-कोलकाता (शालीमार) - बादामपहाड़ - कोलकाता (शालीमार) साप्ताहिक एक्सप्रेस, बादामपहाड़ - राउरकेला - बादामपहाड़ साप्ताहिक एक्सप्रेस, राउरकेला - टाटानगर - राउरकेला (सप्ताह में 6 दिन) और टाटानगर - बादामपहाड़ - टाटानगर (सप्ताह में 6 दिन) - जिन्हें हाल ही में दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार में भारतीय रेलवे द्वारा अनुमोदित किया गया था। राष्ट्रपति उसी दिन शाम करीब 4.10 बजे बुर्ला पहुंचेंगी और वीएसएसयूटी, बुर्ला के वार्षिक दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी।

22 नवंबर को राष्ट्रपति सुबह 11.05 बजे ब्रह्माकुमारीज के राइज समारोह में शामिल होंगीं। इसके बाद वह झारसुगुड़ा के वीर सुरेंद्र साई हवाईअड्डे से दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगी।

## विजया गार्डेन सोसाइटी में मनाया जा रहा छठ

**जमशेदपुर।** विजया गार्डेन सोसाईटी के प्रियंका वर्मा, नवीन वर्मा अपने पूरे परिवार एवं सोसाईटी के लगभग सैकड़ों लोगों के साथ छठ महापर्व मना रहे हैं। छठ महापर्व मनाने इनके कुछ रिश्तेदार बिहार से जमशेदपुर आयें हैं। प्रियंका वर्मा ने बताया कि छठ पूजा भगवान सूर्य और छठी मैया को समर्पित है। छठ पूजा को लोक आस्था का महापर्व कहा जाता है। इसकी शुरूआत कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि से होती है। छठ पूजा में महिलाएं बच्चों की सलामती और परिवार की खुशहाली के लिए व्रत करती हैं। इस महापर्व में खरना भी खास महत्व रखता हैं, इसके दौरान नवीन वर्मा ने सोसाईटी के लगभग 50 परिवारों को आमंत्रित कर, खरना का प्रसाद खिलाया और डूबते व उगते सूर्य के खास महत्व की जानकारी देते हुए इस महापर्व में उपस्थित रहने का आग्रह किया। विजया गार्डेन के कम्यूनिटी हॉल-5 के समीप बने कृत्रिम छठ घाट में भगवान सूर्य को अर्ग देने की तैयारियां की गई है।

## गोपाल मैदान में चल रहे संवाद आदिवासी सम्मेलन के दौरान कलाकारों ने अपने नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया






## जेसीएपीसीपीएल ने ब्लड बैंक को ब्लड डोनर काउच और डीप रेफ्रिजरेटर डोनेट किया



जमशेदपुर। जेसीएपीसीपीएल ने अपने सीएसआर के तहत जमशेदपुर ब्लड बैंक (जेबीबी) को ब्लड डोनर काउच, माइनस 80 डिग्री डीप रेफ्रिजरेटर और ब्लड बैंक रेफ्रिजरेटर दान किया। सुविधा का उद्घाटन जमशेदपुर ब्लड बैंक की अध्यक्ष रुचि नरेंद्रन और जेसीएपीसीपीएल के प्रबंध निदेशक उज्ज्वल चक्रवर्ती द्वारा किया गया। नलिनी राममूर्ति, जेबीबी और रविंदर दुग्गल, संयुक्त सचिव, जेबीबी ने भी अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। ब्लड डोनर काउच, माइनस 80-डिग्री डीप फ्रिज और ब्लड बैंक रेफ्रिजरेटर जेबीबी की दक्षता और कार्यक्षमता को बढ़ाने में मदद करेगा। ये सुविधाएं जेसीएपीसीपीएल की सामुदायिक कल्याण और स्वास्थ्य देखभाल उन्नति के प्रति चल रही प्रतिबद्धता का हिस्सा हैं।

## बन्ना ने पत्नी संग उलियान मेन रोड में व्रतियों के बीच बांटी पूजन सामग्री

खबर मन्त्र ब्यूरो



छठ पूजन वितरण समारोह में पूजन सामग्री वितरित करते मंत्री बन्ना गुप्ता व सुधा गुप्ता।

**जमशेदपुर।** लोक आस्था का महापर्व छठ पर शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पत्नी सुधा गुप्ता के साथ कदमा उलीयान मैन रोड चौक में निःशुल्क 551 सूप (पूजन सामग्री),कदमा शीतला मंदिर चौक पर निःशुल्क 151 सूप (पूजन सामग्री), नवयुवक संघ, शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर एक में 201 केला कांदी और 201 साड़ी का वितरण कर छठ व्रतियों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा है के किस्मत वालों को यह सौभाग्य मिलता हैं कि छठवर्तियों की सेवा कर सकें। भगवान भास्कर और छठी माँ सब की मनोकामना पूर्ण करें आपके जीवन में सुख- समृद्धि और खुशहाली लेकर आए, यही कामना करता हूं। इस दौरान बबुआ झा, मनोज झा, संजय तिवारी, प्रभात कैलाश रजक, नरेंद्र अग्रवाल, अमित प्रसाद, राकेश जयसवाल, रवि दुबे, सोंटी रजक, निमाई अग्रवाल, राजकुमार दास, मनोज भगत, दिनेश पोद्दार, निरंजन प्रसाद, पंकज अग्रवाल, डंपी अग्रवाल, शिवा, शंकर बरुआ, जितेंद्र सिंह, जयप्रकाश साहू, अविनाश, सतीश राव, सुमित कुमार ,संतोष कुमार, राजू दास, बिशू, धन्नू महतो, सूरज मलिक,हेमंत मलिक, राजेश अग्रवाल,अरुण वर्मा,राजेश गोराई, देवाशीष डे उर्फ छोटू, विक्की रजक, लालतू नायक, संजू सरकार, श्यामल, पिंटू, दिनेश सिंह, विशाल, जीसी मोहंती, राज कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, कमलदीप दीप राजू, बख्शीस सिंह, उत्तपा, प्रवीण दुबे, अशोक ठाकुर, जीतू सिंह, अभिषेक, सुजीत सहित कार्यकर्ताओ उपस्थित थे।

# छठ व्रतधारियों से आशीर्वाद प्राप्त हो, इसलिए करता हूं सेवा : विकास सिंह

बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ ने हजारों छठ व्रतधारियों के बीच किया निःशुल्क फल और प्रसाद का वितरण

खबर मन्त्र ब्यूरो





हीरा होटल डिमना के सामने पूजन सामग्री बांटते विद्युतवरण महतो, विकास सिंह, विनोद सिंह, सहिस व अन्य।

**जमशेदपुर।** बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ के द्वारा मानगो डिमना रोड़ के हीरा होटल के समीप दुर्गा पुजा मैदान में छठ के पावन पर्व के अवसर पर हजारों छठ वर्तधारियों के बीच निशुल्क फल और प्रसाद का वितरण किया गया। बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ के संस्थापक विकास सिंह ने बताया कि विगत छः वर्षो से संघ के द्वारा छठव्रतियों के बीच निशुल्क प्रसाद और फल का वितरण किया जा रहा है। दो वर्ष कोविड 19 के कारण में प्रसाद आपके द्वारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। विकास सिंह ने कहा छठ व्रतधारीयों के बीच सेवा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है वे लोग बडेह सौभाग्यशाली होते हैं जिन्हें सेवा करने का शुभ अवसर छठ मां प्रदान करती है ।बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ के द्वारा कपड़े के थैले में छठ व्रतधारीयों के बीच सूप,नारियल,गागल, सेव, संतरा केला, गन्ना, कच्चा गाजर, कच्चा हल्दी एवं आंवले का वितरण पूरी तरह निशुल्क किया गया। संघ के सदस्यों के द्वारा पूरे क्षेत्र में पूर्व में कूपन का वितरण किया गया था कूपन के साथ-साथ बिना कूपन के आए छठवर्त धारियों के बीच भी प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में भक्ति में संगीत का कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था जिसमें महिलाएं झूमते गाते नजर आई ।छठ कर रही महिलाओं के द्वारा सामूहिक छठ का गीत गाकर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, दिनेशानंद गोस्वामी, शंभू नाथ सिंह, चंद्रगुप्त सिंह, गुंजन यादव, अमित अग्रवाल, केके बिल्डर विकास सिंह, अभय सिंह, विनोद सिंह, राजेश शुक्ला, कुसुम पूर्ति, प्रशांत पोद्दार, राजेश सिंह, संजय तिवारी, अमरिंदर पासवान, प्यारेलाल शाह, शंकर रेड्डी, पप्पु सिंह, शंकर पोद्दार,सुखदेव गिरी, प्रो यू.पी.सिंह, जटाशंकर पांडे, डॉ अनिल सिंह, डॉ जयशंकर सिंह, राम अवधेश चौबे, विपिन झा, जयराम मिश्रा, सोनू ठाकुर, योगेश्वर ठाकुर, अरविंद महतो, नीरू सिंह, सुशीला शर्मा, चितरंजन वर्मा, विजय तिवारी, शंभू त्रिवेदी,रेनू शर्मा, नवनीत तिवारी, मनोज सिंह, संतोष चौहान, संजय सिंह, छोटे लाल सिंह, मनोज ओझा, राम सिंह कुशवाहा, दुर्गा दत्त, किशोर बर्मन, संदीप शर्मा,राकेश लोधी, शिव साव, राजेश साव, चुन्नु पांडे, संजीव पांडा, अतानु हजारे, संजु देवी, विनय कुमार, अशोक गौड़, बबलु सिंह, बबलु महाराज, सहित हजारों लोग उपस्थित हुए।

## खबर एक नजर में

### नील सरोवर, कदमा पर रैयतों ने किया प्रदर्शन



नील सरोवर पर रैयत को अधिकार दिलाने के लिए प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### डॉ परितोष ने किया गोविंदपुर के सभी घाटों का निरीक्षण, तैयारी पूरी



**जमशेदपुर।** छोटा गोविंदपुर के जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष ने गोविंदपुर के विभिन्न छठ घाट का निरीक्षण किया छठ पर्व की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर जानकारी देते हुए डॉ परितोष ने कहा की गोविंदपुर में 6 जगह कृत्रिम छठ घाट का निर्माण करवाया गया है एवम नुविको, टाटा मोटर्स, टाटा पावर के सहयोग से घाटों पर शुद्ध पानी की व्यवस्था करवाई गई है। खखदीपाड़ा तलाब में साफ सफाई करवा कर लाइटिंग की व्यवस्था करवाई गई है। जे सी बी, ट्रैक्टर एवं 10 मजदूरों के साथ हाट बाजार, पटेल स्कूल, तीनतल्ला चौक, विवेक स्कूल, थाना के समीप, मार्केट रोड से कचरों का उठाव करवाया जा रहा है, सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। श्रद्धालु निफिक्र होकर व्रत करे। किसी भी प्रकार की दिक्कत होने से संपर्क करे।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने किया विभिन्न छठ घाटों का दौरा



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में आयोजित किया गया। दौरा कार्यक्रम शनिवार को सुबह 9 बजे बारीडीह बस्ती निराला पथ छठ घाट, जिला स्कूल घाट, भोजपुर कॉलोनी घाट, बिहारी घाट, बागुनहातु घाट, नामतापाडा घाट, भुईयाडीह घाट, बाबुडीह घाट, मोहरदा घाट, हुरलुंग घाट, मनीफिट धोबीलाईन छठ घाट, जेम्को चौक छठ घाट एवं मकदम छठ घाट पर पहुंच कर नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। आनंद बिहारी दुबे ने छठ घाट के व्यवस्था के अन्तर्गत घाट के पथ, सफाई, बिजली की व्यवस्था, नदी में गोताखोर, डेंजर जोन को चिन्हित करने, चेंजिंग रूम का व्यवस्था करने के कमी को तत्काल जेएनएसी के पदाधिकारी, कंपनी के अधिकारी को फोन द्वारा सम्पर्क कर सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। कुछ छठ घाट का व्यवस्था छठ आयोजन कमिटी के द्वारा की जा रही थी। जहां पहुंच कर कमिटी के पदाधिकारियों का सराहना किया।

### मानगो के गुरुद्वारा रोड मुस्लिम बस्ती में महाजागरण 23 को

जमशेदपुर। शनिवार को मानगो गुरुद्वारा रोड़, मुस्लिम बस्ती मे मां दुर्गा जागरण समिति 23 नवंबर को महाजागरण का आयोजन करेगी। समिति के सदस्यो ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि यह समिति 28 वर्ष पुरानी है जो वर्तमान के सदस्यो के पिता-चाचा द्वारा निर्मात किया गया था जिसका एक मात्र उद्देश्य मां दुर्गा का जागरण करना था जिसमे अब वो पदाधिकारी बने है लगभाग 12 साल बाद फिर से समिति सगंठित हुए है। जागरण समिति के सदस्य विवेक शर्मा ने बताया कि इस महाजागरण के द्वारा हम बस्ति के युवा बस्ति मे एकता और प्रेम, सद्भावना लाना चाहते है। इस महाजागरण मे मां दुर्गा के भजन गाने शहर के सुप्रसिद्ध भजन गायक आशुतोष तिवारी अपनी जागरण मंडली के साथ सम्मिलित होंगे जिसकी तैयारी को लेकर समिति मानगो नगर निगम एंव सुरक्षा के सम्बध मे मानगो थाना को पत्रचार कर चुकी है। संवाददाता सम्मेलन में मां दुर्गा जागरण समिति से प्रेम दीक्षित, सागर कालरा, चन्दन शर्मा, विवेक शर्मा, अरविंद श्रीवास्तव, विवेक गुप्ता, रोहित दीक्षित, राणा चक्रवर्ती, लवकिशोर सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### आरवीएस अकादमी में रानी लक्ष्मी बाई जयंती पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित



**जमशेदपुर।** डिमना रोड स्थित आरवीएसअकादमी में रानी लक्ष्मीबाई जयंती पर शनिवार को विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन बिन्दा सिंह जी ने वीर सेनानी महिला शक्ति की अनुपम मिसाल झांसी की रानी लक्ष्मी बाई की जयंती पर अपनी सद्भावनाएं व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा ग्रहण करने की सीख दी। प्राचार्या वीशा मोहिन्द्रा एवं उप प्राचार्या अनीता तिवारी, शिक्षकगण एंव विद्यार्थी गण भी उपस्थित थे। छात्रों द्वारा रानी लक्ष्मी बाई की निर्भीकता एवं वीरता को दशार्ने हेतु सुविचार, कविता एवं उनके व्यक्तित्व को निखारते हुए अंग्रेजी भाषा में संक्षिप्त वक्तव्य एवं एक नाटक भी प्रस्तुत किया गया जिसमें उनके जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को दशार्या गया। विद्यालय की प्राचार्या वीशा मोहिंद्रा द्वारा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा गया, झांसी की रानी लक्ष्मी बाई स्वतंत्रता संग्राम की ऐसी नायिका रही हैं, जिनके पराक्रम और साहस का ज़िक्र आज भी समय-समय पर किया जाता है। यह नारी शक्ति की एक बेहत रीन मिसाल है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### पांकी विधायक ने किया पूजन सामग्री का वितरण



नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड नीलांबर पीताम्बरपुर के ग्राम गुरियादामर में पांकी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने छठ व्रतियों को प्रसाद वितरण किया। मौके पर रामराज सिंह चेरो, कमेश यादव समेत भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय सेवा मंच करेगा भगवान भास्कर की भव्य आरती : प्रियरंजन



मेदिनीनगर। राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा इस वर्ष आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर सिंगरा स्थित अमानत नदी के छठ घाट पर भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित कर भव्य तथा दिव्य आरती तथा प्रसाद वितरण करने का करने जा रही है। दूसरे दिन भगवान भास्कर की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराकर विसर्जन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कई दिनों से मंच के केंद्रीय अध्यक्ष प्रियरंजन पाठक, महासचिव सचिदानन्द विद्यार्थी, पलामू जिलाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हर्षित सौर्य, सचिव सुरज तिवारी, कोषाध्यक्ष अभिषेक ओझा, मीडिया प्रभारी राजा कुमार वैद्य, सूर्यांश सहित कई कार्यकर्ता दिन रात मेहनत कर रहे हैं।

### सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा पलामू करेगा प्रसाद वितरण : अध्यक्ष

मेदिनीनगर। सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा पलामू द्वारा विगत 10 वर्षों से आस्था का महापर्व छठ के पावन अवसर पर व्रतियों के बीच फल तथा प्रसाद वितरण करते आ रहा है। इस वर्ष भी महासभा द्वारा जेलहाता चौक के निकट आधुनिक टेन्ट हाउस के बगल में 19 नवंबर रविवार को स्टॉल लगाकर लगभग एक हजार व्रतियों के बीच फल तथा प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में महासभा पलामू के अध्यक्ष प्रोफेसर कृष्ण कुमार मिश्र सहित सभी पदाधिकारी तथा सदस्यगण उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी महासभा के मीडिया प्रभारी प्रियरंजन पाठक ने दिया।

### पूजन सामग्री का वितरण आज

पाटन पलामू। आस्था के महापर्व छठ के शुभ अवसर पर गुप्ता परिवार की ओर से छठव्रतियों के बीच ईख, पान का पता, कसैली, फल, फलहरी, दूध इत्यादि का वितरण रविवार को बैरिया चौक स्थित बाईपास रोड में किया जाएगा। मौके पर सदस्य अभिमन्यु गुप्ता, रंजीत गुप्ता, दिनु गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, भरत गुप्ता, दीपक, संजय,सूर्या, अजय, पीयूष मौजूद रहेंगे।

### छठव्रतियों के बीच दूध का वितरण



नौडीहा बाजार पलामू। युवा जागृति क्लब के सदस्य राजू श्रीवास्तव एवं दिपू कुमार गुप्ता ने शनिवार को नौडीहा बजार में छठ व्रतियों के बीच दुध और आम की लकड़ी का वितरण किया। मौके पर दीपू कुमार गुप्ता, सडलं गुप्ता, संटू गुप्ता, अमरेश श्री वास्तव विजयानंद पाठक सहित कई लोग मौजूद थे।

### पूर्व विधायक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया



हरिहरगंज पलामू। आजसू केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने शुक्रवार की रात सरसौत एवं ढाब ग्राम में सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच का उदघाटन किया। लक्ष्मी पूजा तथा छठ पर्व के शुभ अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच का उदघाटन करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि लक्ष्मी पूजा हिंदू धर्म का महान त्योहार है। वहीं छठ पर्व आस्था व सूर्य उपासना का पर्व है। जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोक कला का प्रदर्शन होता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिमरबार पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान, जितेंद्र प्रजापति, वचन शर्मा, राहुल शर्मा, कामू मेहता, धनंजय मेहता, दीपू मेहता, अर्जुन राम, शिक्षक प्रदीप राम, अनीस राम, रामजीत राम, पंचायत समिति सदस्य बासुदेव राम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### जिप सदस्य संग्राम सिंह ने लिया छठ घाट का जायजा



पाटन पलामू। आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर जिला परिषद सदस्य जयशंकर कुमार सिंह उर्फ संग्राम सिंह ने पाटन क्षेत्र के छठ घाट का जायजा लिया। साथ ही स्वयं घाटों की सफाई कराते देखे गये। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर सफाई भी किये। सिंह ने कहा कि छठ महापर्व हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण हैं और सभी लोगो एक साथ मिलकर पर्व मनाते हैं। साथ ही साथ उन्होंने सभी पाटन वासियो को छठ महापर्व की बधाईया दी। छठ माता से दुआ करते हैं कि सभी पाटन वासी को मां सलामत रखे।

### वर्षो से छठ पूजा निमित्त गेंहू की नि:शुल्क पिसाई करते हैं रामजी प्रसाद



हरिहरगंज पलामू। क्षेत्र में लोक आस्था का महापर्व छठ के व्रतधारियों की सेवा में लोग अपने अपने तरीके से जुटे हैं। इस दौरान शहर के झंडा चौक निवासी रामजी प्रसाद ने शनिवार को व्रत का प्रसाद निर्माण हेतु नि:शुल्क गेंहू की पिसाई किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष मिल को धोकर पूरी स्वच्छता के साथ व्रतधारियों के लिए गेहूं की पिसाई किया जाता है। उनकी इस सेवा भावना की व्रतधारियों ने सराहना की है।

### महान क्लब ने छठव्रतियों के बीच किया दूध का वितरण



चैनपुर पलामू। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर बाजार मोहल्ला में महान क्लब द्वारा छठ व्रतियों के लिए दूध का वितरण किया गया। महान क्लब द्वारा शनिवार को वितरण करते मुख्य अतिथि पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा अध्यक्ष ज्योति पांडे, अमित सोनी ने छठ व्रतियों के लिए दूध का वितरण किया गया। मौके पर मनोज सिंह ने कहा की छठ महापर्व हिंदुओ का आस्था का पर्व है। इस पर्व में सभी को छठ व्रतियों का सराहनीय योगदान करना चाहिए। वहीं मौके पर ज्योति पांडे ने कहा कि ऐसा महान पर्व छठ में सहयोग करने से वैसे लोगो को भगवान का आशीर्वाद जरूर मिलता हैं। छठ महापर्व भगवान भास्कर का हिंदुओ के लिए महान पर्व माना जाता है। मौके पर चैनपुर वार्ड पार्षद विनोद कमलापुरी, अध्यक्ष हेमचंद प्रसाद, भाजयुमो के मनोज दास, राजेंद्र मालाकार, राजेंद्र आर्य, प्रीतम कुमार, दीपक गुप्ता, मिथिलेश प्रसाद, दिनेश कश्यप, दिलीप, राजू सोनी, रूपेश सोनी, अंकित, अमन, अनमोल मालाकार, विनोद कमलापुरी सहित महान क्लब के सभी सदस्य मौजूद थें।

### 21 को कलश यात्रा के दौरान आवागमन की होगी वैकल्पिक व्यवस्था

मेदिनीनगर। बैरिया के हाउसिंग कालोनी में 21 नवंबर को श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ के अवसर पर आयोजित कलश यात्रा के दारान वाहनों के आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई है। इसके तहत रांची से गढ़वा/चैनपुर, डालटनगंज शहर की ओर आने जाने वाले वाहन दो नंबर टाउन से होकर सदिक मंजिल चौक होकर जायेगी। रांची से पंडवा, रेहला, छतरपुर, हरिहरगंज व बिहार राज्य आने जाने वाली छोटे वाहन चियांकी बाईपास रोड से रजवाडीह चौक, पोखराहा, बहलोलवा, खनवा से बैरिया चौक होते हुए पंडवा की ओर जा सकेंगे। पांकी की तरफ से शहर की ओर जाने जाने वाले वाहन रजवाडीह, पोखराहा चौक, बहलोलवा, खनवा होते हुए बैरिया चौक से डालटनगंज शहर की ओर आ जा सकेंगे।

## छठ महापर्व में पूजन सामग्री का वितरण करना पुनीत कार्य : कौशल

### डीएफओ ने जायसवाल टिंबर से छठव्रतियों के बीच आम की लकड़ी वितरित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। जिले के डीएफओ सौमित्र शुक्ला ने शनिवार को जायसवाल टिंबर के नए प्रतिष्ठान परिसर में पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, मुखिया पूनम जायसवाल, प्रो अरुण कुमार जायसवाल व जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के साथ संयुक्तरूप से छठ व्रतियों के बीच आम की सुखी लकड़ियां वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर डीएफओ शुक्ला ने छठ व्रतियों के बीच सुखी हुई आम की लकड़ी प्रदान करते हुए कहा कि पवित्रता व शुद्धता का इस महान पर्व के बेला पर व्रतियों को मदद करना न सिर्फ उत्कृष्ट समाज सेवाभाव को प्रदर्शित करता है, बल्कि मानव जीवन में इससे बड़ा पुण्य का काम और कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने पिछले 30 वर्षों से जयसवाल टिंबर की ओर से किये जा रहे इस पुनीत कार्य की काफी सराहना की। कौशल किशोर ने आम की लकड़ियों को दान करते हुए कहा कि अगर अभी से ही लोग आम के पौधे पर्याप्त मात्रा में नहीं लगाएंगे तो एक दिन ऐसा वक्त आयेगा कि लोगों को इस धार्मिक अनुष्ठान के लिए घी से भी ज्यादा कीमत आम की लकड़ी को देना होगा। क्योंकि आम का हरा पेड़ से धरती और आम का सूखा पेड़ जलाने से ब्राह्मणड तक प्रदूषण मुक्त होता है, जायसवाल टिंबर ने शहरवासियों को पिछले 30 वर्षों से दीपावली की सुबह से छठ पूजा के खीर भोजन तक दो से तीन ट्रक प्रति वर्ष आम की सूखी लकड़ियां दान करते आ रहे हैं। इसके साथ ही वे अपनी जन्म भूमि छतरपुर के ग्राम डाली बाजार में पूजा सामग्री के साथ व्रतियों को साड़ी-धोती पूर्वजों से दान करते आ रहे हैं। जायसवाल टिम्बर के प्रोपराइटर अरुण कुमार, जिला पार्षद अमित कुमार और मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि गरीब से गरीब लोग छठ पूजा करें उन्हें इस अवसर पर आम की लकड़ी महंगे दामों पर ना खरीदना पड़े। इसी उद्देश्य से पूजा को लेकर उड़ीसा, छत्तीसगढ़ से सुखी हुई आम की लकड़ी खरीद कर पर्व के लिए इकट्ठा किया जाता है। इस कार्य की पूरी जिम्मेवारी अरुण कुमार जायसवाल एवं अमित कुमार को दिया गया है। मौके पर बसंत सिंह, अनुज कुमार, गोपाल प्रसाद, मुनेश्वर मांझी, शमीम अंसारी, अमरेंद्र कुमार की भूमिका भी रही। मौके पर मिट्ठू सिंह, शालीवाहन, आयुष, विकास, गौतम, पीयूष, अभिषेक समेत कई लोग व छठ व्रती उपस्थित थे।

## नेम-निष्ठा के साथ खरना संपन्न अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य आज

एसपी रीष्मा रमेसन ने लातेहार में की भगवान सूर्य की आराधना

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। छठ पर्व के दूसरे दिन शनिवार को छठव्रतियों ने दिन भर उपवास रखकर शाम में कोयल, अमानत नदी व तालाबों समेत जलाशयों में स्नान कर भगवान भास्कर को नमन किया। वहीं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने लातेहार स्थित छट घाट पर अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्ध्य दी। व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्ध्य देकर अपने परिवार के सुख व समृद्धि की कामना की। इसके बाद संध्या में छठव्रतियों ने शुद्धता पवित्रता व नेम निष्ठा के साथ खरना कर खीर प्रसाद ग्रहण किया। छठ महापर्व को लेकर छठ गीतों से चहुंओर भक्तिमय माहौल बना हुआ है। हर चौक चौराहे व घरों में छठ के पारंपरिक गीत सुनाई दे रहा है। रविवार को छठव्रती उपवास रहकर शाम में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्यदान करेंगे। चौथे दिन सोमवार को छठव्रतियों द्वारा उदियमान सूर्य को अंतिम अर्ध्यदान किया जायेगा।

### सतबरवा : मुखिया रीना साहु ने भगवान सूर्य को दिया अर्घ्य



सतबरवा पलामू। लोक आस्था का महापर्व छठ के खरना के दिन सतबरवा के रामघाट मलय नदी स्थित सतबरवा पंचायत की मुखिया रीना साहू ने डूबते सूरज को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर से सतबरवा पंचायत समेत पूरे राज्य में सुख समृद्धि व शांति की कामना की। उन्होंने भगवान भास्कर से सबों के जीवन में खुशहाली प्रदान की कामना की है।

### विधायक ने 200 छठ व्रतधारियों के बीच सूप, दउरा और पूजन सामग्री का किया वितरण

## प्रत्यक्ष भगवान भास्कर की पूजा का महापर्व है छठ व्रत : रामचंद्र चंद्रवंशी

खबर मन्त्र संवाददाता



विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर के आरसीआईटी कॉलेज परिसर स्थित सर्वमानोकामना मंदिर में पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने 200 छठ व्रतधारियों के बीच सूप दउरा, धोती, नारियल और पूजन सामग्री का वितरण किया। इसके अलावा उन्होंने सभी व्रतधारियों को पांच पांच सौ रुपए नकद भी दिया। इस अवसर पर विधायक की धर्मपत्नी भी मौजूद थीं। मौके पर विधायक चंद्रवंशी ने कहा कि छठ महापर्व पर प्रत्यक्ष भगवान भास्कर की पूजा होती है। यह एक मात्र पर्व है जिसपर हम उगते और डूबते हुए भगवान सूर्य की पूजा करते हैं। छठ महापर्व स्वक्षता और आस्था का प्रतीक है। यहां बताते चलें कि छठ महापर्व के लिए चंद्रवंशी ने एक तालाब का भी निर्माण कराया है। इसी नव निर्मित तालाब किनारे व्रतधारी छठ महापर्व भी करेंगे। तालाब के पास विधायक द्वारा व्रतधारियों के लिए सारी व्यवस्था भी कराई गई है। विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने कहा कि आर्थिक तंगी आड़े नहीं आए इसलिए व्रतधारियों को विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी छठ महापर्व के लिए प्रत्येक वर्ष हर संभव सहयोग करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि छठ महापर्व के दिन विशेष गंगा आरती के लिए वाराणसी से ब्राह्मणों को बुलाया गया है। मौके पर वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी, अमरचंद विजय साहू, उदेश्वर यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### धार्मिक, सामाजिक, व्यावसायिक, राजनीतिक समेत हर क्षेत्र के लोग महायज्ञ में हुए शामिल

## देवकीनंदन ठाकुर जी का होगा भव्य स्वागत : दीपक

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। कलशयात्रा के संग अंतरराष्ट्रीय कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज की शोभायात्रा की तैयारी अंतिम चरण में है। जिसकी भव्यता, दिव्यता एवं नव्यता की पूर्ति में महायज्ञ समिति की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसी निमित्त राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश सचिव सह महायज्ञ समिति के प्रवक्ता आशुतोष पाण्डेय लकी एवं पलामू के सेवादार सह महायज्ञ समिति के कार्यकारिणी सदस्य दीपक तिवारी ने प्रतिष्ठित व्यवसायी धनंजय सोनी सहित सोना महल परिवार को महायज्ञ समिति की ओर से आमंत्रित किया। मौके पर कलशयात्रा में सभी सनातनी को सम्मिलित होने का आग्रह किया। इस दौरान बताया गया कि श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज का स्वागत पलामू में ऐतिहासिक करने के लिए महायज्ञ समिति कृतसंकल्पित है। जिसमें सभी सनातनी की सहभागिता महत्वपूर्ण है। इस दौरान सोना महल प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर धनंजय सोनी ने कलशयात्रा में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का भरोसा दिया। वहीं कहा कि श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा को श्रवण करने के लिए पलामूवासी व्याकुल हैं। साथ ही सनातन धर्म ध्वजा को बुलंद करने के लिए महायज्ञ समिति को आभार व्यक्त किया। मौके पर दीपक तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की ओर से आयोजित महायज्ञ को सफल बनाने के लिए समस्त सनातन धर्मावलंबी की भूमिका अहम है। खासकर कथा में युवाओं को बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। मौके पर अभय तिवारी, राकेश तिवारी मिकू, रवि कुमार, राकेश पाण्डेय, मनीष ठाकुर, धनंजय शुक्ला समेत सोना महल परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## पाटन बीडीओ ने अतिक्रमण को लेकर किया स्थल का निरीक्षण



पाटन पलामू। बाजार के अतिक्रमण को लेकर पाटन बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा ने अमीन के साथ पाटन बाजार का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मनोरंजन प्रसाद से कागजात प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिया। ज्ञात हो कि पाटन बीससुत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय सहित पाटन के ग्रामीणों ने पाटन बाजार अतिक्रमण करने का आवेदन पाटन बीडीओ सह सीओ दीपक कुमार मिश्रा को दिया था जिसके फलस्वरूप दैनिक अखबार खबर मंत्र में खबर प्रकाशित हुआ था। इसी आलोक में पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा ने संज्ञान लेते हुए बाजार का स्थल निरीक्षण कर डेकोमेंट प्रस्तुत करने के लिए कहा है। बीडीओ ने कहा कि कागजात देखने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## छठ पर्व को लेकर देवरी खुर्द में युवाओं ने की घाट की सफाई

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद पलामू। प्रखण्ड क्षेत्र देवरी खुर्द पंचायत देवरी खुर्द छठ घाट पर लोकआस्था के महापर्व पर स्थानीय युवाओं के द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

जिसमें छठ घाट से लेकर आने जाने वाले रास्ता को पूर्णतः सफाई किया। युवाओं के प्रोत्साहन में उतरी जिला परिषद सदस्य सभी को साधुवाद दिया। इस पुण्य के कार्यों में योगदान देने की बात कही ताकी छठ व्रतियों को कोई दिक्कत ना हो।

विदित हो लोक आस्था का इस महापर्व में हर लोग योगदान देते हैं और सोन घाटी क्षेत्र समेत पूरे अनुमंडल में यह पर्व बहुत धुम धाम से मनाया जाता हैं। मौके पर दर्जनों युवा साथी और बुजुर्ग लोग उपस्थित थे।

### सतबरवा : सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत



सतबरवा पलामू। बरवाडीह मेदिनीनगर स्टेट हाइवे पर सतबरवा थाना क्षेत्र के दुबियाखाड़ के समीप हाईवा के चपेट में आने से एक बाईक सवार की मौत घटनास्थल पर हो गई, जबकि दो बाईक पर सवार बुरी तरीके से जख्मी है। यह धटना बेतला मार्ग पर स्थित डीएवी कॉलेज और सेसा के बीच शाम पांच बजे के करीब की है। सतबरवा पुलिस ने बाईक तथा हाईवा को जब्त कर लिया है। युवक की पहचान बरवाडीह के अहिरपुरवा निवासी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बाईक द्वारा ओवरटेक करने के दौरान रगड़ खाते हुए बाईक अनियंत्रित होकर 20 मीटर तक घिसटती चली गई। दुबियाखांड के समाजिक कार्यकर्ता शत्रुधन सिंह ने बताया कि बाइक सवार किसी युवक ने अपने सिर में हेलमेट नहीं लगाया था। घटना के बाद अहीर पुरवा गांव में परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। वहीं पुलिस ने मृत युवक के शव तथा दोनों घायलों को कब्जे में लेकर मेदिनीनगर हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती करा दिया है।

### पुलिस ने अभियुक्तों के घर पर चिपकाया इश्तेहार



हुसैनाबाद पलामू। अंचल पुलिस ने अहमदनगर, मिरहियाडीह गांव के फरार अभियुक्तों के घर एवं जपला जेपी चौक ओवरब्रिज के पास इश्तेहार चिपकाया हैं। हुसैनाबाद थाना के एसआई धर्मेंद्र कुमार सिंह बताया कि अभियुक्त शीला देवी पति, सुनील मेहता, संजय मेहता, रंजय मेहता दोनों पिता कन्हाई मेहता सभी ग्राम अहमदनगर थाना हुसैनाबाद जिला पलामू निवासी अभियुक्त हैं और न्यायाल्य एवं पुलिस से फरार चल रहे है। जिनके खिलाफ व्यवहार न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने विधिवत कार्रवाई की गई। सभी अभियुक्तों के घर एवं सार्वजनिक स्थल जपला में इश्तिहार चिपकाया। साथ ही न्यायालय डालटनगंज के गेट पर भी लगाया गया हैं। उन्होंने सभी अभियुक्तों को एक माह के अंदर न्यायलय या पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण का निर्देश दिया हैं।

### बाइक दुर्घटना में युवक की मौत

पाटन पलामू। पड़वा पाटन मुख्य पथ पर छक्कु भुईयां के घर के पास बाइक दुर्घटना में बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। मृत युवक की पहचान पाटन थाना क्षेत्र के पुरनी पाटन निवासी अजय प्रसाद के पुत्र रंजन प्रसाद के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पंडवा पुलिस घटनास्थल पर पहुँच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया है।

## श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह भागवत कथा कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के तत्वाधान में 21 नवंबर से शुरू होने वाले श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह परमपूज्य शांतिदूत देवकीनन्दन ठाकुर जी महाराज के भागवत कथा की तैयारी अंतिम चरण में है। महायज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पांडेय यज्ञस्थल पर कैंप कर स्वयं पूरे आयोजन को अंतिम रुप देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं महायज्ञ समिति की युवा टीम आशुतोष पांडेय उर्फ लक्की, आशीष भारद्वाज, प्रदीप दूबे, चंदन तिवारी, विकास दूबे, आनंद प्रकाश दूबे, चंदन आरके, विशाल पांडेय, दिलीप तिवारी, बिट्टू दूबे, बिक्कू शुक्ला, तुषार दुबे,गोलू दूबे, गोपाल पांडेय, आशीष दूबे, छोटू त्रिपाठी, गोरख पाठक सहित कई सदस्य लगातार मेहनत कर शहर को सजाने व संवारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, महासचिव शैलेश दूबे, उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, अनील दूबे, सुशील तिवारी सहित महायज्ञ समिति के कई पदाधिकारी इस आयोजन को भव्यता देने के लिए लगातार सक्रिय हैं । वहीं महायज्ञ समिति के संरक्षक कृष्ण कांत चौबे व उपाध्यक्ष संजय मिश्रा यज्ञस्थल को सजाने संवारने में लगे हुए हैं। जबकि कोषाध्यक्ष राकेश पांडेय यज्ञस्थल पर पहुंच रहे संत महात्माओं की सेवा में लगे हुए हैं।

## पाटन बीडीओ ने किया पर्व को लेकर छठ घाटों का निरीक्षण



पाटन पलामू। लोक आस्था के महापर्व पर पाटन बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा ने पाटन के विभिन्न छठ घाटों का दौरा कर जायजा लिया। इस दौरान पाटन बीडीओ ने बरवाडीह, कारीहार, किशुनपुर, जहांसी, बरवाडीह सहीत दर्जनों छठ घाटों पर व्रतियों के लिए आवश्यक सुविधा समेत दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने लोगों से लोक आस्था का महान पर्व छठ पूजा आपसी भाईचारा के साथ शांति पूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने छठ घाट निरीक्षण के दौरान साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए लोगों से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कहीं भी कोई अप्रीय घटना घटती है तो इसकी सूचना प्रशासन को देने का काम करेंगे। बीडीओ ने एक सप्ताह पहले से ही छठ पर्व को लेकर सभी पंचायत के मुखिया को साफ सफाई करवाने के लिए पत्र निर्गत किया है।

### 10 वर्षीय नाबालिग गुम, दादी ने कराया सन्हा दर्ज



सतबरवा पलामू। सतबरवा थाना क्षेत्र के कमारू गांव के 10 वर्षीय नाबालिक छात्र के गुम होने का मामला प्रकाश में आया है। प्राथमिक विद्यालय भुइयां टोला कमारू में वह तीसरी कक्षा का छात्र है। बीते 15 नवंबर को कमारु गांव निवासी मिटकू भुईयां के पुत्र सूरज कुमार अपने दादी सहोदरी कुंवर के साथ सतबरवा बाजार कुछ सामान खरीदने गया था। इसी बीच अधिक भीड़भाड़ होने के कारण सूरज अपने दादी से बिछड़ कर गुम हो गया इस दौरान परिजन और गांव के ग्रामीणों ने काफी खोजबीन भी किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। दादी ने सतबरवा थाना में अपने पोता के गुमशुदा होने का मामला दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। इस संबंध में दादी सहोदरी ने बताया कि जिन किन्ही को इस बच्चे के बारे में जानकारी मिले तो मोबाइल पर संपर्क करके सूचना देने का कष्ट करेंगे। सूचना देने वालों को इनाम दिया जाएगा।

## भावनात्मक आस्था का महापर्व है छठ : अविनाश देव



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। लोकआस्था का महापर्व छठ जो खास कर हिंदी पट्टी में जनभावनाओं से जुड़ा हुआ त्योहार है। दुनिया के किसी कोने में भारतीय बसे हों पर छठ वहां भी करना नहीं छोड़ते। किंतु छठ में विशेष तौर पर अपने वतन की ओर रुख जरूर करते हैं। शास्त्रों ग्रंथो में छठ की महिमा बताई गई है लेकिन यह महापर्व सूर्य उपासना की है। इसीलिए चार दिनों तक चलने वाला छठ महापर्व के व्रतियों को झारखंड माटीकला बोर्ड के प्रमंडलीय कार्यालय पुराना को- ऑपरेटिव विल्डिंग में झारखंड कुम्हार समन्वय समिति पलामू के कार्यकर्ताओं के साथ सूर्य उपासना का प्रसाद फलहार एवं मिट्टी के ढकना का वितरण किए। इस मौके पर खास तौर से शोभा प्रजापति, मनीष प्रजापति, पप्पू उर्फ राहुल, प्रदीप, भुनेश, मदन, अनूप प्रजापति और अनिल चंद्रवंशी शामिल थे। मौके पर अविनाश देव ने कहा कि आस्था का महापर्व छठ पूजा से लोगों का भावनात्मक लगाव है।

## देवकीनंदन ठाकुर का हेलीकॉप्टर अब चियांकी हवाई अड्डा पर उतरेगा



मेदिनीनगर। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर 21 नवंबर को मेदिनीनगर में होने वाले लक्ष्मी नारायण महायज्ञ श्रीमद् भागवत गीता कथा में कथा प्रवचन करने आ रहे हैं। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब वह शिवाजी मैदान के बदले किया के हवाई अड्डा पर हेलीकॉप्टर से उतरेंगे। जिला प्रशासन के अनुरोध पर आयोजकों ने चियांकी हवाई अड्डा पर ही उनको उतारने का निर्णय लिया। यह जानकारी महायज्ञ समिति के मीडिया प्रभारी अवधेश शुक्ला ने दिया। उन्होंने बताया कि दिन के 10 :00 बजे हेलीकॉप्टर से चियांकी कि हवाई अड्डा के मैदान में देवकीनंदन ठाकुर उतरेंगे। जहां हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी उनका स्वागत करते हुए गिरवर स्कूल स्थित कोयल नदी के तट पर ले जाएंगे। जहां हाउसिंग कॉलोनी यज्ञ स्थल से महिलाएं कलश लेकर गिरवर स्कूल स्थित कोयल नदी के तट पर पहले से ही पहुंची रहेगी। शुक्ल ने बताया कि महायज्ञ समिति का एक टीम चियांकी स्थित हवाई अड्डा पर देवकीनंदन ठाकुर का स्वागत के लिए तैयार रहेगा। जबकि दूसरी टीम हाउसिंग कॉलोनी स्थित महिला श्रद्धालुओं के कलश लेकर गिरवर स्कूल स्थित कोयल नदी के तट पर जाने के लिए तैयार रहेगा। देवकीनंदन ठाकुर का भव्य स्वागत किया जाएगा। इस क्रम में चियांकी हवाई अड्डा से कोयल नदी तट तक हजारों की संख्या में दो पहिया चार पहिया वाहन पर सवार धर्म प्रेमी सज्जन उनका स्वागत करेंगे। कलश शोभायात्रा पर हेलीकॉप्टर से शहर में पुष्प बारिश किया जाएगा।

## हिंदुओं का महान पर्व है छठ पूजा : अमित



खबर मन्त्र संवाददाता

तरहसी पलामू। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व प्रत्याशी अमित तिवारी ने आज अमानत नदी स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। तथा घाट सफाई कर रहे लोगों के साथ सफाई में योगदान दिया। मौजूद लोगो से आग्रह किया की हिंदुओं का महान पर्व में से एक छठ पूजा में पवित्रता का खास ख्याल रखना चाहिए एवम् लोक आस्था व सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं है। भगवान सूर्यदेव आप सभी को सुख-शान्ति व समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करें। पर्व त्योहार के अवसर पर बढ़-चढ़ कर लोगों को धार्मिक अनुष्ठान में इस प्रकार का आयोजन में भाग लेना चाहिए। मौके पर उज्जवल पाण्डेय, गोपाल साव, संजय साव, मनोज साव, गोलू कुमार, छोटू गुप्ता, मनु कुमार, राजेश कुमार, सरयू साव, राजा गुप्ता सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

स्पीड न्यूज

## राजगंज में ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत

**राजगंज।** शनिवार को राजगंज के धावाचिता डोमनपुर लिंक रोड पर एक ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें चालक की मौत दुर्घटना स्थल पर हो गई। ट्रैक्टर पर गिट्टी लोड था। बताया जा रहा है कि गिट्टी लोड ट्रैक्टर मैराकुल्ही की ओर जा रही थी तभी राजगंज स्मशान घाट के समीप ट्रैक्टर घुमाने के मकसद से बैक कर रहा था तभी सड़क किनारे की मिट्टी घिसकने के कारण ट्रैक्टर गड्ढे में जा गिरी । माना जा रहा है की इसी क्रम में ड्राइवर दलदली निवासी सोहराय ट्रैक्टर से नीचे गिर पड़ा और तभी ट्रैक्टर का बड़ा छक्का उसके ऊपर चढ़ गया जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मृतक को पोस्टमार्टम हेतु धनबाद भेज दिया और ट्रैक्टर को थाने ले आई। ड्राइवर के जेब से बरामद मोबाइल के आधार पर ट्रैक्टर मालिक दलदली निवासी अभिमन्यु को सूचना दी गई।

## छापामारी में 6 टन अवैध लोहा बरामद

**बेरमो।** शनिवार को अहले सुबह लगभग 5 बजे सीसीएल कथारा मुख्य महाप्रबंधक के आदेशानुसार सुरक्षा कर्मियों का क्षेत्रीय रात्री गस्ती दल और कथारा ओ०पी० थाना गस्ती दल के द्वारा संयुक्त रूप से सी०पी०पी० प्लांट के पीछे असनापानी बेलदार टोला के विपरित दिशा रेलवे किनारे में छापामारी किया गया। छापेमारी में चोरों द्वारा जमा किया गया ब्ग्च्च् प्लांट का लोहा स्क्रैप लगभग 6 टन को जप्त कर अस्थाई तौर पर मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय कैंपस में सुरक्षित रख दिया गया है।

## छठ महापर्व पर चास बोकारो में नहीं चलेंगे बड़े वाहन

**बोकारो ।** महापर्व छठ को लेकर प्रशासन ने विधि व्यवस्था संधारण हेतु चास बोकारो में बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने का आदेश निर्गत किया है। चास के एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने आदेश जारी कर कहा है कि 19 नवम्बर को अपराह्न 02रू00 बजे से रात 08रू00 बजे तक तथा 20 नवम्बर को पूर्वाह्न 03रू00 बजे से सुबह 09रू00 बजे तक सभी बड़े वाहनों का परिचालन पूर्णतः बंद रहेगा। शहर के मुख्य घाट सोलागीडीह तालाब गरगा पुल गरगा डैम सिटी पार्क जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 9 कूलिंग पौंड आदि स्थानों पर 19 को अस्ताचलगामी तथा 20 को सुबह उदियमान सूर्य की पूजा अर्चना की जाएगी और उन्हें अर्घ्य दिया जायेगा। इस दौरान 19 को अपराह्न 02रू00 बजे से रात 08रू00 बजे तक तथा 20 को अपराह्न 03रू00 बजे से सुबह 09रू00 बजे तक सभी बड़े वाहनों का प्रवेश तेलमच्चो सेक्टर 11 मोड़ से सेक्टर 11 की ओर वर्जित रहेगा।

## आपकी सरकार कार्यक्रम की सफलता को उपायुक्त ने दिये निर्देश

बोकारो। उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने समाहरणालय में बीडीओ संग बैठक कर आगामी 24 नवंबर से शुरू होने वाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना इसका उद्देश्य है। इसलिए इसके आयोजन एवं प्राप्त आवेदनों मामलों के निष्पादन में किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं करें।

# हत्या के आरोपी को थाने से छोड़ने पर मृतक के परिजनों का हंगामा

### ●दो आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले के तेतुलमारी थाना परिसर में आज जमकर एक परिवार ने जमकर हंगामा बवाल काटा।पुलिस वाहन के सामने हत्या आरोपियों को न्यायिक हिरासत में ले जाने के क्रम में सो गया।पुलिस वाहन उसके ऊपर से चढ़ा कर पार करने को कहते रहा। दरहसल तेतुलमारी थाना क्षेत्र में 22 अक्टूबर को शमसाद उर्फ मुन्ना खान की हत्या कर दिया गया था।मामले में पुलिस ने तीन युवक फकरुद्दीन आलम ,सदरुद्दीन अंसारी और रिजवान नाम के युवक को हिरासत में लिया था। मामले में पुलिस ने फकरुद्दीन आलम ,सदरुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।वही हिरासत में लिए रिजवान नाम के युवक को पुलिस द्वारा पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया।जिसे लेकर मृतक के परिजनों ने थाना परिसर में हंगामा जमकर बवाल काटा।हिरासत में लिए गए रिजवान को छोड़े जाने का विरोध करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजे जाने के दौरान वाहन के आगे मृतक का भाई सो गया। अपने ऊपर से वाहन को चढ़ाकर पार करने को कहने लगा। हिरासत में छोड़े गए एक अन्य युवक को गिरफ्तार करने की मांग की।



### मुखिया के कहने पर आरोपियों को छोड़ा

मृतक के परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस स्थानीय मुखिया मो आजाद के कहने पर छोड़ दिया गया है। पुलिस ने पैसा लेकर छोड़ा है।अगर पुलिस छोड़े गए एक अन्य युवक गिरफ्तार नही करती है तो वह आत्महत्या कर लेगा।

हालांकि पुलिस ने समझाने और सख्ती के बाद आक्रोशित मृतक परिजन शांत हुए। जँच में दोषी पाए जाने पर गिरफ्तार करने का आश्वशन दिया। वही मामले तेतुलमारी थाना प्रभारी रोशन कुमार का पक्ष जानने के कॉल करने पर कहा कि वह अभी वरीय पुलिस पदाधिकारी के मीटिंग में है। थाना आने पर जानकारी दे पाएंगे।

## छठ पूजा समिति धूमधाम से मनायेगी 26वीं वर्षगांठ

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** श्री श्री सार्वजनिक छठ पूजा समिति ठाकुर कुल्ही धैया,छठ तालाब में लगातार 26 वीं वर्ष लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। पूजा समिति के सचिव सत्यम सिंह ने बताया कि समिति की ओर से पूजा से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पूजा के दौरान छठ घाट पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षाकर्मी के साथ-साथ गोताखोर भी उपलब्ध रहेंगे। साथ ही पूरे तालाब की निगरानी सीसीटीवी कैमरे की मदद से की जाएगी। छठ घाट पर समिति की ओर से पूजन सामग्री जैसे गंगाजल, नारियल, अगरबत्ती,पान पत्ता, फल, दूध आदि का वितरण किया जाएगा। छठ व्रतियों के लिए घाट पर चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई है। छठ पूजा की तैयारी में अध्यक्ष फोद्दार सिंह, सचिव सत्यम सिंह, उपाध्यक्ष इंदर सिंह, मीडिया प्रभारी रंजीत जायसवाल, संतलाल महथा, निर्मल कुमार, रणधीर कुमार, प्रमोद शर्मा, त्रिलोकी विश्वकर्मा, मोहन सिंह, दुर्गा सिंह एवं सदस्य गण सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।




### शपथ - पत्र



मैं अनिता कुमारी, पति– हरेंद्र राम, निवासी ग्राम– सरहु, पोस्ट– झरगाड़ा, थाना– हुसैनाबाद, जिला– पलामू (झारखंड) शपथ पत्र संख्या 2464 दिनांक 06.11.2023 के माध्यम से सूचित करती हूं कि मेरे आधार कार्ड संख्या 707495477684 में मेरा नाम गुड़िया देवी दर्ज है, जो गलत है। मेरा सही एवं वास्तविक नाम अनिता कुमारी है जो मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में अंकित है। आज से मैं अनिता कुमारी के नाम से ही जानी एवं पहचानी जाऊंगी।


## कसमार-सुरजुडीह बाल विवाह मुक्त गांव घोषित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के सुरजुडीह व कसमार गांव को स्थानीय मुखिया परिपूषा कुमारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में बाल विवाह मुक्त गांव की घोषणा करते हुए एवं गांव में लगातार अभियान चलाने का निर्णय लेते हुए बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही बाल मजदूरी बाल व्यापार बाल यौन शौषण जैसी बुराईयों के रोकथाम का भी निर्णय लिया गया। वही गांव का किसी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं रहने के लिए बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने की बात कही गई। मुखिया परिपूषा कुमारी ने कहां कि बाल विवाह करना कानूनी अपराध है। सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन व सहयोगिनी द्वारा जिले के 150 गांवो में सामाजिक उत्प्रेरण का कार्य करते हुए इस अभियान को चलाया जा रहा है। अभी तक दस गांवों को बाल विवाह मुक्त गांव घोषित कर दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान मुखिया परिपूषा कुमारी वार्ड सदस्य सेवा देवी सरिता देवी पुरणेनदु शेखर मुखर्जी ज्योति देवी खिलेश्वरी देवी बसंती देवी चिन्ता देवी नुनीबाला देवी संध्या देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## डीआरएम की निगरानी में पम्पू तालाब की हुई सफाई

**धनबाद।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर डीआरएम कमल किशोर सिन्हा के निदेर्शानुसार धनबाद रेल मंडल ने अपने अधिकार क्षेत्र के तहत पम्पू तालाब, ईस्ट लोको टैंक व वेस्ट लोको टैंक सहित अन्य जल निकायों और उनके एप्रोच रोड की सफाई, जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का काम शुरू किया है। छठ पूजा के अवसर पर 19 नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य और 20 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पम्पू छठ घाट की तैयारी के लिए धनबाद मंडल विशेष रूप से समर्पित है। छठ पूजा के दौरान इस तालाब का उपयोग रेलवे कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा किया जाता है। डीआरएम ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के साथ पम्पू तालाब, ईस्ट लोको टैंक, वेस्ट लोको टैंक की सफाई और तैयारियों की निगरानी की।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**ROAD DIVISION, KHUNT**
**CORRIGENDUM -01 01**
TENDER REFERENCE NO.: **RCD/KHUNTI/952**

**PR. No. 311422 Road (23-24):D**

**NAME OF THE WORK:** IRQP WORK OF SH-03 TO ULIHATU ROAD(KM 0.00 TO KM 12.870) (TOTAL LENGTH 12.870 KM)

**CORRIGENDUM TITLE:** Availability of Tender online (Date and time)

**CORRIGENDUM DETAIL:**

| AS PUBLISHED | TO BE READ AS |
|---|---|
| Last date / Time for receipt of bids **24.11.2023 up to 12:00 Noon** | Last date / Time for receipt of bids **28.11.2023 up to 12:00 Noon** |

Executive Engineer
RCD, Road Division, Khunti

PR 311634 Road(23-24)D


### व्रतियों के लिए सजकर तैयार कतरास के छठ घाट

**कतरास।** महापर्व छठ को लेकर कतरास एवं आसपास के पास के तालाबों,कतरी नदी घाट की व्यापक साफ सफाई की गयी। कतरास नगर निगम द्वारा छठ घाटों के सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया. घाटों की साफ सफाई की गयी। कतरास के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा छठ घाटों को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। छठ घाटों की सफाई को लेकर 15 दिन पूर्व से ही नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी जुट गए थे। वहीं दूसरी ओर सामाजिक कार्यकताओं द्वारा अपने आसपास के छठ घाटों की सफाई के साथ आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है।

## बोकारो स्टील के सीएसआर ने किया चौपाल कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के सीएसआर विभाग द्वारा सेक्टर 2 डी स्थित हस्तशिल्प प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित चौपाल नामक संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के विकास आयुक्त ;हथकरघाद्ध कार्यालय के सहायक निदेशक भुवन भास्कर तथा महिला समिति बोकारो की अध्यक्ष अनिता तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान परिधीय गांवों की 170 महिलाओं के लिए कारीगर आईडी कार्ड बनाए गए। चौपाल कार्यक्रम में बोकारो के परिक्षेत्रीय गांवों नरकारा बालीडीह महेशपुर पचौरा और कंचनपुर के कारीगर शामिल थे। मौके पर जीएम चौधरी रत्नेश कुमार सुधांशु ने मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कारीगरों को उनके उत्पादों के लिए बाजार लिंकेज प्रदान करना हस्तशिल्प कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क स्टॉल प्रदान करना विक्रय केंद्र खोलना हमारी प्राथमिकता है। विकास आयुक्त कार्यालय के सहायक निदेशक भुवन भास्कर ने बताया कि कारीगर कार्ड के द्वारा विपणन के लिए विभिन्न योजनाएं ब्याज मुक्त ऋण बीमा इत्यादि की सुविधा सभी कारीगरों को प्रदान की जाती है।

### कुरपनिया मुख्य बाजार की दुकान में लगी आग

**बेरमो।** गांधीनगर थाना क्षेत्र के कुरपनिया मुख्य बाजार स्थित राजू इलेक्ट्रॉनिक नाम दुकान में बीते दोपहर भयंकर आग लग गई। जिसे स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद बुझाने में कामयाब हो पाया मगर तब तक दुकान में रखे फ्रिज और और इलेक्ट्रानिक सामान आग की भेंट चढ़ चुका था। घटना के संबंध में देर से प्राप्त सूचना के अनुसार बीते दोपहर उक्त दुकान के मालिक सह मिस्त्री राजू प्रत्येक दिन की तरह दुकान बंद कर खाना खाने अपने आवास कुरपनिया पानी टंकी एरिया आ गया। इसी बीच उसे सूचना मिली कि उसके बंद दुकान से धुंआ निकल रहा। वह भागता हुआ दुकान पहुचा तो वहां आसपास के काफी लोग जमा थे। आनन फानन मे दुकानदार ने दुकान का सटर खोला तो देखा की आग में दुकान की सभी सामानों को अपने जद में ले चुका है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

आवश्यक सूचना।
मृतक अज्ञात शव



गढ़वा थाना यू0डी0 कांड सं0–33/2023, दिनांक–12.11.2023 गढ़वा थाना अंतर्गत ग्राम चिरौंजिया स्थित एक कुआं में दिनांक–12.11.2023 को एक अज्ञात शव पाया गया था, उक्त अज्ञात शव की पहचान कराना अत्यंत आवश्यक है। परंतु अब तक अज्ञात शव का पहचान नहीं हो सकी है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उपरोक्त मृत अज्ञात शव के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मोबाईल नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक गढ़वा के मोबाईल नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:– रंग– गोरा।
लम्बाई–05 फीट 05 इंच।
पहनावा–सफेद रंग का गंजी एवं काला रंग का हाफ पैंट।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR.NO.311646 Police(23-24):D


## प्रथम पीएम के साथ पंचेत डैम का उद्घाटन करने वाली बुधनी माझीयाईन का निधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** पंचेत डैम का उद्घाटन देश के लिए गौरव की बात है, पर बुधनी माझीयाईन के लिए अभिशाप साबित हुआ। दरअसल यह बात 6 दिसंबर 1959 का है। पंचेत डैम के उद्घाटन करने देश का प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू पहुंचे थे। उनका भव्य स्वागत के लिए बुधनी को चुना गया, क्योंकि बुधनी बांध निर्माण में सक्रिय मजदूर का काम किया था। जब मंच पर प्रधानमंत्री पहुंचे तो बुधनी ने तिलक लगाकर उनके गले में पुष्प हार डाला। फिर उसी हार को निकाल कर प्रधानमंत्री ने बुधनी के गले में डाल दिया। इसके बाद प्रधानमंत्री की उपस्थिति में बुधनी द्वारा डैम का उद्घाटन किया गया। देश के बड़े-बड़े चैनलों और अखबारों में प्रधानमंत्री साथ बुधनी का तस्वीर भी छापा। अब तक सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। पर बुधनी जब अपने गांव पहुंची गांव वालों ने जमकर उसकी प्रताड़ना किया। उनके गांव वालों का कहना था परंपरा अनुसार दूसरे जाति के पुरुष से तुम्हारा विवाह हो चुका है। अतः बुधनी को गांव से प्रताड़ित कर निकाल दिया गया। देश के प्रधानमंत्री साथ विवाह के कलंक को वह जीवन भर मिटा नहीं पाई। बाद में उनके जीवन में सुधीर दत्त नाम का एक शख्स आया जिससे उनकी एक पुत्री है।



### बुधनी की बेटी ने पेंशन जारी रखने की लगायी गुहार

बुधनी का जन्म 1946 में हुआ था। उनकी बेटी रतन का कहना है देश के प्रधानमंत्री की पत्नी होने के बावजूद मां को किसी प्रकार की सुख सुविधा नहीं मिला। मां के पेंशन से ही परिवार चलता था अब मां भी नहीं रही। अतः सरकार से गुहार है मेरे लिए एक घर एवं मां का पेंशन सुचारू रूप से जारी रखा जाए। मौके पर निरसा विधायक अर्पणा सेनगुप्ता, मुखिया सचिन मंडल गणमान्य लोग सहित स्थानीय ग्रामीण लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/14/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरियातु अन्तर्गत पंचायत फुलसु ग्राम हसरी के टोली खौरा में खौरा नदी पर पुल निर्माण कार्य। | 62133500 | 1243000 | 10000 | 24 माह |
| 2 | लातेहार जिला के प्रखण्ड मनिका अन्तर्गत मनिका बरवईया पथ में महनाग छलका पर पुल निर्माण। | 43740800 | 875000 | 10000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 28.11.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 28.11.2023 से दिनांक 13.12.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –14.12.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565245220
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR 311599 (Rural Development) 23-24 (D)


# विधायक पूर्णिमा सिंह ने किया छठ घाट का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** लोक आस्था के पर्व छठ त्योहार की तैयारी व छठ घाट सफाई कार्य का जायजा लेने पहुंची माननीय सचेतक ( सत्तारुढ दल) सह विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह जी। साथ ही पाथरडीह रेलवे कालोनी स्थित दुर्योधन महतो तालाब में विधायक मद से 3,78,100 रू की लागत से निर्मित स्नान घाट का शुभ उद्घाटन माननीय विधायक जी ने फीता काट कर व नारियल फोड़ कर किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह का पुष्प हार पहना कर भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर झरिया अंतर्गत राजा तालाब, सिंह नगर तेजन सिंह तालाब, आनंद भवन स्थित तालाब का भ्रमण कर नगर निगम द्वारा किए जा रही सफाई कार्य का जायजा लिया। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, सिटी मैनेजर प्रेम प्रकाश तथा सुपरवाइजर सहित धनबाद नगर निगम के लोग मौजूद थे।विधायक ने सहायक नगर आयुक्त से छठ पूजा के पूर्व सभी घाटों की सफाई व्यवस्था पूर्ण करने का निर्देश दिया। सहायक नगर आयुक्त ने कहा की ब्रतियों की सुविधा को देखते हुए सफाई कार्य, छठ तालाब के आसपास ब्लिचिंग पाउडर व चुना का छीडकाव कराया जा रहा है। सफाई कार्य अंतिम चरण में है। विधायक जी ने आम जनमानस से अपने व तालाब के आसपास गंदगी नहीं फैलाने की अपील की। साथ ही लोक आस्था के पावन पर्व पर सभी लोगों को शुभकामनाएं दी।



### निरीक्षण में ये लोग थे शामिल

निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, हरे मुरारी महतो, सोनू गोराई, अजीत महतो, संतोष पाण्डेय, महेश शर्मा, पूर्व पार्षद अनूप साव, मोहित सिंह, राजेश सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष अशोक वर्णवाल, दीपक शर्मा, राहुल कुमार, कपील सिंह सहित अन्य मौजूद थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**RURAL DEVELOPMENT SPECIAL DIVISION, CHATRA**

**Expression of Interest**

**EOI No.:-RDD/SD/CHATRA/EOI-25/2023-24**

The **Executive Engineer, Rural Development Special Division, Chatra** invites proposals thereinafter referred as bid(s) from eligible bidders for entering Into a Rate Contracts for the Supply and installation of Medical Equipment/Appliances Accessories etc. of child care ward at banhe,g.p banhe of simaria block, distt.-chatra as per details hereunder.

| Sl. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Rate Contracts for the Supply and installation of Medical Equipment/Appliances Accessories etc. of child care ward at banhe, g.p banhe of simaria block, distt.-chatra. |
| 2. | Estimated Amount | Rs. 2,37,50,117.00 |
| 3. | Completion Period of work | 06 Months |
| 4. | Tender Fee will be received through online mode only. | Rs. 10,000.00 |
| 5. | Earnest Money Deposit (EMD)- The successful bidder will have to execute & submit EMD through online mode, before finalization of the tender, approx 2% of the estimated value of work before issue of the work order and the work order will be issued after submission of the EMD | Rs. 4,75,100.00 |
| 6. | Date of publication of Tender on Website | **25.11.2023 Time: 11:00AM** |
| 7. | Start Date/Time for Online Submission of bid | **02.12.2023 Time: 11:00AM** |
| 8. | Last date of submission of Bid online/Time for receipt of bids | **02.12.2023 Time: 17:00PM** |
| 9. | Technical Bid Opening Date and Time | **04.12.2023 Time: 02:00PM** |
| 10. | Place of Opening Bid | **O/o the E.E, R.D.Spl.Division, Chatra.** |
| 11. | Name & Address of inviting EOI Officer | Suresh Ram, Executive Engineer, R.D.Spl.Division, Chatra. |
| 12. | Contact No. of Inviting EOI Officer | 87091-84201 |

**Note :** 1. Tender Fee and EMD will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender fee and EMD. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from https://jharkhandtenders.gov.in portal.
2. Refund will only be issued to originated bank account used for the payment of Tender Fee and EMD. So, Bidders are advised Not to close Bank Account used for online payment/(NEFT/RTGS) of tender free and EMD.
3. No Hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/Evaluation. However, Department may ask original documents for verification before award of contract
4. The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web portal and when required.
5. The detailed tender notice terms and conditions can be obtained from the website **https://jharkhandtenders.gov.in** & copies of technical bid and financial bid can be downloaded there from.
6. Companies registered under Jharkhand MSME/MSME under Gov. of India.

**Executive Engineer,**
**R.D.Spl.Division, Chatra.**

PR 311619 (Rural Development) 23-24 (D)

## समय संवाद

फ्रांसीसी विचारक विचारक ज्यां बोद्रियो ने आधुनिक उपभोक्तावाद की मीमांसा करते हुए कहा है कि पहले वस्तु आती है तो वह सुख देने वाली लगती है। अंत में वह दु:ख देकर चली जाती है। पहले वह भली लगती है, किन्तु अंत में बुरी साबित होती है। आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को दूर करने के लिये उपभोक्ता जागृति जरूरी है। आज का उपभोक्तावादी दृष्टिकोण एक प्रकार का सम्मोहन बन गया है, हिस्टीरिया की बीमारी बन गया है। सम्मोहन करने वाला जैसा नचायेगा, उपभोक्ता वैसा ही नाचेगा, फिर उपभोक्ता संरक्षण कैसे संभव होगी? यह तभी संभव है जब हमारा उपभोग के प्रति सम्यक दृष्टिकोण होगा।

# बढ़ते उपभोक्तावाद पर संयम का अंकुश

**ललित गर्ग**



**उपभोक्ता** में उत्पादकता और गुणवत्ता संबंधित जागरूकता को बढ़ाने, जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, अधिक दाम, कम नाप-तौल इत्यादि संकटों से उपभोक्ता को मुक्ति दिलाने एवं उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के बारे में लोगों को जानकारी देकर उपभोक्ता के हितों की रक्षा आवश्यक है। उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने के लिए इसी दिन 24 दिसंबर, 1986 को भारत सरकार ने ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986 लागू किया गया था। इसके बाद इस अधिनियम में 1991 तथा 1993 में संशोधन किए गए। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम को अधिकाधिक कार्यरत और प्रयोजनपूर्ण बनाने के लिए दिसंबर 2002 में एक व्यापक संशोधन लाया गया और 15 मार्च 2003 से लागू किया गया। यह दिन भारतीय ग्राहक आन्दोलन के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। भारत में यह दिवस पहली बार वर्ष 2000 में मनाया गया और आगे भी प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है।

उपभोक्ता संरक्षण कानून से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य यह है की किसी भी शासकीय पक्ष ने इस विधेयक को तैयार नहीं किया बल्कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने प्रथमतः इस विधेयक का मसौदा तैयार किया। हम में से हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अनुसार कोई व्यक्ति जो अपने उपयोग के लिये सामान खरीदता है, वह उपभोक्ता है। उपभोक्ता क्योंकि संगठित नहीं हैं इसलिए हर जगह ठगा जाता है। इसलिए उपभोक्ता को जागना होगा और खुद को इन संकटों से बचाना होगा। बहुत कम उपभोक्ता जानते होंगे कि उनके क्या अधिकार हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस इसलिये मनाया जाता है ताकि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके और इसके साथ ही अगर वह धोकाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली आदि का शिकार होते हैं तो वह इसकी शिकायत कर सकें। इस कानून में जीवन एवं संपत्ति के लिए हानिकारक सामान और सेवाओं की बिक्री के खिलाफ सुरक्षा का अधिकार दिया गया है, खरीदी गई वस्तु की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, स्तर और मूल्य, जैसा भी मामला हो के बारे में जानकारी का अधिकार एवं इसके लिए आवाज उठाने का अधिकार है। उपभोक्ता दिवस मनाते हुए हम केवल उपभोक्ता अधिकारों की ही बात नहीं करते बल्कि उपभोक्ता की उन्नत एवं सम्यक सोच को भी विकसित करते हैं। अमेरिकी लेखक और मोटिवेशनल स्पीकर ब्रिएना विएस्ट ने कहा भी है कि जब निजी स्तर पर हमारा दर्शन सिर्फ यही रह जाए कि हम बिना कोई प्रश्न पूछे वही करने लगें, जो हमें कहा जाए, तो इसका अर्थ है कि हम उपभोक्तावाद या अपने अहं या किसी के प्रति अंध श्रद्धा का शिकार हो रहे हैं या किसी ऐसे की इच्छा का पोषण कर रहे हैं, जो हमें नियंत्रित करना चाहता है। आज की बाजार शक्तियों इसी तरह उपभोक्ताओं का शोषण करती है। इन्हीं उपभोक्तावादी एवं बाजार शक्तियों के कारण जीवन में सुख का अभिप्राय केवल भोग और उपभोग को माना जाने लगा हैं। ऐसे में झूठी शानो-शौकत के दिखावे के चक्कर में उपभोक्ता अविवेकशील होकर अनावश्यक चीजों को भी थैले में भरकर घर ला रहा है। बाजार एवं उपभोक्तावादी संस्कृति के इस काले जादू के आगे उपभोक्ता बेबस एवं लाचार खड़ा हैं। जिसके कारण वस्तुओं की गुणवत्ता के स्तर में गिरावट आ रही हैं। कोई भी चीज मिलावटरहित मिलना अब संभव नहीं है। न चाहते हुए भी उपभोक्ता लूट का शिकार बन रहा है।

## इन्द्रियो से युक्त इस शरीर को वश करते हुए, अजपा का अनुसंधान करो।



गंगा जमुना तृबेणीं संघी, अजपा जपौ गावत्री बन्धी।१।

पदया नीर उरध अस्थांनां, हिरदा पंकज मै रहै समांनां।२।

नाद बिंद गांठि प्रवांनां, कवण घटि जोति कवण अस्थांनां।३।

कहाँ निरंजन बासा करहीं, कहां काली नागनी मीड़क धरहीं।४।

महायोगी गोरख कहते है की हे अवधूतो ! इड़ा, पिंगला व सुषुम्ना का संयुक्त आधार लेकर, चंचल इन्द्रियो से युक्त इस शरीर को वश करते हुए, अजपा का अनुसंधान करो। कामवेग के कारण स्वभाव से नीचे की तरफ गमन करने वाले शुक्र को ऊर्ध्वरेता करते हुए, शरीर के तेज को ह्रदय कमल मे विराजमान करो। महायोगी गोरखनाथ जी महाराज पुनः कथन करते हुए कहते है की शरीर की ऐसी सन्तुलित अवस्था को प्राप्त करके नाद व बिन्दु को प्रामाणिकता से ग्रंथित करो ( यानी बिन्दु का आधार लेकर नाद की प्राप्ति की तरफ बढ़ो), फिर तुम जान पाओगे की कैसे वह परम ज्योति इस घट मे प्रकट होती है ?, उस ज्योति का स्थान कहाँ है ?, वह निरंजन कहाँ निवास करता है और कैसे यह काली सर्पिणी रुपी माया, मेंढ़क रुपी संसार के जीवो का भक्षण करती है ? ( यानी परमज्योत का साक्षात्कार प्राप्त योगी परम जागृति को उपलब्ध होकर, माया के सभी प्रपंचो को खण्डित करके मायाजीत व मायापति के रुप मे विराजमान हो जाता है।

परमात्म अनुभूति के आधार से योगी के अन्तर मे परम ज्ञान का जागरण हो जाता है और सभी लौकिक व पारलौकिक रहस्यो का भेद उसको स्पष्ट हो जाता है। ऐसा अलख स्वरुप योगी पुरुष माया को अधीन करके, परम निर्लेप भाव से माया का उपयोग केवल लोककल्याण कारक लीला करने हेतु करता है)।

# छठ पूजा का महात्म और इसकी पवित्रता

**चैत्र** शुक्ल पक्ष की षष्ठी चैती छठ और कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को कार्तिकी छठ कहा जाता है। यह पर्व सूर्यदेव की उपासना के लिए प्रसिद्ध है। मान्यता है कि छठ देवी सूर्य देव की बहन है। इसलिए छठ पर्व पर छठ देवी को प्रसन्न करने हेतु सूर्य देव को प्रसन्न किया जाता है। गंगा-यमुना या किसी भी नदी, सरोवर के तट पर सूर्य देव की आराधना की जाती है।

महाभारत में भी छठ पूजा का उल्लेख किया गया है। पांडवों की मां कुंती को विवाह से पूर्व सूर्य देव की उपासना कर आशीर्वाद स्वरुप पुत्र की प्राप्ति हुई जिनका नाम था कर्ण। पांडवों की पत्नी द्रौपदी ने भी उनके कष्ट दूर करने हेतु छठ पूजा की थी। यह पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से आरंभ होकर सप्तमी तक चलता है।

प्रथम दिन यानि चतुर्थी तिथि ह्यनहाय-खायह्न के रूप में मनाया जाता है। आगामी दिन पंचमी को खरना व्रत किया जाता है और इस दिन संध्याकाल में उपासक प्रसाद के रूप में गुड-खीर, रोटी और फल आदि का सेवन करते हैं और अगले 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखते हैं। मान्यता है कि खरन पूजन से ही छठ देवी प्रसन्न होती है और घर में वास करती है। छठ पूजा की अहम तिथि षष्ठी में नदी या जलाशय के तट पर भारी तादाद में श्रद्धालु एकत्रित होते हैं और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य समर्पित कर पर्व का समापन करते हैं।

### छठ व्रत की पूजा विधि

1. छठ पर्व में मंदिरों में पूजा नहीं की जाती है और ना ही घर में साफ-सफाई की जाती है।

2. पर्व से दो दिन पूर्व चतुर्थी पर स्नानादि से निवृत्त होकर भोजन किया जाता है।

3. पंचमी को उपवास करके संध्याकाल में किसी तालाब या नदी में स्नान करके सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया जाता है। तत्पश्चात अलोना (बिना नमक का) भोजन किया जाता है।

4. षष्ठी के दिन प्रातःकाल स्नानादि के बाद संकल्प लिया जाता है। संकल्प लेते समय इन मंत्रों का उच्चारण करें।

5. ॐ अद्य अमुक गोत्रो अमुक नामाहं मम सर्व पापनक्षयपूर्वक शरीरारोग्यार्थ श्री सूर्यनारायणदेवप्रसन्नार्थ श्री सूर्यषष्ठीव्रत करिष्ये।

6. पूरा दिन निराहार और नीरजा निर्जल रहकर पुनः नदी या तालाब पर जाकर स्नान किया जाता है और सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है।



7. अर्घ्य देने की भी एक विधि होती है। एक बांस के सूप में केला एवं अन्य फल, अलोना प्रसाद, ईख आदि रखकर उसे पीले वस्त्र से ढंक दें। तत्पश्चात दीप जलाकर सूप में रखें और सूप को दोनों हाथों में लेकर इस मंत्र का उच्चारण करते हुए तीन बार अस्त होते हुए सूर्य देव को अर्घ्य दें।

ॐ एहि सूर्य सहस्त्रांशों तेजोराशे जगत्पते।

अनुकम्पया मां भक्त्या गृहाणार्घ्य दिवाकरः॥

छठ पर्व महत्व

छठ पूजा मुख्य रूप से बिहार व पूर्वी उत्तर प्रदेश में मनाया जाता है। हालांकि अब यह पर्व देश के कोने-कोने में मनाया जाता है पौराणिक कथाओं के अनुसार यह भारत के सूर्यवंशी राजाओं के मुख्य पर्वों से एक था। एक समय मगध सम्राट जरासंध के एक पूर्वज को कुष्ठ रोग हो गया था। इस रोग से निजात पाने हेतु राज्य के शाकलद्वीपीय मग ब्राह्मणों ने सूर्य देव की उपासना की थी। फलस्वरूप राजा के पूर्वज को कुष्ठ रोग से छुटकारा मिला और तभी से छठ पर सूयोर्पासना की पूजा आरंभ हुई है।

छठ व्रत पूर्ण नियम तथा निष्ठा से किया जाता है। श्रद्धा भाव से किए गए इस व्रत से निःसंतान को संतान सुख की प्राप्ति होती हैं और धन-धान्य की प्राप्ति होती है। उपासक का जीवन सुख-समृद्धि से परिपूर्ण रहता है।

## सूर्य अर्घ्य से कई जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं।



**सूर्य** अर्घ्य से कई जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। सूर्योदय को जल का अर्घ्य देने के कई पर्व हैं लेकिन अस्ताचल सूर्य को पूजने का यही एक पर्व है छठ।

मान्यताओं के अनुसार सूर्य को अर्घ्य देने से इस जन्म के साथ किसी भी जन्म में किए गए पाप नष्ट हो जाते हैं। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने से छठ मैया निःसंतान को संतान देती और संतान की रक्षा करती हैं।

सूर्य षष्ठी का व्रत आरोग्य की प्राप्ति, सौभाग्य व संतान के लिए रखा जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार राजा प्रियंवद ने भी यह व्रत रखा था। उन्हें कुष्ठ रोग हो गया था। भगवान भास्कर से इस रोग की मुक्ति के लिए उन्होंने छठ व्रत किया था। स्कंद पुराण में प्रतिहार षष्ठी के तौर पर इस व्रत की चर्चा की गई है। वर्षकृत्यम में भी छठ की चर्चा है।

अथर्ववेद के अनुसार भगवान भास्कर की मानस बहन हैं षष्ठी देवी। प्रकृति के छठे अंश से षष्ठी माता उत्पन्न हुई हैं। उन्हें बालकों की रक्षा करने वाले भगवान विष्णु द्वारा रची माया भी माना जाता है। बालक के जन्म के छठे दिन भी षष्ठी मइया की पूजा की जाती है। ताकि बच्चे के ग्रह-गोचर शांत हो जाएं।

छठ महापर्व खासकर शरीर, मन और आत्मा की शुद्धि का पर्व है। वैदिक मान्यता है कि नहाय-खाय से सप्तमी के पारण तक उन भक्तों पर षष्ठी माता की कृपा बरसती है जो श्रद्धापूर्वक व्रत करते हैं। नहाय-खाय में लौकी की सब्जी और अरवा चावल के सेवन का खास महत्व है।

चरक संहिता को उद्धृत करते हुए श्रद्धालु बताते हैं कि खरना के प्रसाद में ईख के कच्चे रस, गुड़ के सेवन से त्वचा रोग, आंख की पीड़ा, शरीर के दाग-धब्बे समाप्त हो जाते हैं। तिथियों के बंटवारे के समय सूर्य को सप्तमी तिथि प्रदान की गई। इसलिए उन्हें सप्तमी का स्वामी कहा जाता है। सूर्य अपने प्रिय तिथि पर पूजा से मनोवांछित फल प्रदान करते हैं।

# बैली डांस करती ऋचा चड्डा



**रेनू तिवारी**

फिल्म शकीला का दूसरा गाना 'ताजा' रिलीज, बैली डांस करती दिखायी दी ऋचा चड्ढा

अभिनेत्री ऋचा चड्ढा की आने वाली फिल्म शकीला का दूसरा गाना जिसका नाम 'ताजा' है, मंगलवार दोपहर ऑनलाइन रिलीज किया गाय। गाने को कुमर और साहेब खान ने लिखा है।

अभिनेत्री ऋचा चड्ढा की आने वाली फिल्म शकीला का दूसरा गाना जिसका नाम 'ताजा' है, मंगलवार दोपहर ऑनलाइन रिलीज किया गाय। गाने को कुमर और साहेब खान ने लिखा है। शकीला एडल्ट फिल्म स्टार शकीला के जीवन पर आधारित है और 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में हिट होने के लिए तैयार है। ऋचा चड्ढा ने फिल्म में शकीला की भूमिका निभाई हैं।

प्रकृति कक्कड़, साहेब खान और वीर समर्थ ने मिलकर गाने को बनाया है। इस में आप ऋचा को बैली डांस करते देख सकते हैं। गाने के साथ इस वीडियो में शकीला की ऑनस्क्रीन और उतार-चढ़ाव भरी यात्रा के स्टारडम को दिखाया गया है। डियो में ऋचा को एक रेट्रो लुक में, उनके विशेष प्रदर्शन गीत के लिए डेक-अप किया गया है।

यह एक दुखद नोट पर खुलता है - हम एक महिला को अस्पताल के बिस्तर पर देखते हैं क्योंकि ऋचा उर्फ शकीला कहती है कि सिल्क (स्मिता, वयस्क स्टार) की मौत उसके लिए एक झटका थी। गीत शकीला के स्टारडम के बारे में बात करता है, जबकि वीडियो उन संघर्षों को भी सामने रखता है जिनसे उसे गुजरना पड़ता है।

# वैवाहिक विवाद में लैंगिक-धार्मिक तटस्थता की जरूरत

**अनूप भटनागर**

**कितना** अच्छा होता कि विभिन्न धर्मों के कानूनों में उचित सुधार करके समान रूप से संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों के लाभ दिलाने की दिशा में प्रयास होते। तलाक के लिये समान आधार का मुद्दा भी अप्रत्यक्ष रूप से समान नागरिक संहिता की आवश्यकता को आगे बढ़ाने वाला लगता है क्योंकि इसमें संविधान के अनुच्छेद 14, 15, और 21 के साथ ही 44 को शामिल किया गया है।

अनुच्छेद 44 समान नागरिक संहिता के बारे में ही है। अनुच्छेद 44 अनुसार, शासन भारत के समस्त राज्य क्षेत्र में नागरिकों के लिये एक समान सिविल संहिता प्राप्त करने का प्रयास करेगा। लेकिन यह अनुच्छेद आज तक संविधान की पुस्तक तक सिमटा हुआ है जबकि इस दिशा में कदम उठाने के बारे में कई बार उच्चतम न्यायालय अपनी राय व्यक्त कर चुका है।

न्यायालय में पहुंचे इस प्रकरण के अनुसार हिन्दू, बौद्ध, सिख और जैन समुदाय के सदस्यों को हिन्दू विवाह कानून, 1955 के तहत विवाह विच्छेद की प्रक्रिया अपनानी होती है जबकि मुस्लिम, ईसाई और पारसी समुदाय में विवाह विच्छेद के लिये उनके अपने पर्सनल कानून हैं। इसके अलावा, अंतर-आस्था वाले वैवाहिक जोड़ों को विशेष विवाह कानून, 1956 के तहत विवाह विच्छेद की प्रक्रिया का पालन करना होता है। तलाक के समान आधार के पक्ष में दलील दी जा रही है कि हिन्दू, ईसाई और पारसी समुदाय में व्यभिचार विवाह विच्छेद का आधार है जबकि मुस्लिम समुदाय के लिये ऐसा नहीं है। हिन्दू और ईसाई समुदाय में



असाध्य कुष्ठ रोग तलाक का आधार है लेकिन पारसी समुदाय में ऐसा नहीं है जबकि हिन्दू और मुस्लिम समुदाय में नपुंसकता तलाक का आधार है परंतु ईसाई और पारसी समुदाय में ऐसा नहीं है। यह भी दलील दी गयी है कि हिन्दुओं में नाबालिग से विवाह तलाक का आधार है जबकि ईसाई, पारसी और मुस्लिम समुदाय में इस आधार पर तलाक का प्रावधान नहीं है। इसी से जुड़ा एक और सवाल है और वह है परस्पर सहमति से तलाक। परस्पर सहमति से तलाक का मसला ईसाई समुदाय के तलाक कानून के संदर्भ में न्यायालय में आया था। ईसाई समुदाय के डेढ़ सदी से ज्यादा पुराने भारतीय तलाक कानून की धारा 10-क (1) के तहत कम से कम दो साल अलग रहने के बाद ही इस समुदाय का कोई जोड़ा परस्पर सहमति से विवाह विच्छेद के लिये आवेदन कर सकता है। इसके विपरीत, विशेष विवाह कानून, 1954 की धारा 28, हिन्दू विवाह कानून, 1955 की धारा 13-बी और पारसी विवाह एवं तलाक कानून, 1936 के तहत परस्पर सहमति से तलाक के लिये पति-पत्नी को कम से कम एक साल अलग रहना होता है। इसी तरह, समान नागरिक संहिता की अप्रत्यक्ष रूप से हिमायत करते हुए न्यायालय में एक अन्य याचिका दायर की गयी थी। इस याचिका में भरण पोषण और गुजारा भत्ता के संबंध में भी समान आधारों वाली ऐसी व्यवस्था बनाने का अनुरोध किया गया था जो लैंगिक और धार्मिक रूप में तटस्थ हो तथा अंतर्राष्ट्रीय संधियों के अनुरूप हो।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# बड़े काम की चीज है की-बोर्ड का विंडोज

**मनोज शर्मा**

आपके टास्कबार में कई सारे प्रोग्राम होते हैं, जिसे ओपन करने के लिए आपको सामान्यतः माउस की जरूरत पड़ती है। अगर आप बिना माउस के इन्हें खोलना चाहें तो आपको विंडोज की दबाकर कीबोर्ड में ऊपर के नंबर में से किसी एक नम्बर को दबाना है।

एक समय था, जब कंप्यूटर माउस का अविष्कार नहीं हुआ था, तब कीबोर्ड के सहारे ही कंप्यूटर चला करते थे। पर वक्त बदला, माउस आया और कीबोर्ड की इंपॉर्टेंस रही जरूर, पर उतनी नहीं रही। पर यकीन मानिए, कीबोर्ड आज भी बहुत काम की चीज है,, खासकर तब जब आप तेजी से काम करना चाहें! यकीन न हो तो आप किसी प्रोफेशनल कंप्यूटर चलाने वाले व्यक्ति से मिलें, फिर आपको माउस का कम से कम प्रयोग होता नजर आएगा। कोई भी एक्सपर्ट कीबोर्ड शॉर्टकट्स का ज्यादा प्रयोग करेगा और इसके पीछे सिंपल लॉजिक है।

अगर आप कुछ टाइप कर रहे हैं तो आपका हाथ कीबोर्ड पर रहता है और वहां से शिफ्ट करके माउस पर लाने में जो समय लगता है, कीबोर्ड से ही वह ऑपरेशन (कार्य) करके आप उस समय को बचा लेते हैं। थोड़ा कार्य हो तो आपको पता नहीं चलता है, किन्तु यही जब बल्क में कार्य हो तो समय और स्पीड मैटर करती है। उदाहरण के तौर पर आप कण्ट्रोल दबाकर सी (कॉपी) और कंट्रोल वी (पेस्ट) का इस्तेमाल अवश्य करते होंगे, बावजूद इसके कि आपके पास माउस से भी इसे करने का विकल्प है। मतलब कीबोर्ड से कार्य करने का अपना मजा तो है ही, साथ ही स्पीड है सो अलग!

यूं तो कीबोर्ड की लीला अनंत है, इसीलिए आज हम बात करेंगे विन की, यानी आपके कीबोर्ड में मौजूद विंडोज बटन की। हर कंप्यूटर के कीबोर्ड में सबसे निचली पंक्ति में स्पेस बटन के आस पास में विन की स्थित होती है। इस विंडोज की का सामान्य तौर पर स्टार्ट मेन्यू ओपन करने के लिए प्रयोग किया जाता है, पर इसका प्रयोग कहीं अधिक है।

### विंडोज के साथ नंबर का प्रयोग

आपके टास्कबार में कई सारे प्रोग्राम होते हैं, जिसे ओपन करने के लिए आपको सामान्यतः माउस की जरूरत पड़ती है। अगर आप बिना माउस के इन्हें खोलना चाहें तो आपको विंडोज की दबाकर कीबोर्ड में ऊपर के नंबर में से किसी एक नम्बर को दबाना है। फिर टास्कबार में जो प्रोग्राम आपने रखे हुए हैं, वह एक-एक करके खुल जाएंगे। जैसे विंडोज दबाकर अगर आप 1 दबाते हैं और टास्कबार में एक नंबर पर केलकुलेटर का आइकन है तो केलकुलेटर ओपन हो जाएगा। ऐसे ही अगर टास्कबार में एक नंबर पर क्रोम ब्राउजर है तो क्रोम ओपन हो जाएगा। इसी प्रकार से विंडोज दबाकर अगर 2 दबाएंगे तो दो नंबर पर टास्कबार में जो प्रोग्राम है वह ओपन हो जाएगा।

### एक्टिव विंडोज को कंट्रोल करें

विंडोज की के साथ यह बड़ा ही आसान है। अगर आप बिना माउस के किसी प्रोग्राम को मिनिमाइज करना चाहते हैं, मैक्सिमाइज करना चाहते हैं, तो विंडोज की दबाकर एरोज (लेफ्ट - राईट - अप - डाउन) का प्रयोग करें। अगर विंडोज दबाकर डाउन एरो का प्रयोग करेंगे, तो आपका विंडो रिस्टोर डाउन हो जाएगा। विन की के साथ ऊपर की एरो का प्रयोग करेंगे तो रिस्टोर अप हो जाएगा। अगर विंडोज की दबाकर लेफ्ट बटन दबाएंगे तो लेफ्ट में उसकी पोजीशन सेट हो जाएगी और आप बिना माउस के यह सब कर सकते हैं। एक बार अवश्य ट्राई करें।

स्पीड न्यूज

## गुरु नानक देव के जन्मोत्सव पर निकाली गयी प्रभातफेरी



**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव पर शनिवार को प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के पहले दिन बड़ी संख्या में सिख समाज के महिला और पुरूष शामिल हुए। प्रभात फेरी में साध-संगत शबद गाते चल रहे थे। कुज्जू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान रामदयाल सिंह चोपड़ा हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे। इस दौरान संगत नानक की वडियाई सिमर ,नानक घर के गोले,है तन मन वसया सोई, सुख तेरा दित्ता लाए शबदों का गायन करते चल रहे थे। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर सुभाष चौक ,झंडा चौक, चट्टी बाजार ,लोहार टोला से होते हुए होटल वेव्स के समीप स्व ज्ञान सिंह छाबड़ा के घर पहुंची । जहां छाबड़ा परिवार की ओर से समूह साथ संगत का स्वागत किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर सरदार पपिंदर सिंह खंबे ने सरदार महिपाल सिंह छाबड़ा को सरोपा देकर सम्मानित किया। यहां छाबड़ा परिवार वालों ने साथ संगत के लिए चाय नाश्ता का प्रबंध किया। प्रभात फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, जितेंद्र सिंह पवार, कुलजीत सिंह कालरा, तेजिंदर सिंह सोनी, रघुवीर सिंह,जसविंदर सिंह सलूजा, गुरप्रीत चाना, गुरप्रीत सिंह कुलवंत मारवाह, जगजीत सिंह, पलविंदर सिंह बल,गुरजीत सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, राजा कालरा, नीतू सिंह जस्सल, स्वीटी सोनी, सुमी जोली, गुरबख्श कौर, रंजीत कौर बलविंदर कौर शामिल थे।

## थाना प्रभारी ने घाट का किया निरीक्षण

**मांडू।** मांडू एवं आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को छठ को लेकर सभी छठ पूजा समिति सदस्यों के साथ थाना प्रभारी अवधेश कुमार नेसभी छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस क्रम में घाटों की साफ सफाई करवाई। साथ ही व्रतियों के आने जानेवाले मार्ग में लाइटिंग की व्यवस्था की गई। मौके पर पूजा समिति के नीरज कुमार रमेश कुमार,रोहित कुमार,अमित राम,धनेश्वर साव,दीनबंधु,गुप्ता जितेंद्र कुमार,प्रभात कुमार, रोहित कुमार,छोटेलाल भुइया,वीरेंद्र गुप्ता गोल्डिश कुमार,राजू कुमार आदि मौजूद थे।

## घरों में गूंज रहे छठ मइया के गीत

**रजरप्पा।** छठ व्रतधारियों ने शनिवार को घरों में खरना प्रसाद ग्रहण किया। घरों में गूंज रहे छठ मइया के गीत से माहौल भक्तिमय हो रहा है। व्रत का समापन सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा। रजरप्पा मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न छठ घाट को बिजली के झालरों से सजाया गया है। जगमग घाट की परछाई नहर में प्रतिबिंबित होने पर घाट की सुंदरता पर चार चांद लग गए हैं। छठ सेवा समिति के लोगों ने बताया कि सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। घाट पर आने-जाने के लिए अलग-अलग रास्तों का प्रयोग होगा।

## रामगढ़ में व्रतियों ने किया खरना



**रामगढ़।** जिले में छठ महापर्व के दूसरे दिन व्रतियों ने नदियों और सरोवरों में स्नान कर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके उपरांत शाम को मिट्टी के चूल्हे पर अरवा चावल, गुड़ और दूध से खीर बनाया और उसी छठी मईया की पूजा कर उन्हें अर्पित किया। इसके बाद खीर को स्वयं ग्रहण किया। व्रतियों द्वारा खीर ग्रहण करने के बाद खीर का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया। खरना के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास आरंभ हो गया है। इसके तहत रविवार की शाम व्रती नदियों और सरोवरों में अस्ताचलगामी सूर्य और सोमवार की सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देंगे। जिसके साथ छठ महापर्व संपन्न हो जाएगा। वहीं, छठ को लेकर व्रती बाजार से पूजन सामग्रह की खरीदारी करते दिखे। छठ पूजा को लेकर पूजन सामग्रियों के दाम बढ़ गए हैं। सूप प्रति पीस 120 से 160 रूपए और दौरा 180 से 225 रूपए तक बिक रहा है।

## कुजू में युवक का अधजला शव मिला



**कुजू।** कुजू पुलिस ने शनिवार की सुबह क्षेत्र के बुढ़ाखाप चौक से अशोक सिनेमा जाने वाली सड़क पैंकी के पास से एक युवक का अधजला शव को बमराद किया है। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि सुबह सड़क के पास से ग्रामीणों ने एक युवक का अधजला शव को देखा। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना कुजू पुलिस को दिया। पुलिस घटना स्थल पहुंचकर छानबीन करते हुए शव को कब्जे में लिया। शव का शिनाख्त ललिताडाही सुगिया निवासी पिंटू कुमारी मुंडा पिता चमन मुंडा के रूप में हुआ। समाचार लिखे जाने तक युवक का शव कैसे जला इसकी पुष्टि नहीं हो पायी थी।

# गरुड़ कमांडो के गांव में छाया मातम

## हजारीबाग में योगेश महतो को श्रद्धांजलि देने के लिए उमड़ी भीड़

**गुजरात के भुज में बुधवार को हुई थी योगेश महतो की मौत**

खबर मन्त्र संवाददाता



पार्थिव शरीर को लेकर हजारीबाग पहुंचे एयरफोर्स के जवान।



श्रद्धांजलि देते सदर विधायक मनीष जायसवाल।

**दारू।** हजारीबाग के मेरु में एयरफोर्स के गरुड़ कमांडो योगेश कुमार का पार्थिव शरीर शनिवार को घर पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। पार्थिव शरीर के दर्शन व श्रद्धांजलि देने के लिए हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। उनके पार्थिव शरीर आते ही सभी की आंखे से आंसू की धार रुक नहीं रही थी। जवान का पार्थिव शरीर पहुंचते ही घर और गांव वालों के चितकार से माहौल गमगीन हो गया। भीड़ इतनी थी की काबू करना मुश्किल था।

लोगों ने नम आंखों से जवान के शव को अंतिम विदाई दी। इस दौरान लोग भारत माता की जय, योगेश कुमार अमर रहे की नारा लगाते रहे। मेरु श्मशान घाट में तोपों की सलामी के साथ दाह संस्कार किया गया। पिता ने बेटे की मुखाग्नि दी। कई लोग श्रद्धांजलि देने उनके घर पहुंचे थे जिसमें पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, बिनोद कुशवाहा,पूर्व मुखिया महेंद्र राम, जिला परिषद प्रतिनिधि महेंद्र राम बिहारी, एयरफोर्स के पदाधिकारी शामिल थे।

योगेश 2021 में एयरफोर्स ज्वाइन किया था । वर्तमान में वह भुज में कार्यरत था।जहां उसकी मौत हो गयी। उनकी मौत के बारे में बताया गया कि ड्यूटी के दौरान बुधवार रात में उसे गोली लग गई थी और उसी रात में उनकी मौत हो गई। उनकी मौत की सूचना घरवालों को गुरुवार को दी गई थी।

सूचना मिलते ही घर वालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। शनिवार की सुबह जवान का पार्थिव शरीर हजारीबाग पहुंचा। पार्थिव शरीर को लाने के लिए मेरु और आसपास गॉव से सैकड़ों की संख्या में लोग गए। पार्थिव शरीर के साथ हाथ में लोगों ने तिरंगा लिए हुए भारत माता की जय, योगेश अमर रहे के नारे के साथ पार्थिव शरीर को घर पहुंचाया।

**अस्पताल परिसर में सदर विधायक ने दी विदाई :** इधर इस क्रम में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अस्पताल पहुंचकर अस्पताल परिसर में ही योगेश को अंतिम विदाई दी। यहां से तिरंगे लहराते हुए और योगेश अमर रहें के नारे के साथ रैली के शक्ल में देश प्रेमीगण उनके घर तक के लिए लेकर निकले ।

विधायक मनीष जायसवाल ने ईश्वर से वायु सेना के जवान योगेश के आत्मा की शांति की कामना की साथ ही उन्होंने कहा की महज 23 साल में ही ऐसे होनहार युवा को खोने का गम हजारीबाग को हमेशा रहेगा।

**जवानों ने दी तोपों की सलामी**

योगेश का अंतिम संस्कार उसके पैतृक गांव मेरु श्मशान घाट में किया गया। अंतिम विदाई पर एयरफोर्स के जवानों ने 21 तोपों की सलामी दी। उसके बाद दाह संस्कार किया गया। तोपों की सलामी के लिए पन्नागढ़ से एयरफोर्स के जवान आए थे।

# छठमय हुआ भुरकुंडा, भदानीनगर व बासल

## व्रतियों ने ग्रहण किया खरना का प्रसाद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल छठमय भक्तिमय हो गया है। भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चार दिवसीय कार्तिक छठ पूजा नियम पूर्वक, भक्ति भाव एवं धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्रद्धा भक्ति आस्था का महापर्व कार्तिक छठ के दूसरे दिन शनिवार को छठव्रतियों ने पूरे विधि-विधान से खरना पूजा किये। इसमें दिनभर निर्जला उपवास रख शाम में गाय के दूध में शुद्ध रूप से खीर का प्रसाद बनाएं और पूजा-अर्चना के बाद खीर के प्रसाद को सेवन किए। खरना के पश्चात भक्तों के बीच खरना के प्रसाद का वितरण किया गया जो देर शाम रात होता रहा। इस दौरान छठ के लोक गीतों से पूरा क्षेत्र भक्ति के सागर में डूबा रहा। कार्तिक छठ पर्व के तीसरे दिन रविवार को दिन-रात छठव्रती निर्जला उपवास रखेंगे। वहीं अपराहन में सूप-दउरा में फल-फूल, नारियल सहित पूजा सामग्रियों को सजाकर छठ घाटों पर पहुंच छठव्रतियों भक्तों द्वारा अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। वहीं छठ महापर्व के चैथे दिन सोमवार को तड़के सुबह छठव्रती पुनः छठ घाटों पर पहुंचेंगे और उद्यीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इधर शुक्रवार को नलकारी नदी सहित भुरकुंडा कोयलांचल आदि क्षेत्रों के तमाम छठ घाटों की पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, सीओ शिव शंकर पांडेय सहित जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया। साथ ही पूजा समिति को कई दिशा-निर्देश देते हुए छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का पूरा ख्याल रखने की बात कही। इधर विभिन्न सामाजिक संगठनो, समाजसेवियों व श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न छठ घाटों व आवागमन के रास्ते को दुरूस्त कराते हुए लाईटिंग की व्यवस्था कराई जा रही है। ताकि श्रद्धालुओं को आनेजाने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। भुरकुंडा कोयलांचल भक्ति की पहचान भुरकुंडा नलकारी नदी छठ घाट स्थित छठमाता, भगवान सूर्य, गंगा मां के मंदिर को भव्य एवं आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मंदिर को विद्युत बल्बो आदि से बेहतरीन सजावट की गई है। भुरकुंडा रिभर साइड श्री सूर्य मंदिर की भी भव्य सजावट की गई है। इधर छठ महापर्व पर भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्रों में घाटों की सफाई जारी है। छठघाट सहित सड़कों पर लाईटिंग की व्यवस्था की जा रही है। विभिन्न पूजा समितियों द्वारा फल-फूल, गाय के दूध पूजा सामग्रियों का वितरण किया जाएगा। जगह जगह तोरणद्वार भी बनाए जा रहे हैं। वहीं पूरा क्षेत्रभक्तिमय हो गया है।

# पूजा सामग्री की खरीदारी को उमड़ी भीड़



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल भुरकुंडा बाजार मे लोक आस्था और सुर्य उपासना का महापर्व छठ को लेकर शनिवार को फल फुल और पुजन सामग्री की खरीदारी के लिये श्रद्धालु भक्तो की अपार भीड उमडी। सुबह से ही लोग भुरकुंडा बाजार मे ईंख, फल फुल और पुजन सामग्री की खरीदारी करते देखें गयें। पुजा सामग्री की खरीदारी के दौरान मेनरोड मे जाम की स्थिति बनी रही। इधर छठ महापर्व को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनो के द्वारा भुरकुंडा नलकारी नदी, रीवर साइड दामोदर नदी, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा सहित अन्य छठ घाट मे तोरणद्धार, पुजन सामग्री के वितरण के लिये स्टॉल लगाने, छठ घाट मार्ग की साफ सफाई, विद्युत सज्जा की गई है। साथ ही वाहनो के ठहराव के लिये जगह जगह पार्किंग बनाया गया है। छठ महापर्व मे विधि व्यवस्था के लिये भुरकुंडा पुलिस के द्वारा पुख्ता इंतजाम किया गया है। भारी वाहनो का परिचालन को बाधित कर दिया गया।

## विधायक ने किया व्रतियों के बीच साड़ी वितरण

**रामगढ़।** लोक आस्था का महापर्व छठ की शुरूआत नहाए-खाय के साथ हो चुकी है। छठ महापर्व में कई सामाजिक संगठनों की छठ में सूप, डालिया और पूजा सामग्री के वितरण करने की परंपरा रही है। हजारीबाग सदर विधानसभा विधायक मनीष जयसवाल ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों में छठव्रती महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया। यह साड़ी भाजपा नेता राजीव जायसवाल के सौजन्य से प्रदान किया गया। मौके पर बीजेपी नेता राजीव जयसवाल ने कहा कि हजारीबाग सदर ही नहीं बल्कि पूरे लोकसभा के नेता मनीष जायसवाल का आभार प्रकट करता हूं, जो हमेशा जनता के हर सुख दुःख में कदम से कदम मिलाकर चलने को तत्पर रहते है। उन्हीं के माध्यम से आज मुझे यह सौभाग्य मिला है। मौके पर संतोष तिवारी, प्रीतम झा, प्रदीप महतो, पवन पटेल, गोलू कुमार उपस्थित थे।

# जेएसपी फाउंडेशन ने 250 गरीबों को कराया भोजन

**भुरकुंडा में मिशन 'जीरो हंगर' शुरू, हर सप्ताह बाजार में होगा खाना का वितरण**

खबर मन्त्र संवाददाता




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसपी फाउडेशन के सौजन्य और राष्ट्रीय सेवा मंच के सहयोग से भुरकुंडा साप्ताहिक बाजार में दुर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीब-महिला पुरुष और बच्चों के बीच भोजन का वितरण कार्यक्रम की शुरूआत किया गया।

जेएसपी फाउडेशन के मिशन जीरो हंगर के महत्वाकांक्षी योजना के तहत इसकी शुरूआत किया गया है। फांउडेशन ने इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत लोक आस्था के महापर्व छठ के खरना के दिन के साथ किया है। शनिवार को फाउंडेशन और रोष्ट्रीय सेवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में 250 महिला-पुरुष और बच्चों के बीच पुडी-सब्जी और जलेबी का वितरण किया गया। भोजन का वितरण जेएसपीएल पतरातू सीएसआर के प्रबंधक कुमार राहुल, गजाला मतीन, गिरधारी गोप, दिलीप अग्रवाल, बीरबल वेदिया व राष्ट्रीय सेवा मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, समाजसेवी विनय सिंह चैहान, प्रेमकुमार साहु और प्रेमनाथ साहू के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीएसआर के पदाधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम कि शुरूआत जेएसपी फांउडेशन के मिशन जीरो हंगर के तहत किया जा रहा है। जो हर सप्ताह छह माह मार्च 2024 तक भुरकुंडा साप्ताहिक बाजार में दातुन-पतल बेचने आने वाले गरीबो के बीच निर्बाध रूप से चलेगा। समाज और गरीबो की सेवा ही जेएसपी फांउडेशन का मूल उद्देश है। मौके पर डॉ. जयश्री मेहता, रिंकु वर्णवाल, इम्तियाज अंसारी, राकेश शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

एक नजर में

## दारू में छठव्रतियों के बीच फल का वितरण



**दारू।** झुमरा में शनिवार को सुबह 7:00 बजे से फल समिति झुमरा द्वारा छठव्रतीयो को केला, सेव, संतरा क्रय मूल्य पर वितरण किया गया। लगभग चार सौ से अधिक व्रतियों के बीच फलों का वितरण किया गया। सुबह 6:00 बजे से ही फल लेने के लिए कई प्रखंडों से लोग पहुँचने लगे । समिति के कार्यकर्ता रामजी कुशवाहा ने बताया कि फल वितरण कार्यक्रम पिछले तीन वर्षों से लगातार झुमरा शिव मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है इसका उद्देश्य है कि इस आस्था के महापर्व में सभी छठव्रतीयो को कम से कम कीमत में फल मिल सके। बाजार मूल्य से कम कीमत पर फल वितंरण कर रहे समिति को धन्यवाद किया । फल वितरण कार्यक्रम में अमीत कुमार, महेश गुप्ता,प्रकाश कुमार, सुनील कुमार, मिथलेश कुमार, सरोज कुमार, अंजन कुमार, गणेश प्रसाद, जितेंद्र कुमार, संतु पासवान, दिनेश सोनी, कैलाश प्रसाद, पंकज कुमार, मनोज कुमार इत्यादि कई लोग मौजुद थे।

## बीडीओ व थाना प्रभारी ने किया घाट का निरीक्षण



**बड़कागांव।** आस्था के महापर्व छठ को लेकर शनिवार को बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल एवं थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह कृषि पदाधिकारी रवि रंजन सहित बीपीओ हीरो महतो ने प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। बीडीओ ने कहा कि तालाब एवं नदियों पर बनाए गए घाट की गहराई को माप ले यदि गहराई अधिक हो तो बांस का बैरियर लगाकर उसे चिन्हित कर दें। ताकि कोई भी श्रद्धालु गहरा पानी में ना जा सके।आपात स्थिति के लिए हवा भरा ट्यूब एवम कुछ तैराक को तत्पर रखें ताकि कोई बड़ा हादसा ना हो सके। थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की ने कहा कि विशेष रूप से तालाबों के किनारे बने छठ घाट में इन चीजों को ध्यान में रखते हुए जरूर अनुपालन करें। मौके पर इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह,प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन ,बीपीओ हीरो महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## केरेडारी प्रखंड में छठ की तैयारी पूरी

**हजारीबाग।** महापर्व छठ की तैयारियां जोरों से छठव्रतियों और श्रद्धालुओं द्वारा किया जा रहा है। केरेडारी प्रखंड के केरेडारी और हेवई स्थित तालाब सहित अन्य छठ घाटों का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान आयोजकों से अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल और थाना प्रभारी नायल गोडविन केरकेट्टा ने तालाब की गहराई के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने, महिलाओं और बच्चों को तालाब की गहराई से दूर रहने हेतु ऐहतियातन बेरिकेडिंग करने, वालेंटियर को चिन्हित कर घाटों पर रखने और साफ सफाई करने के निर्देश दिए।

## अवैध निर्माण पर रोक, जेसीबी मशीन जब्त

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर अपर समाहर्ता विद्या भूषण कुमार ने खास महाल जमीन पर अवैधकर्ताओ के द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य पर सख्ती से रोक लगाते हुए लिप्त लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कारवाई की गईं एवं मौके पर निर्माण कार्य के प्रयोग में लाए गए जेसीबी को भी जब्त किया गया। मौजा कैन्टोनमेन्ट, थाना नं0-157, भवन पट्टा, होल्डिंग सं0-209, प्लॉट सं0-737, 738, 739, 740, 741, 745, 746, 747, 748, 749, 750, 751, 752, 753, 754, 755, 756, 758, 760 एवं 765 कुल रकवा-17.57 एकड़ भूमि खास महाल लीज की पुनर्ग्रहित भूमि है, जो प्रिंसिपल संत कोलम्बस कोलेजिएट स्कूल के नाम से दिनांक-31.03.1978 तक नवीकृत था। उपायुक्त, हजारीबाग के आदेश ज्ञापांक-1650 दिनांक 30.12.1995 के द्वारा पुनर्ग्रहित कर लिया गया है।

## केदार यादव ने की छठ घाट की सफाई



**बरही।** बरही विधानसभा अंतर्गत पदमा प्रखंड के सरैया गांव के विभिन्न छठ घाटों में बरही विधानसभा के विधायक उम्मीदवार सह भाजपा युवा नेता केदार यादव ने अपने निजी खर्च से जीसीबी मशीन से छठ घाट का अभियान के तहत सफाई कराया।इस बाबत श्री यादव ने कहा की लोक आस्था का महा पर्व छठ पूजा साफ सफाई एवं स्वच्छता के लिए भी जाना जाता है। इसमें माता बहने दो दिनों का उपवास रखकर काफी श्रद्धा एवं भक्ति से त्योहार करते है। उन्होंने बताया कि सभी लोग चढ़ते सुरीबको प्रणाम करते है।परन्तु सनातन धर्म मे आस्था के साथ लोगों में श्रद्धा की भावना होती है।जिसमे चढ़ते सूर्य के तापमान के साथ अस्ताचल सूर्य को ठंडी प्रदान करने के लिए भी प्रणाम करने की प्रथा हैं। अंत में सभी को छठ महापर्व की शुभकामनाएं भी दी।

## स्पीड न्यूज

### बाल विवाह मुक्त समाज बनाने को ले बाल संरक्षण समिति का चैनपुर में गठन



**चैनपुर।** प्रखंड के पकनी आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को बाल विवाह मुक्त बनाने को लेकर एक बैठक की गयी। बैठक में ग्रामीणों ने ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति गठित की। जिसमें उपमुखिया फूलो देवी को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं आंगनबाड़ी सेविका सुशांति देवी को संयोजक व सहिया सोहानी देवी को सह सचिव कमला देवी, रिंकी कुमारी, रेशमा कुमारी, महानंद मुंडा, मीना देवी को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। समेकित बाल संरक्षण योजना के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के शिशु, बालक-बालिकाओं के विकास हेतु समुदाय स्तर पर एक सुरक्षा कवच निर्मित करने एवं बाल संरक्षण हेतु उचित प्रवेश का निर्माण करने बच्चों को हिंसा एवं दुर्व्यवहार से बचाने तथा उचित पालन पोषण एवं देखरेख की व्यवस्था के लिए पंचायत एवं ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया। जो समुदाय आधारित बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत करने के लिए कार्य करेगी।

### नगर घाघरा के सदस्यों ने श्रमदान कर की छठ घाट की साफ-सफाई



**घाघरा।** छठ नगर छठ मोहल्ला में छठ महापर्व को लेकर सदस्यों ने शनिवार को छठ घाट का श्रमदान कर साफ सफाई किया। इस क्रम में सदस्यों ने छठ घाटों को पानी से धोया और सड़क किनारे का जगह पर फैले कंकड गंदगी को साफ सफाई की ताकि छठ बरातियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। मौके पर छठ पूजा समिति के सदस्यों ने कहा कि खीरभोजन के बाद रविवार की शाम डूबते भगवान सूर्य को अर्घ्य दी जायेगी और सोमवार को प्रातः में उगते सूरज को अर्घ्य दी जायेगी। मौके पर समिति के अध्यक्ष अमित ठाकुर, आशीष सोनी, ओमिसेश मिश्रा, अजय गुप्ता, रूपेश गुप्ता, सुरेश चौरसिया, ऋतिक सोनी, अमन ठाकुर, राकेश ठाकुर, सत्यम गुप्ता, अर्ष राज गुप्ता, कुश गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, विशाल साहू, सुनील लहरी थे।

### विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच पैदा करना ही साइंस एग्जिबिशन का उद्देश्य : सुमित

**गुमला।** होली चाइल्ड बाल भारती स्कूल गुमला में सांइस एग्जीबिशन और आर्ट एंड क्राफ्ट किया गया। जिसमें स्कूल के नर्सरी से 10वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों के प्रदर्शन का प्रधानाध्यापक सुमित जेम्स बाखला, नीतू बाखला और स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने निरीक्षण किया। छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रदर्शनी से वैज्ञानिकता की सोच को उजागर किया और अपने मॉडल से आने वाले भविष्य की संरचना प्रस्तुत की। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शनी की प्रस्तुत की। कई छात्रों ने समाज के विकास में विज्ञान की भूमिका का बखूबी प्रदर्शनी किया।

### बसाईर टोली की महिला का शव बरामद

**चैनपुर।** बेंदोरा पंचायत के बसाईर टोली गांव की महिला ललिता देवी (50) पति गरजू रौतिया की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। मृतक की बेटी प्रियंका ने बताया कि हम लोग पूरा परिवार गुरुवार को अपने खेत में काम करन गये थे। लौटते समय मां थोड़ी देर में नहा कर आने की बात कही। बाजार से लौट के आने तक मां घर नहीं आयी थी। काफी खोजबीन के बाद छापर डोभा में मेरी मां का शव मिला।

### शंख संगम छठ घाट बन कर तैयार



**लोहरदगा।** शहर के पतराटोली के शंख नदी संगम छठ घाट छठ पूजा के लिए पूरी तरह से तैयार हो चुकी है। छठ घाट में छठ व्रतियों के सुविधा के लिए बांध का निर्माण किया गया है। साथ ही विद्युत का कार्य भी लगभग पूर्ण हो चुका है। छठ व्रतियों की सुविधा को देखते हुए सारा कार्य पूर्ण हो चुकी है। रविवार को महाछठ पर्व के संध्या अर्घ्य के लिए सारी विधि व्यवस्था लगभग पूरी हो चुकी है। समिति के अध्यक्ष अरविंद यादव, संरक्षक विनोद सिंह, मनोज गुप्ता जुटे हुए हैं।

### डीसी-एसपी ने किया स्थल निरीक्षण



**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावित विशेष शिविर में आगमन को लेकर संभावित कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण शनिवार को जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण,पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा ने किया। निरीक्षण में सेन्हा प्रखंड के दतरी मैदान तथा कुडू प्रखंड के चिरी मैदान और कुडू प्रखंड के समीप स्टेडियम का अवलोकन किया गया। विशेष शिविर के कार्यक्रम हेतु आवश्यक एरिया तथा हेलिपैड की संभाव्यता को देखते हुए निर्णय ली जायेगी। निरीक्षण में सन्हा और कुडू के बीडीओ-सीओ उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण



**भंडरा।** थाना प्रभारी गौतम कुमार ने शनिवार से शुरू होने वाले आस्था व पवित्रता का चार दिवसीय छठ महापर्व को लेकर छठ घाटों को निरीक्षण किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले अखिलेश्वर धाम, भौरों नदी, चट्टी आदि छठ घाट का निरीक्षण करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को देख सुरक्षा छठ घाट के तालाबों व नदी में पानी की गहराईका मुआयना किया। साथ ही छठ पूजा समिति के सदस्यों को घाटों की साफ-सफाई व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिया।

# शहीद जवान का शव पैतृक गांव पहुंचते ही छाया मातम

- आंखें हुईं नम, श्रद्धांजलि देने पहुंचे सैकड़ों लोग, घाघरा पहुंचते ही पार्थिव शरीर पर की गयी पुष्प वर्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**





जवान को श्रद्धांजलि देते लोग, पार्थिव शरीर के घाघरा पहुंचने पर उमड़ी भीड़ और मृतक के परिजन से बात करते डीसी व एसपी।

**घाघरा।** सीआरपीएफ जवान घाघरा के तुरियाडीह निवासी संतोष उरांव की बम विस्फोट की चपेट में आने से मौत हो गयी। इसकी सूचना जैसे ही घाघरा में लोगों को मिली, पूरे इलाके में मायूसी छा गया। लोग शनिवार की सुबह से ही मुख्य पथ पर इकट्ठा होकर पार्थिव शरीर को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए जुटे रहे। जिसके बाद सुबह करीब 9 बजे जैसे ही पार्थिव शरीर को लेकर पुलिस प्रशासन प्रखंड मुख्यालय होते हुए तुरियाडीह गांव जाने लगी। इस दौरान इकट्ठा हुए लोगों ने भारत माता की जय, संतोष उरांव अमर रहे का नारा लग रहे थे। इस क्रम में मौजूद लोगों का आंखे नम थी। कुछ लोग रोते हुए भी नजर आये। प्रखंड मुख्यालय स्थित चांदनी चौक में पुष्प वर्षा कर श्रद्धांजलि देते हुए विद्यार्थी और घाघरा के प्रबुद्ध जन मौजूद थे। सड़क के दोनों ओर घाघरा वासियों ने अपने हाथ में तिरंगा झंडा लेकर कतारबद्ध खड़े थे। बताते चलें कि शुक्रवार को सुरक्षा बलों द्वारा चलाये जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान चाईबासा जिले के गोईलकेरा स्थित हाथीबुरु के जंगल में अचानक आईडी विस्फोट हो गया। जिसमें गुमला जिला के घाघरा स्थित तुरियाडीह गांव निवासी संतोष उरांव की मौत हो गई। जो सीआरपीएफ-94 बटालियन में सैनिक के रूप में तैनात थे।

**उपायुक्त ने दिया एक लाख का चेक :** शहीद संतोष की पत्नी फुल सुंदरी देवी को डीसी करण सत्यार्थी और एसपी हरविंदर सिंह ने एक लाख रुपये का चेक दिया। उन्होंने परिवार वालों से कहा कि सरकार व प्रशासन पूरी तरह से पीड़ित परिवार के साथ है। हर सरकारी सुविधा दी जाएगी जो संतोष के परिजनों को मिलना चाहिए।

**संतोष चाहता था कि गांव के अन्य युवा भी पुलिस में जायें :** संतोष के बचपन के दोस्त सहदेव भगत (जो स्कूल-कॉलेज में साथ पढ़ा) ने बताया कि संतोष काफी मृदुभाषी था और हमेशा परिवार वालों के साथ गांव के बारे में सोचता रहता था। उसकी समझ के अनुसार वह हमेशा गांव के युवाओं को देश सेवा में शामिल होने के लिए अभी से मेहनत करने की अपील भी करता था।

**परिवार बेसहारा :** संतोष की मौत के बाद पूरा परिवार बेसहारा हो गया है, क्योंकि पूरे परिवार की देखरेख की जिम्मेदारी उसी पर थी। संतोष अपने भाई संतराम के दो बच्चे और अपने दोनों बच्चे सभी की पढ़ाई रांची के लिवंस एकेडमी में कराते थे। उसका कहना था कि बच्चों को मैं पढ़ाकर शिक्षित जरूर बना दूंगा। तुम मां और घर का अच्छे से ख्याल करना।

**शहीद को डीसी और एसपी ने दी सलामी :** शहीद के गांव तुरियाडीह में पहुंच कर जिले के उपयुक्त करण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के अलावे अभियान डीएसपी मनीष कुमार एसडीपीओ मनीष चंद्रलाल थाना प्रभारी अमित चौधरी सहित सीआरपीएफ की पूरी टीम ने सलामी दी।

# छठव्रतियों ने किया खरना का व्रत, प्रसाद के लिए जुटे श्रद्धालु

### अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**




छठ घाट पर भगवान भास्कर की पूजा करतीं छठव्रती और प्रार्थना में जुटीं व्रती।

**गुमला।** छठव्रतियों ने शनिवार को तालाबों, नदियों व विभिन्न पवित्र सरोवरों में स्नान कर खरना का व्रत किया। दिनभर उपवास रखकर व्रतियों ने पूजा की विधि संपन्न की। नहा धोकर व्रतियों द्वारा शुद्ध बर्तनों में खरना का प्रसाद तैयार किया। जिसके बाद भगवान भास्कर को प्रसाद अर्पित कर स्वयं प्रसाद का सेवन किया। इसके बाद श्रद्धालुओं व सगे-संबंधियों के बीच खरना प्रसाद का वितरण किया। प्रसाद ग्रहण के वक्त पूर्ण रूप से नेम निष्ठा का ध्यान रखा गया। वहीं लोग एक-दूसरे के घरों में जाकर खरना का प्रसाद ग्रहण किये। शाम में शहर की सभी सड़के गुलजार रही। लोग एक-दूसरे के घर आते-जाते रहे। छठव्रतियों द्वारा घरों के प्रवेश द्वार को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। प्रसाद ग्रहण करने वालों को छठव्रतियों ने तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया। वहीं खरना प्रसाद ग्रहण करने के साथ छठव्रतियों का उपवास आरंभ हो गया। उदीयमान व अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद छठव्रती घरों में या घाट पर सत्यनारायण की कथा सुनने के उपरांत उपवास तोड़ेंगी।

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त ने भंडरा के विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

# मतदाताओं को किसी तरह की दिक्कत न हो, ध्यान दें : आयुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बूथ का निरीक्षण करते आयुक्त।

**भंडरा।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने शनिवार को प्रखंड के मध्य विद्यालय चट्टी, 10 प्लस टू विद्यालय चट्टी, 10 प्लस टू बिटपी व मध्य विद्यालय भैसमुंदो के बूथों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पोलिग स्टेशनों की रैशनेलाइजेशन के दौरान प्रस्तावित विभिन्न पोलिग बूथों की भौतिक स्थिति का जायजा लिया। आयुक्त ने पोलिग बूथों में पानी, बाथरूम, रैंप, बिजली आदि की चैकिग के दौरान अधिकारियों को जरूरी हिदायतें भी दीं। उन्होंने प्रखंड के समूह रिटर्निंग अफसरों, सुपरवाइजरों और बीएलओ को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से दी जाने वाली न्युनतम तय सुविधाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित बनायी जाये। जिससे वोटरों को किसी किस्म की दिक्कत का सामना ना करना पड़े। दिव्यांग वोटरों के लिए रैंप और व्हीलचेयर आदि बूथों पर उपलब्ध रहे, जिससे ऐसे वोटरों को अपेक्षित सुविधा दी जा सके। मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, डीएसपी, बीडीओ रंजीत सिन्हा,सीओ दिनेश गुप्ता, बीईईओ जयनाथ महतो, थाना प्रभारी गौतम कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### महापर्व छठ : खरना अनुष्ठान संपन्न अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में छठ महापर्व को लेकर शनिवार की देर शाम सूर्यास्त के बाद परंपरागत रूप से पूजा-अर्चना कर छठ व्रतियों ने खरना अनुष्ठान संपन्न किया। इससे पहले छठव्रतियों ने घाट पर पहुंचकर घाट पूजा करने के साथ-साथ छठ मईया और भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अ?र्घ्य अर्पित किया जाएगा। इसके बाद शनिवार को उदीयमान सूर्य को अ?र्घ्य अर्पित करने के साथ सूयोर्पासना का महापर्व छठ संपन्न होगा। इधर, छठ महापर्व को लेकर भक्ति की धारा बहने लगी है। खरना अनुष्ठान के बाद प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने छठ व्रतियों के यहां पहुंचकर छठ मईया का आशीर्वाद लेते हुए खरना अनुष्ठान का प्रसाद भक्ति भाव से ग्रहण किया। छठ मईया का आशीर्वाद लेकर अपने परिवार के सुख, समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की। जिले में छठ पर्व को लेकर एक अलग ही उल्लास नजर आ रहा है। शहर से लेकर गांव तक छठी मईया की महिमा गूंज रही है। भगवान सूर्य और छठ मईया की आराधना का महापर्व भक्तों को आराधना में लीन कर चुका है।

### पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी छठ को ले उत्साह का दिखा माहौल

- लागत मूल्य पर कई दुकान व क्लब वितरित कर रहे हैं सामग्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर शनिवार को जमकर फलों व छठ पूजन सामग्रियों की खरीदारी की गई। सामाजिक संगठनों व विभिन्न प्रतिष्ठानों द्वारा लागत मूल्य पर छठ पूजन सामग्री व फलों की बिक्री की जा रही है। पर्व को लेकर शनिवार को बाजार में काफी चहल-पहल देखी गयी। पालकोट रोड, मेन रोड, सिसई रोड, जशपुर रोड सहित अन्य मार्गो में फलों, पूजन सामग्रियों का स्टॉल लगाया गया था। मेन रोड स्थित कटहल गोला में छठव्रतियों के लिए लागत मूल्य पर छठ पूजा की अधिकांश सामग्री उपलब्ध कराई गई है। सुप व दौरा की भी जमकर बिक्री हुई। टावर चौक के समीप 140 से एक सौ रुपये में सुपों की बिक्री हुई। जबकि दौरा 300 से 500 रूपये में बिका। पालकोट रोड व टावर चौक में फल विक्रेता छठ व्रतियों के लिए केला कांधी 500 से 600 रुपये, सेब 80 से सौ रुपये, संतरा 50 रुपये, अनार 120 रूपये किलो बिक्री कर है।

### 'आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम 24 से

**गुमला।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ जिले में 24 नवंबर से घाघरा प्रखंड के दिरगांव से आरंभ होगा। यह शिविर 24 से 26 नवंबर तक चलेगा। जिसको लेकर उपायुक्त के द्वारा निर्देश जारी किया गया है। वहीं प्रखंड वार कार्यक्रम को लेकर तैयारी भी पूरी कर ली गई है। शिविर में सभी विभागों का स्टॉल लगाया जायेगा और जनता की समस्याओं का ऑन दी स्पॉट समाधान भी किया जायेगा। उपायुक्त के निर्देश पर विभिन्न प्रखंडों में वरीय पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

### नवजात शिशु सप्ताह का सदर अस्पताल में शुभारंभ

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला में नवजात शिशु सप्ताह का विधिवत उद्घाटन एसीएमओ डॉ पी के सिन्हा एवं अस्पताल उपाधीक्षक डा अनुपम किशोर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। ज्ञात हो कि जिले एवं राज्य में नवजात शिशु सप्ताह का आयोजन 15 नवंबर से 21 नवंबर तक किया जाना है तथा इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला, प्रखंड एवं सामुदायिक स्तर पर सहियाओं के द्वारा भारत सरकार के गाइडलाइन के अनुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है एवं प्रत्येक शिशु को सम्मानपूर्वक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जानी हैं। नवजात शिशु सप्ताह के उद्घाटन समारोह में राहुल शेखर प्रतिनिधि यूएसआईडी, विभिन्न माताएं, मरीजों के परिवार, सदर अस्पताल के कर्मचारी एवं सिविल सर्जन कार्यालय के विभिन्न कर्मचारीगण मौजूद थे।

### खरना संपन्न, पहला अर्घ्य आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भंडरा।** सूर्य उपासना का महापर्व छठ का उत्साह चरम पर है। छठ पूजा करने वाले व्रती शनिवार को पूरे दिन उपवास के बाद संध्या में दूध और अरवा चावल से बने खीर एवं अन्य पूजा सामग्री भगवान भास्कर को अर्पित कर खरना किया। खरना के बाद व्रतियों का 36 घंटे का उपवास प्रारंभ हो गया है। खरना का प्रसाद ग्रहण करने को लेकर लोग देर रात तक व्रतियों के घर पहुंचते रहे। रविवार को भगवान भास्कर के अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। वहीं सोमवार को उदीयमान स्वरूप को अर्घ्य अर्पण के साथ व्रत संपन्न हो जायेगा। पर्व को लेकर छठ घाटों एवं जलाशयों की साफ-सफाई पूर्ण कर ली गयी है।

### लापता व्यक्ति का शव गुटवा स्थित कुएं से पुलिस ने किया बरामद

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के गुटवा परसाटोली गांव स्थित कुंआ से शनिवार को नवडीहा निवासी लापता रामदेव गोप का शव घाघरा पुलिस ने बरामद किया। वहीं शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। मृतक के पुत्र ने घाघरा थाना में बुधवार को लिखित आवेदन अपने पिता के लापता होने का दिया था। आवेदन में बताया था कि 8 नवंबर को उसके पिता रामदेव गोप घर से घास काटने की बात कहकर निकला था जिसके बाद वह वापस नही लौटा।

### चुनाव जीतने के बाद गांवों में दर्शन नहीं देते जनप्रतिनिधि : बोनीफास

- बामदा पंचायत में आजसू की बैठक, कमेटी का हुआ गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** चैनपुर प्रखंड के बामदा मेला मैदान में आजसू पार्टी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पंचायत प्रभारी पंचायत समिति सदस्य कृष्ण उरांव ने की। बैठक में पंचायत कमेटी का गठन किया गया था। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य बोनीफांस कुजूर, जिला सचिव सद्दाम हुसैन, महिला प्रखंड अध्यक्ष माधुरी एक्का शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय सदस्य बोनीफास ने कहा कि गुमला विधानसभा में वर्तमान विधायक सिर्फ बरगलाकर चुनाव जीते और 4 साल बीत जाने के बावजूद भी अभी किसी भी गांव पंचायत में दर्शन देने नहीं आते हैं। जिससे आम जन काफी नाराज हैं।

### छठ घाट सजकर तैयार, आज अस्ताचलगामी भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य देंगे छठव्रती



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में सभी जगहों पर छठ गीतों से वातावरण गुंजायमान हो रहा है। वही खरना से पूर्व छठव्रतियों ने शनिवार को विभिन्न छठ घाटों में अर्घ्य देते हुए भगवान भुवन भास्कर सूर्य नारायण को पूजन के लिये निमंत्रण भेजा साथ ही पूजन करते हुए छठ घाट पर छठी मईया को भी आमंत्रित किया गया है। वही शाम मे व्रतियों द्वारा खरना का आयोजन किया गया। जिसके उपरान्त खरना के साथ ही 36 घंटे का निर्जला लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत प्रारंभ हो गया है। रविवार शाम को छठव्रती अस्तचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य देंगे तथा सोमवार सुबह उदयाचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व सम्पन्न हो जायेगा। छठ महापर्व को लेकर प्रखंड के सभी छठ घाट सजकर तैयार हो गया है। ऐतिहासिक सीढीयो छठ घाट मे विद्युत सज्जा से लेकर छठ घाट की साफ-सफाई का कार्य पुरा कर लिया गया है। छठ पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में वातावरण भक्तिमय हो गया है।

# आवास विहीन और निराश्रित परिवारों को आवास दिलायेगी अबुआ आवास योजना

- सचिव ग्रामीण विकास विभाग झारखंड की अध्यक्षता में अबुआ आवास योजना को लेकर हुई जिला स्तरीय कार्यशाला
- प्राथमिकता के आधार पर योग्य लाभुकों को अबुआ आवास योजना का दें लाभ : सचिव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यशाला में निर्देश देते सचिव व उपस्थित अधिकारी।

**गुमला।** ग्रामीण विकास विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब गृहविहीन लोगों को पक्का घर उपलब्ध कराने हेतु राज्य संपोषित योजना के रूप में अबुआ आवास योजना की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त योजना का प्रारंभ वित्तीय वर्ष 2023-24 में किया जायेगा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित की जानेवाली पंचायत स्तरीय शिविरों में मुख्य प्रक्षेत्र के अंतर्गत अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जायेंगे। जिसकी ऑनलाइन प्रवृष्टि पोर्टल में की जानी है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर जांच टीम द्वारा प्रखंडों में सत्यापन, सर्वेक्षण, जांच का कार्य अभियान अवधि में ही करते हुए तदोपरांत प्राथमिकता सूची तैयार की जायेगी।

**लाभुकों को आवास योजना से आच्छादित करें : सचिव**

सचिव ग्रामीण विकास विभाग झारखंड रांची श्री चंद्रशेखर ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से एक महत्वपूर्ण योजना है। प्राथमिकता के आधार पर योग्य लाभुकों का चयन करते हुए अबुआ आवास योजना का लाभ देंगे। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें। कार्यशाला में उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अपील कि इस इस योजना के बारे में जागरूक करके लोगों को योजना का लाभ दिलायें। अंत में सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ इस संबंध में अपने पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए लाभुकों को आवास योजनाओं से आच्छादित करने हेतु निदेशित किया गया।

# सभ्यता और संस्कृति ही आदिवासियों की असली पहचान है : सुखदेव भगत

- रोचो महुआ टोली में आयोजित स्व कार्तिक उरांव सोहराय जतरा हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मांदर बजाते सुखदेव भगत।

**कुडू।** प्रखंड के रोचो छापर महुआ टोली सलगी में स्वर्गीय कार्तिक उरांव सोहराय जतरा का आयोजन किया गया इस जतरा में लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सुखदेव भगत का जतरा स्थल पहुंचने पर आयोजन समिति के द्वारा उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। जतरा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि हमारे पुरखों ने एक उद्देश्य से जतरा लगाने की परंपरा प्रारंभ की थी। जतरा के माध्यम से समाज के लोगों का मिलन होता है जिससे समाज में मजबूती आती है आपसी भाईचारगी बढ़ती है रिश्तो का आदान- प्रदान होता है साथ ही साथ आदिवासियों के रीति-रिवाज परंपरा को अगली पीढ़ी और बेहतर ढंग से आगे बढ़ाते रहे यही सोच के साथ जतरा का आयोजन प्रारंभ किया गया था। श्री भगत ने कहा की जतरा में आदिवासी संस्कृति की झलक दिखाई देती है लोग अपने पूर्वजों की बनायी गयी परंपरा को ताजा करते हैं। हमारी सभ्यता संस्कृति और हमारी परंपरा को बरकरार रखने के लिए युवा पीढ़ी को आगे आने की जरूरत है।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ खरना संपन्न चारों ओर बह रहे हैं भक्ति के बयार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** लोक आस्था और शुद्धता का प्रतीक चार दिवसीय छठ महापर्व के दूसरे दिन शनिवार को पूरी श्रद्धा और भक्ति कर साथ खरना सम्पन्न हुआ। छठव्रतियों ने दिन भर निर्जला उपवास कर, शाम को पूजा अर्चना के बाद खरना का प्रसाद ग्रहण किये, इसके साथ ही व्रतियों का 36 घण्टे का निर्जला उपवास शुरू हो गया, रविवार के जिले के विभिन्न छठ घाटों में अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को


खरना पूजा करतीं पूर्व शिक्षा मंत्री सह कोडरमा विधायक।

पहला अर्ध्य दिया जाएगा। वहीं सोमवार की सुबह उदीयमान भगवान भाष्कर को अर्ध्य देकर पर्व का पारण होगा, इसको लेकर जिले के विभिन्न छठ घाटों की साफ सफाई कर, आकर्षक रूप से सजाया गया वहीं विद्युत सज्जा करते हुए, जगह जगह पर तोरण द्वार बनाये गए, पूजा को सफल बनाने के लिए विभिन्न पूजा समितियों के पदाधिकारी और सदस्य सक्रिय रूप से लगे हुए हैं, व्रतियों को छठ घाट जाने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए घाट जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों की साफ सफाई के साथ विद्युत सज्जा किया गया है।

उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के द्वारा संयुक्त निर्देश जारी कर छठ पूजा को लेकर जिले के प्रमुख चौक चौराहों, संवेदनशील जगहों और छठ घाटों में पर्याप्त बल के साथ दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है, डीसी एसपी द्वारा जारी संयुक्त निर्देश में छठ घाटों और घाट जाने वाले प्रमुख मार्गों पर विशेष सतर्कता बरतने आदि का निर्देश दिया गया है, इसके अलावे पेट्रोलिंग के लिए अलग अलग क्षेत्रों के लिए विशेष गश्ती दल की व्यवस्था की गई,जो पूजा के दौरान अपने अपने निर्धारित रूट पर लगातार गश्ती करेंगे।

## गढ़वा में जल्द होगा मरीन ड्राइव का निर्माण : मंत्री

### मंत्री मिथिलेश ने किया विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने स्टूडेंट क्लब, फ्रेंड्स क्लब, यूनिवर्सल क्लब, जय देवी संघ, टी ग्रुप, सूर्या क्लब, छठ पूजा सेवा समिति साहिजना, जागृति क्लब, सूर्यांश क्लब सहित कल्याणपुर छठ घाट आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा समिति के पदाधिकारी से तैयारी का जायजा लिया।

साथ ही छठव्रती को बैठने, उनके नहाने की व्यवस्था से संबंधित की गई तैयारी का भी समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद के सीटी मैनेजर ओमकार कुमार को छठ घाट जाने वाले सभी रास्ते की सही ढंग से साफ सफाई कराने का निर्देश दिया। मंत्री ने बताया कि पूर्व में डीसी, एसपी, एसडीओ ने भी सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया है। सभी छठ पूजा समिति द्वारा भी काफी मेहनत कर छठ


छठ घाटों का निरीक्षण करते मंत्री व अन्य।

घाट को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आने वाले दिनों में छठ व्रतियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो उसके लिए नदी को साफ सुथरा रखने की दिशा में जल्द ही कार्य किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारी को छठ घाटों पर बेहतर सुविधा बेहतर सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करने का निर्देश दिया। मौके पर मुख्य रूप से एसडीओ विजय कुमार, सीओ कुमार मयंक भूषण, सीडीपीओ अवध कुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, जितेंद्र सिन्हा, विनोद जायसवाल, आनंद सिंहा, दिलीप गुप्ता, ब्रजेश उपाध्याय, प्रियम सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने निरीक्षण के दौरान सभी छठ घाट समिति के अध्यक्षों को यह अस्वस्थ कराया है कि बहुत जल्द गढ़वा में 120 करोड़ की लागत से मरीन ड्राइव का निर्माण कराया जाएगा।

इसके बाद छठ व्रतियों को कभी किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। साथ ही नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ साफ-सुथरा भी रहेगा। उन्होंने कहा कि मरीन ड्राइव का शिलान्यास जनवरी माह तक कर दिया जाएगा।

## खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ को लेकर शनिवार को खरना सम्पन्न हुआ। इसके साथ ही छठव्रतियों का 36 घण्टे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। रविवार को भगवान भास्कर को सायंकालीन अर्घ्य्य देकर छठव्रती सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य्य देकर व्रत पारण करेगी। खरना को लेकर पूरे अभ्रकांचल में उत्साह और उमंग देखा गया। श्रद्धालु, महिला, पुरुष एवं बच्चे छठव्रतियों के आवास पर शाम को पहुंचे और खरना का प्रसाद ग्रहण किया। छठ पूजा को लेकर शनिवार को झुमरीतिलैया बाजार में पूजन सामग्री के साथ-साथ बांस की बड़ी टोकरी, सूप, पीतल का लोटा, थाली, धूप, दीपक, पानी वाला नारियल, साड़ी, धोती, पयजामा, शाल की खरीदारी जमकर हुई। धोती 220 से 900 रुपये में बिक रहा है। वहीं साड़ी 350 से लेकर 3 हजार रुपये की बिक रही है। वहीं वस्त्र विक्रेता ने बताया कि इस वर्ष सूती साड़ी के दाम में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, तांत वाली सूती साडी 400, हैंडलूम सूती साडी 600 से 15 सौ, काजीवरम सूती साड़ी 15 सौ से दो हजार तक में बिक रही है।

## सलगी में हुआ भक्ति जागरण व नृत्य संगीत कार्यक्रम

**सिमरिया।** प्रखंड के सलगी गांव में दीपावली के उपलक्ष्य पर दो दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।भक्ति जागरण एवं दूसरे दिन नृत्य संगीत का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज सेवी बबन सिंह ने किया।शुभारंभ के दौरान बबन सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा में सैंकड़ों पंडाल एवं कार्यक्रम में शामिल हुआ और आज सलगी के सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। वहीं सुभाष सिंह ने कहा कि इस तरह के भक्ती कार्यक्रम से सामाजिक समरसता को बल मिलता है साथ ही ईश्वर के प्रति शांति,स्थिरता,दृढ़ता, विश्वास व श्रद्धा का भाव बढ़ता है। जागरण में भक्ति संगीत के साथ साथ एक से एक मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। गीत संगीत , नृत्य और झांकी का श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। भिन्न भिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक जलवा दिखाया।मौके पर भाजपा नेता सुभाष सिंह, पूजा कमिटी के दीपक सिंह, सुमन सिंह,अगस्त सिंह, नीरज सिंह, संजीत सिंह, अशोक सिंह, पंडु सिंह, आत्मा सिंह, कृपेश कुमार, शशिकांत सिंह,प्रभात सिंह, धीरज कुमार,ज्योति कुमार, मिथलेश सिंह,शैलेष सिंह, मुकेश सिंह,मनीष सिंह, प्रशांत कुमार,विवेकानंद सिंह,मौसम कुमार, झुनरू सिंह, कुनु सिंह,रंजीत सिंह,समेत कई लोग मौजूद थे।

## एक बार फिर उतरेगा मंत्री के आवास में भगवान भास्कर का रथ, छठी मइया देंगी आशीष


छठ घाट में तब्दील मंत्री मिथिलेश ठाकुर का आवास।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय संस्कृति में सर्वाधिक पवित्र और शुद्ध माने जाने वाले लोक आस्था का पर्व छठ के गीतों से शहर से लेकर गांव तक भक्तिमय बन गया है। यह ऐसा पर्व है जिसे जो ठान ले पूरा हो ही जाता है और इस पर्व के सभी व्रती को भगवान सूर्य की उपस्थिति और छठी मइया की छांव का प्रत्यक्ष एहसास भी हो जाता है। यही कारण है कि समाज के सभी वर्गों के लोग इस पर्व से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े रहते है। जाति-पाती, भेद्भाव, उच्च-नीच की दूरी मिटाने वाले इस पर्व को राजा भी करते हैं और रंक भी। राजा-रंक की भेद मिटाने के लिए ही इस पर्व में भिक्षाटन का प्रावधान किया गया है। पर्व की इस विधि को आत्मसात करते ही गढ़वा के झामुमो विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने अपने गढ़वा स्थित आवास पर चौथी वर छठ पर्व का आयोजन किया है। अपने आवास को पूरी तरह छठ घाट में तब्दील कर दिया है। व्रतियों के स्नान एवं अर्घ्य के लिए त्रिम तालाब का भी निर्माण कराया है। एक बार भी भगवान भाष्कर का रथ मंत्री जी के आवास पर उतरेगा और छठी मइया सभी जनों को आशीष देंगी। मंत्री जी ने जिले भर के लोगों को खरना प्रसाद के लिए आमंत्रित किया था। इस वर्ष मंत्री जी की भाभी अनिता ठाकुर और सासु मां इस व्रत को कर रो हैं। इस महापर्व में मंत्री के सभी परिजन बड़े भाई अमरनाथ ठाकुर, रंजीत कुमार ठाकुर, विनय ठाकुर, चंचल ठाकुर, सुनैना ठाकुर, रोजी ठाकुर, अनीता ठाकुर, सुभद्रा ठाकुर, सत्या ठाकुर, बहन, बहनोई सास, ससुर सभी परिजन, रिश्तेदार आए हुए हैं। इस मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि भगवान सूर्य सदैव गतिमान रहने का आशीर्वाद देते हैं। भगवान भाष्कर स्वयं अनवरत बिना थके चलते रहते हैं ताकि जगत का हारास न हो जाये। माताओं की मां छठी मइया सृष्टि में जीवों को जन्म देती हैं तो भगवान सूर्य उनके जीवन काल को पूर्ण करने की जिम्मेदारी उठाते हैं। इस व्रत का उद्देश्य उग रहे सूर्य का स्वागत करना और अपना सबकुछ समर्पित करना है। वही डूबते सूर्य की आराधना कर उन्हें पुनः पधारने की विनती करना है। इस लिए इस व्रत को जो भी करता है, उसकी मन्नत व्यक्तिगत न होकर सार्वजनिक हो जाती है। यही कारण है कि यह सृष्टि लाखों वर्षों से टिकी हुई है और इसका संचालन निर्वाध रूप से हो रहा है।

## जिप सदस्य ने की सूर्य नारायण वन को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग

**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं डीसी शेखर जमुआर को आवेदन सौंपकर भवनाथपुर प्रखंड के मुकुंदपुर गांव स्थित प्रसिद्ध सूर्य नारायण वन स्थित सूर्य मंदिर परिसर एवं खेल के मैदान को वन पट्टा उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही इसे पर्यटक स्थल के रूप में भी विकसित करने की मांग की है। सौंपे गये आावेदन में श्रीमती शर्मा ने कहा है कि यह परिसर आस्था से जुड़ा हुआ है। यहां प्रति वर्ष झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों सहित उत्तर प्रदेश, बिहार एवं छत्तीसगढ़ से काफी संख्या में श्रद्धालु छठ महापर्व करने आते हैं।

## बीडीओ व सीओ ने किया विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर शनिवार को बीडीओ राहुल कुमार सानू, सीओ चोनाराम हेंब्रम ने प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ व सीओ ने प्रखंड के विभिन्न नदी, तालाब व पोखरों पर होने वाले छठ के बारे में जानकारी ली। घाटों के निरीक्षण के क्रम में बीडीओ सर्वप्रथम प्रखंड मुख्यालय डंडई के दानरो नदी स्थित बगीचा छठ घाट पहुंचे। बगीचा छठ घाट पर बीडीओ व सीओ के अलावा अभय आनंद सिन्हा, मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम, उपप्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष अनुज प्रकाश आदि उपस्थित थे। बगीचा छठ घाट की साफ सफाई,


छठ घाट का निरीक्षण करते बीडीओ व सीओ।

बिजली व्यवस्था, बैरिकेडिंग व अन्य व्यवस्था देखकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संतोष जताया। वहीं विभिन्न छठ घाटों के भ्रमण के क्रम में बीडीओ ने छठ घाट की साफ सफाई, बिजली व्यवस्था सहित छठ व्रतियों के सभी तरह कि सुविधाओं पर विशेष ध्यान रखने की बात कही। इधर निरीक्षण के क्रम में सीओ ने बताया कि महापर्व पर छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने विभिन्न क्लब के सदस्यों, पूजा समिति सदस्यों को छठ घाट कि साफ सफाई करने, घाट पर बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने, कपड़ा बदलने के लिए केबिन बनाने, नदी में गहरे पानी वाले स्थान पर बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया। इधर प्रखंड क्षेत्र में महापर्व को लेकर छठ घाटों की साफ-सफाई सहित लाईट व साउंड सहित अन्य व्यवस्था कर ली गई थी।

कहीं कहीं जेसीबी के माध्यम से नदी को गहरा किया जा रहा था ताकि पानी के लिए परेशानी नहीं हो। इस क्रम में झोंतर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विष्णु यादव तथा बीडीसी अखिलेश पासवान विभिन्न छठ घाटों का दौरा कर साफ सफाई एवं अन्य तरह की व्यवस्था का जायजा लेते देखे गए। इस दौरान मुखिया व बीडीसी के द्वारा गढ़ही नदी छठ घाट, ठाकुर टोला छठ घाट, कचनारवा मलाही टोला छठ घाट सहित अन्य घाट पर व्रतियों की सुविधा हेतु समुचित व्यवस्था किया गया था।

## स्पीड न्यूज

### खरना पूजा करने के बाद विधायक ने किया महाप्रसाद ग्रहण





**कोडरमा।** हिन्दू धर्म में छठ पर्व को अत्यंत ही शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस पर्व से जुड़े नियमों का पालन करने से छठी मईया प्रसन्न होती है और अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती है। पर्व को लेकर व्रर्तियों में उत्साह है। शनिवार को खरना के प्रसाद के साथ छठ महापर्व की शुरुआत हो गई है। वहीं पूर्व शिक्षा मंत्री सह विधायक डॉ.नीरा यादव पूजा करने के बाद खरना का महाप्रसाद ग्रहण की। इसके बाद घर के लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया एवं आसपास के कई लोगों ने भी महाप्रसाद ग्रहण किया। पर्व को लेकर जिले के सभी चौक-चौराहे, गली मुहल्लों में छठी मईया के गीत गूंज रहे हैं। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने सभी घाटों का निरीक्षण किया एवं कई दिशा निदेश दिया। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से सभी घाटों में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। वहीं रविवार को अस्ताचलगामी भवगवान भास्कर को संध्या अर्घ्य दिया जायेगा एवं सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। इसके साथ ही 4 दिवसीय महापर्व छठ का समापन हो जायेगा।

### उग हे सूरज देव... भजन से गूंजा मंदिर का कोना-कोना



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** अड्डीबंगला रोड स्थित हनुमान मंदिर में छठ पर्व के नहाय-खाय के पावन अवसर पर कीर्तन श्रृंखला में भजनों का आयोजन किया गया। जिसमें मंच संचालन गिरधारी सोमानी ने किया और कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। वहीं भजन गायक मनोज माथुर ने माटी के लाल सुनो...से की, राम कृपाल कंठ ने हनुमान जी पर आधारित भजन प्रस्तुत किया। इसके अलावा अनुराधा सिंह ने छठ गीत केलवा के पात पर गा कर भावपूर्ण माहौल बना दिया।

### छठ व्रतियों ने भगवान भास्कर को खीर का लगाया भोग



**मरकच्चो (कोडरमा)।** लोक आस्था का महापर्व के दूसरे दिन व्रतियों ने दिनभर निर्जला उपवास रख कर शनिवार शाम में भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर खीर का भोग लगा कर खरना की। वहीं रविवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी। वहीं छठ पूजा समितियों ने बताया कि व्रतियों की सुविधा के लिए छठ घाट पहुचने की पथ की साफ-सफाई पूरी कर ली गई है, छठ घाट को रंग-बिरंगे लाइटों से सजाने का कार्य प्रारंभ है। बताते चलें कि व्रती रविवार की संध्या 526 बजे तालाब व नदियों के निर्मल जल में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य्यदान करेगें। वहीं सोमवार की प्रात: 646 बजे उदीयमान सूर्य को अर्घ्यदान कर 36 घंटे का निर्जला उपवास का पारण कर व्रत तोड़ेंगें।

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मोटरसाइकिल से किया छठ घाट का भ्रमण


मोटरसाइकिल से छठ घाट का भ्रमण करते मंत्री।

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वास्थ्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को मोटरसाइकिल से शहर के विभिन्न छात्रों का भ्रमण किया। शहर में छठ महापर्व को लेकर काफी भीड़ एवं ट्रैफिक जाम होने के कारण उन्होंने अपनी गाड़ी नदी में ही छठ घाट पर छोड़ दिया। वहां से अन्य घाटों पर मंत्री ने मोटरसाइकिल से ही भ्रमण किया।

### छठव्रती महिलाएं आज देंगी पहला अर्घ्य

**डोमचांच (कोडरमा)।** लोक आस्था का महापर्व छठ पर्व को लेकर डोमचांच बाजार में शनिवार को काफी भीड़-भाड़ दिखी। पूजा की तैयारी को लेकर बाजार में दौरा, सूप व छठ पूजन सामग्री की बिक्री जमकर हुई। डोमचांच बाजार, ढाब रोड, जयनगर रोड, शहीद चौक समेत कई स्थलों पर लोग खरीदारी करने पंहुचे। डोमचांच बाजार एक मंडी के रूप में जाना जाता है। डोमचांच में ढाब, बगड़ो, बगरीडीह, तेतरियाडीह, ढोढ़ाकोला, सपही, जानपुर, बंगाखलार, काराखूट, नावाडीह, बेहराडीह, शिवसागर, महेशपुर, पुरनाडीह, फुलवरिया आदि क्षेत्रों से लोग आते हैं। व्रती महिलाएं पूरे 36 घंटे का रखती हैं निर्जला व्रत : छठ पूजा का व्रत सबसे कठिन व्रतों में से एक होता है।

## एक नजर में

### आज भद्रकाली छठ घाट पर गंगा आरती की तर्ज पर होगी महाआरती



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** भद्रकाली छठ पर आज रविवार को शाम छः बजे बनारस गंगा आरती की तर्ज पर महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। छठ घाट पर हो रही आरती का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से भी दिखाया जाएगा। इटखोरी में बनारस गंगा घाट पर होने वाली आरती की तर्ज पर पहली बार महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। यह आरती शाम छः बजे से शुरू होकर रात 7 बजे तक लगातार चलेगी। यानी लोग एक घंटे इस मनोरम दृश्य का लुत्फ उठा सकेंगे। गंगा महा आरती 5 युवा ब्राह्मणों द्वारा बेहद ही खूबसूरत तरीके से प्रस्तुत की जाएगी। महा आरती के पूर्व चयनित पांच युवा ब्राह्मणों द्वारा रिकॉर्डिंग के माध्यम से गंगा महा आरती का प्रस्तुति करेंगे। इसके पूर्व शिव तांडव स्तोत्र की रिकॉर्डिंग सांग पर पांचों ब्राह्मण भगवान शिव का खूबसूरत तरीके से आराधना करेंगे। जो पहली बार उपस्थित भक्त जनों के बीच आकर्षण का केंद्र होगा। आयोजन समिति द्वारा इटखोरी बाजार से लेकर भद्रकाली मंदिर स्थित छठ घाट तक बेहतर लाइट की व्यवस्था के साथ साथ पूरे स्थल को कृत्रिम लाइटों से एवं फूलों से सजाया गया है। सीढ़ियों को विभिन्न रंगों से रंग रोगन किया गया है।

### बीडीओ एवं थाना प्रभारी ने छठ पूजा घाटों का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा।** शनिवार को प्रखंड पत्थलगड़ा में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर पत्थलगड़ा बीडीओ मोनी कुमारी एवं पत्थलगड़ा थाना प्रभारी सचिन कुमार दास के द्वारा पत्थलगड़ा प्रखंड के विभिन्न छठ पूजा घाटों जिसमे सिंघानी छठ पूजा घाट, बरवाडी छठ पूजा घाट पत्थलगड़ा छठ पूजा घाट, नावाडीह छठ पूजा घाट, नॉनगांव छठ पूजा घाट तथा अन्य छठ पूजा घाटो का संयुक्त रूप से निरक्षण किया गया बिडियो एवं थाना प्रभारी ने सभी छठ पूजा समिति के सदस्यों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जहां भी ज्यादा पानी है वहां पर व्यवस्था करना जल्द सुनिश्चित करें ' वही पूजा समिति के लोगो के द्वारा सभी छठ पूजा घाटों को सजा दिया गया है तथा लाईट का भी व्यवस्था किया गया । ताकि छठ व्रतियों को किसी भी प्रकार की कोई भी परेशानी और दिक्कत न हो ।वहीं छठ पूजा घाट पर पूजा समिति के सभी सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** नवयुवक संघ पिपराडीह के द्वारा छठ वर्तियो के बीच शनिवार को पूजन सामग्री का वितरण किया गया। पूजन सामग्री में सेव दो पेटी,केला दो कांधी, दूध 10 लीटर, संतरा4 किलो, सुथानी 250सौ ग्राम, नारियल 10 पीस, गाजर 1 किलो, पानी फल 3 किलो, मूली 2 किलो, मोताबी2पीस, डम्भा 2 पीस, कपूर एक पैकेट ,अनानास चार पीस, अगरबत्ती एक पैकेट, गन्ना सात पीस, शरीफा 5 पीस ,शकरकंद 2 किलो, अदरक 1 किलो, पंचमेवा 500 ग्राम, धूप दो पैकेट, आरत पांच पैकेट, माचिस एक पैकेट, पान पत्ता 25 पीस, कसेसली 10 पीस, मौली धागा दो पैकेट, सिंदूर ढाई सौ ग्राम, रोड़ी एक पैकेट ,चना 500 ग्राम, लोन्ग 100 ग्राम, इलायची 25 ग्राम, एवं नगद राशि 125 रुपए प्रत्येक छठ वतीर्यो को दिया। संघ के अध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद सचिव उपेंद्र विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष सुनील प्रसाद, सदस्य ध्रुव प्रसाद में बताया कि नवयुवक संघ के द्वारा पिछले 5 वर्षों से लगातार पूजन सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है।

### खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू, पहला अर्घ्य आज


घाट पर छठ व्रती।

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार की शाम छठ व्रतियों ने खरना का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। छठ व्रतियों ने मुकुन्दपुर के सुप्रसिद्ध नारायण वन, अमराहीदह छठ घाट, बुढ़ी खाड़ छठ घाट और बत्तों कला छठ घाट पर स्नान कर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इसके पश्चात घर लौटकर पीतल के बर्तन और आम की लकड़ी पर पवित्रता का ख्याल रखते हुए गुड़ का खीर, पुड़ी प्रसाद बनाकर ग्रहण किया।

आसपास के लोगों को भी छठ व्रतियों के घर खरना का प्रसाद खाते देखा गया। चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन सोमवार को उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ होगा। नारायण वन छठ घाट पर मंदिर विकास समिति के द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## स्पीड न्यूज

### सीआरपीएफ 214 बटालियन ने किया तीन दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन



**सरयू।** सीआरपीएफ 214वीं वाहिनी ने तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन 214 बटालियन के एफ कंपनी से सरयू प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में शनिवार से प्रारंभ किया। इस कार्यक्रम को शुभारंभ करते हुए 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी ने कहा कि 214 वी वाहिनी क्षेत्रांतर्गत आने वाले सरयू, सोनवार, पतरातु, घासीटोला, चाचू, गोताग, डबरी, चिपरू, डोरम समेत अन्य गांव के युवाओं के लिए सिविक एक्शन कार्यक्रम के द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। जिसके तहत 18 से 21 नवंबर तक तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ साथ शरीर स्वस्थ्य रहता है। स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का वास होता है। इसी उद्देश्य से ही ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर किया जाता है। मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद, उप कमांडेंट मो शाहिद मासूम, सहायक कमाण्डेण्ट बेंजामिन सूण्डी, निरिक्षक विश्वजीत सिंह, जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव, प्रमुख अमिता देवी, मुखिया अंकिता देवी आदि उपस्थित थे।

### भूमि विवाद में दो पक्ष भिड़े, एक घायल



**चंदवा।** थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत नगर बसार टोला गांव में शनिवार की दोपहर लगभग एक बजे जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच भीषण झड़प हो गयी। झड़प में एक पक्ष के सुनील नायक गम्भीर रूप से घायल हो गया। सुनील को गम्भीर अवस्था में परिजनों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। मामले को लेकर प्रथम पक्ष की ओर से चंदव थाना में आवेदन दिया गया है। जिसके आधार पर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी है। बताया जाता है कि बसार टोला में नायक समाज के लोगों को दान स्वरूप सरकार के द्वारा मिला था, जिसमे वर्षों से नायक समाज के लोग रह रहे हैं, नायक समाज के लोगो का जमीन पर आवास भी बना है। आरोप है कि उक्त जमीन पर दूसरे पक्ष के लोगो के द्वारा अपने नाम से बंदोबस्त करा लिया गया है। इधर खबर लिखे जाने तक घटना को दूसरे पक्ष की ओर से थाना को आवेदन नही दिया गया था। मामले में थाना प्रभारी शुभम कुमार ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है, जांच की जा रही है, जांचोपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

### फूड प्वाइजनिंग का शिकार होने से एक महिला समेत 16 बच्चे बीमार



**बालूमाथ/हेरहंज।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र से सटे लवागड़ा में शुक्रवार देर शाम चाट और गोलगप्पा खाने से 16 बच्चे समेत एक महिला फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गये। सभी को उल्टी-दस्त होने के बाद परिजनों ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां उनका ईलाज संजय सिदार्थ ने किया। जानकारी के अनुसार सभी लोगो ने ठेला पर चाट और गोलगप्पा खाया था। जिसके खाने से सभी को दस्त होने लगा। फूड प्वॉइजन का शिकार हुए बच्चों में निशांत कुमार 3 वर्ष पिता कजरू भुइयां, साकित कुमार (एक) पिता राजू राम, अंकिता कुमारी (8) पिता राजेश गंझु, पिंकी देवी 22 वर्ष पति संतोष भुइयां, आरोही कुमारी 2 वर्ष पिता रामचंद्र भुइयां, निशु कुमारी डेढ़ वर्ष पिता कजरु भुइयां, आयुष कुमार 2 वर्ष पिता रिंकू भुइयां, बबली कुमारी (7), कारू राम, शत्रुघन कुमार (5) पिता रिंकू भुइयां, पूनम कुमारी (9) पिता अजय भुइयां, माही कुमारी (3) पिता राजू राम, माहिर कुमार डेढ़ वर्ष पिता राजेश गंझु, अनुराग कुमार डेढ़ वर्ष पिता निकलेश गंझु, नंदकिशोर गंझु 8 वर्ष पिता छदु गंझु, सृष्टि कुमारी ढाई वर्ष पिता शिवा गंझु, साक्षी कुमारी 5 वर्ष सुनील भुइयां के नाम शामिल हैं। घटना के बाद फूड पॉइजनिंग का शिकार हुए सभी लोग खतरे से बाहर बताये जाते हैं।

### सहिया दिवस पर दिया गया स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश



**सेन्हा-लोहरदगा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सहिया दिवस मनाया गया। आयोजित सहिया दिवस कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सभी सहियाओं ने भाग लिया। स्वास्थ्य समन्वयक रानी देवी एवं सुनील महतो ने सभी सहियाओं को कार्य के प्रति कहा कि माहवारी पंजी, परिवार नियोजन पर चर्चा, स्वास्थ्य मेला लगाना, सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित व्यक्तियों की सूची बनाना और गृह भ्रमण कर नवजात का फोटो संग्रह करने के बारे में निर्देश दिया गया। मौके पर ललिता देवी, आभा देवी, मरियम टोप्पो, अनीता उरांव, रेखा देवी, गीता देवी, साहिना प्रवीण, शिला कुजूर, उर्मिला उरांव, सावित्री कुमारी, राधा देवी, सीमा देवी सहित सभी सहिया उपस्थित थे।

### मानसिक बीमार अधेड़ ने की आत्महत्या

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत पीपर टोली निवासी स्वर्गीय बुदु उरांव के 45 वर्षीय पुत्र मंगरा उरांव ने शुक्रवार रात्रि लगभग 9 बजे अपने खपरैल मकान के लकड़ी के सहारे रस्सी का फंदा से झूल कर आत्महत्या कर लिया। बताया जाता है कि घर के लोग रात्रि करीब 9 बजे खाना खाने के लिए उठाने गये तो दरवाजा नही खोलने पर परिजनों को संदेह होने लगा तभी काफी मशक्कत के बाद दरवाजा खोल कर देखा तो मंगरा उरांव फांसी के फंदा से लटका हुआ मिला। इसके बाद परिजनों ने सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार को मामले की सूचना दी।

# छठ व्रतियों की सेवा में अन्नपूर्णा बीज भंडार का योगदान अहम : राजकुमार

- चंदवा और बरियातू में अन्नपूर्णा बीज भंडार द्वारा 1000 व्रतियों के बीच किया गया निःशुल्क ईख वितरण
- किसानों के हित मे 13 वर्षों से यह प्रतिष्ठान कर रहा है सेवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड अंतर्गत बुध बाजार स्थित अन्नपूर्णा बीज भंडार के प्रोपराइटर अंकित कुमार व मोनी कुमारी गुप्ता द्वारा चंदवा व बरियातू में 1000 छठ व्रतियों के लिए निःशुल्क ईख का प्रबंध किया गया। शनिवार की सुबह 8 बजे बुध बाजार स्थित अन्नपूर्णा बीज भंडार प्रांगण में बतौर मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू, राजकुमार साहू, राजकुमार अग्रवाल, किरण प्रसाद, महेंद्र अग्रवाल, अंकित कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटने के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच निःशुल्क ईख वितरण कर इसकी शुरुआत की। उद्घाटन के पश्चात ही निःशुल्क ईंख लेने वालों व्रतियों की कतार लग गई और देखते ही देखते महज कुछ घंटो में ही सैकड़ो व्रतियों ने निःशुल्क ईख प्राप्त किया। अन्नपूर्णा बीज भंडार के द्वारा बुध बाजार चंदवा के अलावे कामता कुजरी, नगर, चकला व बरियातू में भी व्रतियों के लिए ईंख उपलब्ध कराया, जिसका वितरण स्थानीय समितियों की देखरेख में किया गया।

मौके पर राजकुमार अग्रवाल, महेंद्र प्रसाद साहू व राजकुमार साहू ने कहा कि छठ व्रतियों की सेवा व सहयोग के साथ धार्मिक आयोजनों में अन्नपूर्णा बीज भंडार का योगदान हमेशा से ही अहम रहा है। समाज के हर वर्ग के लोगो को इनसे सिख लेकर समाज कल्याण की भावना से कार्य करना चाहिए। वहीं अन्नपूर्णा बीज भंडार के प्रोपराइटर अंकित कुमार व मोनी कुमारी गुप्ता ने कहा कि हिंदू धर्म मे छठ पूजा का बड़ा महत्व है, इस पर्व के माध्यम से सूर्य देवता की पूजा की जाती है।



ईख वितरण करते संचालक व अन्य।

हिंदू धर्म के हर एक वर्ग के लोग इस पूजा के प्रति आस्था हैं। इसी वजह से बाजार में सब्जी, दूध, केतारी की मांग बढ़ है। जिसे कारण मूल्य मे लेने से अत्यधिक वृद्धि हो जाती है। जिसे देखते हुए हमारी ओर से निःशुल्क ईंख का वितरण के रूप में एक छोटा सा पहल किया गया। आगे बताया कि अन्नपूर्णा बीज भंडार लातेहार जिला भर मे एकमात्र ऐसा दुकान है जो 100 से अधिक कंपनियों का सामग्री होलसेलर रेट में ही किसानों को उपलब्ध कराया जाता है, इसके साथ ही जो किसान बीज लेने में सक्षम नहीं है उसे निःशुल्क बीज उपलब्ध कराया जाता है। यह दुकान बुध बाजार चंदवा मे 13 वर्षों से है और यह एकमात्र ऐसा दुकान है जो किसानों के हित मे न्योछावर है। ईंख वितरण के मौके पर राहुल कुमार प्रजापति, संजय कुमार प्रजापति, कृष्णा स्वर्णकार, रंजीत कुमार, यश अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल समेत काफी संख्या श्रद्धालु मौजूद थे।

# खरना संपन्न : अस्ताचलगामी भुवन भास्कर को अर्घ्य आज

## बरवाडीह के सभी छठ घाटों पर आज उमड़ेगा आस्था का सैलाब

- प्रशासन ने छठ घाटों में किया है पुख्ता सुरक्षा प्रबंध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** सूर्य उपासना और लोकआस्था से जुड़ा चार दिवसीय छठ पूजा का आज तीसरा दिन है। पवित्र पर्व को लेकर समूचा प्रखंड भगवान भास्कर की भक्ति में सारोबार हो गया है। शनिवार को खरना संपन्न होने के साथ ही 36 घंटे के निर्जला वर्त की शुरूवात हो गई है। आज रविवार की शाम छठ व्रती अस्ताचलगामी सूर्य यानी डूबते सूरज को अर्घ्य समर्पित करेंगी। अगले दिन यानी सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पूजा व्रत पूरा होगा। इसके बाद व्रती अन्न-जल ग्रहण कर पारण करेंगे। इसके लिए प्रखण्ड प्रशासन और पूजा समितियों द्वारा सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बरवाडीह का आदर्श नगर छठ घाट, मैन रोड घाट और देवरी नदी घाट श्रद्धालुओं के लिए दुल्हन की तरह सज धज कर तैयार है। इधर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने छठ पूजा के अवसर पर क्षेत्रवासियों को छठ पूजा की शुभकामनाएं दी है। बता दें कि छठ पर्व को लेकर पूरा बरवाडीह भक्तिमय हो गया है। विभिन्न मुहल्लों से लेकर घाटों तक, यानी पूरे इलाके में छठ पूजा के पारंपरिक गीत गूंज रहे हैं।



सजी फलों की दुकानें।

# रेलवे कैंप में गोली चलने की घटना की नहीं हुई पुष्टि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** टोरी शिवपुर थर्ड रेल लाइन निर्माण कार्य कर रही कंपनी ने शुक्रवार की रात्रि 9 बजे पुलिस को सूचना देकर कहा कि चार-पांच की संख्या में अज्ञात अपराधियों ने कैम्प में धावा बोल कर गोली-बारी करते भाग गया है। अपराधियों ने 8-10 राउंड गोली चलाई है। घटना की सूचना पाकर रात्रि में ही बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो व पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे वह छानबीन आरंभ कर दी। लेकिन गोली चलाने की पुष्टि नही हो पाई। सूचना के बाद पूरे रात भर पुलिस परेशान रही। शनिवार को गोली चलने की सूचना की जांच करने पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा बालूमाथ रेलवे कैंप पहुंचे जहां रेलवे संवेदक के बताये घटनास्थल की जांच की जहां आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर कहीं भी गोली चलने की पुष्टि नहीं हुई। बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र महतो ने कहा कि गोली चलने की घटना की सूचना बालूमाथ थाना पुलिस को नहीं देकर संवेदक द्वारा वरीय पदाधिकारी को दी गई। इधर संवेदक द्वारा बताया गया कि साई कृपा शंकर कंस्ट्रक्शन के रेलवे कैम्प में चार-पांच की संख्या में आकर अपराधियों ने गोली चलाई गयी है। कंपनी के मजदूर अब्दुल गफार समेत कई मजदुरों ने बताया की वे लोग साइट से काम कर रूम में गये थे। इसी दौरान पांच की संख्या में आये अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी की हमलोंगो ने चार राउंड फायरिंग की आवाज को सुना और इसकी सूचना कंपनी के वरीय लोगो को दी और डर से हमलोग



जांच करती पुलिस।

# छठ महापर्व : कई संस्थाओं ने बांटी पूजन सामग्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** छठ महापर्व को लेकर बालूमाथ में कई संस्थाओं ने व्रतियों के बीच सामग्री का वितरण किया। जिसमे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्द भारती स्वयं सेवी संस्था अध्यक्ष रवि सिंह के नेतृत्व में लागत मूल्य से कम 52 रुपये प्रति लीटर दूध का वितरण किया गया। समिति द्वारा करीब दो हजार लीटर दूध का वितरण किया गया।

मौके पर समिति के संजय ओझा, रवि रजक, प्रमोद कुमार, शशिभूषण गुप्ता, दीपक कुमार उर्फ बमभोला, अखिलेश गंझु, लालदेव गंझु, अमित कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे। वहीं रौनियार विकास सोसायटी ने लागत मूल्य से कम कीमत 55 रुपये लीटर पर दूध का वितरण किया एवं मुफ्त ईख वितरण किया। मौके पर समिति के विनोद बिहारी, संजीव गुप्ता, चंदन कुमार, उमेश गुप्ता, बिपिन बिहारी गुप्ता, विष्णु गुप्ता, मोहन गुप्ता, रिंकू गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित थे। इसके अलावा झरिवा टोला छठ पूजा समिति के द्वारा चौरसिया स्वीट में लागत मूल से कम 45 रुपए लीटर दूध का वितरण किया गया। वहीं मुफ्त जोड़ा नारियल का वितरण किया गया। मौके पर प्रकाश सिन्हा ने बताया कि समिति द्वारा आपस मे सहयोग कर एवं मिले कई गुप्त दान की बदौलत यह वितरण कार्य किया गया। मौके पर समिति के रामदेव साव, सन्तोष चौरसिया, प्रकाश सिन्हा, ललन गुप्ता, विकाश पांडे, सुदामा प्रजापति, पंकज गुप्ता, शौरभ चौरसिया, अशोक साव, अमन चौरसिया समेत कई लोग उपस्थित थे। वहीं पतंजलि योग समिति के द्वारा मुफ्त आम के लकड़ी का वितरण किया गया। मौके पर शशिभूषण गुप्ता, बबलू चौरसिया, सतेंद्र सिंह, अखिलेश भोक्ता, लालदेव गंझु, ओमप्रकाश पांडे, किशोर गुप्ता, विक्की सिंह समेत कई उपस्थित थे। इसके अलावा बालूमाथ निवासी संजीव गुप्ता एवं पंकज सिन्हा के द्वारा 80 पीस नारियल मुफ्त बांटा गया।



सामग्री वितरण करते लोग।

### आज अस्ताचलगामी और कल सुबह उदीयमान सूर्य को दिया जायेगा अर्घ्य



**लातेहार।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा में रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य एवं सोमवार की सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य दी जायेगी। इसकी यहां तैयारियां पूरी कर ली है। छठ व्रतियों ने शनिवार की शाम खड़ना कर खीर का प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले छठ व्रतियों ने औरंगा नदी एवं विभिन्न जलाशयों में घाटों का निर्माण कर छठ मइया का आह्वन किया। इसी के साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। सूर्यनारायण पूजा समिति, चटनाही के द्वारा बाइपास चौक से राजहार एवं छठ घाट तक आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी है। कई जगहों पर तोरणद्वार बनाये गये हैं। औरंगा नदी में आधा दर्जन से अधिक स्नानागार बनाये गये हैं। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि अस्ताचलगामी सूर्य व उदयिमान सूर्य का अर्घ्य देने के बाद गंगा आरती की जायेगी।

### समाजसेवी ने छठ महापर्व को लेकर किया आम की सूखी लकड़ी वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लातेहार।** जिले के समाजसेवी अशोक प्रसाद उर्फ बुट्टा जी ने छठ महापर्व को लेकर शुक्रवार को आम का लकड़ी बांटी। श्री प्रसाद ने बताया कि छठ महापर्व में खीर भोजन के दिन प्रसाद बनाने के लिए आम की लकड़ी अनिवार्य होती है। ऐसे में आम की लकड़ी के लिए श्रद्धालुओं को परेशान होना पड़ता है। छठव्रतियों को परेशानी न हो, इसी उद्देश्य को लेकर वे पिछले 10 वर्षों से आम की लकड़ी बांट रहे हैं। इधर, अशोक प्रसाद के इस कार्य का स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की है। कहा कि अशोक प्रसाद ने दिखा दिया है कि यदि समाजसेवा का जज्बा मन में हो तो उसे किसी भी रूप में किया जा सकता है। ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय के शहीद चौक निवासी अशोक प्रसाद उर्फ बुट्टा जी सामाजिक सरोकार के काम में 24 घंटे तत्पर रहते हैं। गरीबों के लिए हमेशा निस्वार्थ भाव से काम करते हैं।

### लागत मूल्य से कम दाम पर व्रतियों के लिए सुधा दूध का किया वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हेरहंज।** हेरहंज प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री राम इंटरप्राइजेज प्रतिष्ठान के परिसर में लागत मूल्य से कम दाम पर छठ व्रत धारियों के लिए सुधा दूध का वितरण किया गया। समिति के सदस्य रूपेंद्र जायसवाल ने कहा की क्षेत्र में दूध की कमी को देखते हुए बीते 12 वर्षो से व्रत धारियों को लिए खीर भोजन को लेकर सुधा दूध उपलब्ध कराया जाता है और इस बार भी पूजा समितिके सदस्यों द्वारा यह सेवा उपलब्ध कराई गई है। सुधा दूध वितरण करने में देवनंदन प्रसाद, श्रीधर कांत जायसवाल, राजेश साहु, फुलदेव सिंह शामिल थे। समिति के लगातार किये जा रहे इस कार्य को सभी ने सराहना की है और कहा की दूध की समस्या के लिए लोगो को परेशानी नहीं उठानी पड़ी। उधर हेरहंज थाना पुलिस और प्रखंड प्रसाशन ने भी छठ व्रत धारियों को निः शुल्क रूप से 250 लीटर दूध का वितरण किया गया है।



### युवा वाहिनी ने की सुदूरवर्ती छठ घाटों की सफाई

**चंदवा।** छठ महापर्व को लेकर पूरे चंदवा में विभिन्न छठ घाटों पर बड़े ही धूमधाम से तैयारियां जोरों पर है। युवा सुरक्षा वाहिनी के रिकी वर्मा के नेतृत्व में सुदूरवर्ती ग्राम रुद में जेसीबी की मदद से साफ सफाई और छठ घाट का मरम्मत और सुंदरीकरण किया गया। वहीं समिति के रिकी वर्मा ने बताया कि इस बार छठ महापर्व ग्रामीण इलाकों में भी भव्य तरीके से मनाया जायेगा। जिसके लिए तैयारी जोरों शोरों से चल रही है। घाट के सौंदर्यीकरण में जेसीबी मशीन का भी सहारा लिया जा रहा है। मौके पर युवा सुरक्षा वाहिनी के छोटू रजक, विकास गुप्ता, सोनू गुप्ता, सोनू प्रजापति, मलिंगा वृत्तियों एवं श्रद्धालुओं को सेवा देने के लिए हर संभव प्रयास में लगी है।



# हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक

- संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग की अध्यक्षता में हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार, करमा जिम्पा भूटिया की अध्यक्षता में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए संयुक्त सचिव ने कहा कि हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का शुभारंभ 23 नवंबर को प्रस्तावित है। हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम देश भर में विकास और प्रगति को गति देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम शुरू की जा रही है। आगे उन्होंने कहा कि जिला अंतर्गत प्रखंड, पंचायतों में आईईसी वैन के संचालन के लिए रूट चार्ट तैयार किया जाये।




बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

**खास बातें :** आईईसी वैन के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करते हुए वंचितों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के सफल संचालन एवं नियमित मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक स्तर पर समिति गठित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए सरकार ने अनेक स्तर पर प्रयास किए हैं। केंद्र सरकार की हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति को लाभ प्रदान कर जागरूक करना है। आगे कहा कि हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन भव्यता के साथ किया जाएगा। इसे गंभीरता से ले सभी अधिकारी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपके लिए यह एक अवसर है, जिसके माध्यम से केंद्र, राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ छूटे एवं पात्र लाभार्थियों को दिलाया जाना है।

# तीन बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठा, मदद की लगायी गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के बालूभांग पंचायत अंतर्गत हेरानहोपा गांव में माता पिता के मौत के बाद तीन पुत्र व पुत्री अन्नाथ हो गए हैं। प्रशासन व विभाग से मदद की गुहार लगाई है। बालूभाँग पंचायत उप मुखिया विनोद कुमार यादव ने बताया की हेरनहोपा निवासी दलित परिवार नन्दकिशोर राम की 28 दिसम्बर 2016 को मौत हो गई तब से पत्नी सकुनवा देवी ने 14 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार, पूजा कुमारी (12) व नितेश कुमार (10) को मेहनत मजदूरी कर पालन पोषण कर रहे थे। लगभग एक वर्ष से बीमार चल रहे थे। आर्थिक तंगी के कारण बाहर ईलाज नहीं करा सकी। बीमारी से जूझ रहे सकुनवा देवी की अचनाक 16 नवम्बर 2023 को मौत हो गई। दोनों माता पिता के गुजर जाने के बाद तीनो किशोर बच्चों को क्रिया क्रम करना भी मुश्किल हो गया है। साथ ही गरीबी का दंश झेल रहे इन तीनो पुत्र-पुत्री को जीविका चलाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। शिक्षा के लिए किसी आश्रयदाता के सहयोग की आवश्यकता है। माता पिता के शाया उठ जाने के बाद तीनो पुत्र पुत्री अन्नाथ हो गए हैं। जिसके कारण काफी चिंतित हैं। बताया गया की चाचा कई वर्ष पूर्व से अलग हैं। पीड़ित बच्चों ने प्रशासन व प्रतिनिधि एवं सरकार से मदद की गुहार लगाई है।



रोते बिलखते परिजन।

# छठ पूजा को लेकर पटना के गंगा घाट सजकर तैयार श्रद्धालुओं की हर सुविधा का रखा गया है ख्याल

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**पटना।** छठ पूजा को लेकर पटना के गंगा घाटों पर तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इस साल पटना में गंगा के किनारे लगभग 108 घाट तैयार किए गए है, जहां श्रद्धालुओं की हर सुविधा का ख्याल रखा गया है। जेपी सेतु से लेकर गंगा के किनारे कंगन घाट तक बड़े और सुंदर घाट बनाए गए हैं। पटना डीएम चंद्रशेखर सिंह ने पटना के सभी घाटों का जायजा लेते हुए जो भी कमियां रह गई है, उसे दूर करने का निर्देश जारी किया है। पटना नगर निगम ने छठ को लेकर 100 से ज्यादा घाटों का निर्माण किया है, जिसमें 13 ऐसे घाट हैं जो मॉडल और सबसे बेहतरीन है। इन घाटों पर रात में रुकने के लिए यात्री शेड, चेंजिंग रूम, मेडिकल सुविधा के साथ रौशनी की शानदार व्यवथा है। दीघा पाटी पुल घाट, 93 नंबर घाट, 88 नंबर घाट, 83 नंबर घाट, कलेक्ट्रेट घाट, महेंद्र घाट, कालीघाट, एनआईटी घाट, लॉ कॉलेज घाट, गायघाट, भद्र घाट और कंगन घाट शामिल है। इन सभी घाटों को चकाचक घाट के रूप में प्रदर्शित किया गया है। इन घाटों पर सेल्फी प्वाइंट का भी निर्माण किया गया है, जिस पर आई लव चकाचक पटना लिखा गया है, जहां लोग छठ की यादों को संजोने के लिए सेल्फी ले सकते हैं। इन घाटों के रास्तों और पहुंच पथ को बेहतर बनाया गया है।

**जानिए कौन घाट हैं खतरनाक :** अगर आप परिवार के साथ गंगा घाट जा रहे हैं तो आपको जानना जरूरी है कि कौन से घाट खतरनाक है, जहां आप न जाएं. पटना में चार ऐसे घाट हैं जिसे जिला प्रशासन ने खतरनाक घोषित किया है और लोगों को वहां जाकर छठ करने से मना किया है। इन घाटों में मीनार घाट, एलसीटी घाट, राजापुर पुल घाट शामिल हैं, जहां लाल कपड़ा घेरकर खतरनाक दशार्या गया है।

**बैलून के जरिए जानें सुरक्षित घाट :** नगर निगम प्रशासन ने बड़े बैलून लगाकर पटना के घाटों को सुरक्षित और चकाचक प्रदर्शित किया है। पटना के वैसे सभी घाट को मॉडल घोषित किया गया है। इन घाटों पर बड़े बैलून लगाए गए हैं, जो कई किलोमीटर दूर से ही देखा जा सकता है। निगम प्रशासन के अनुसार जहां भी बड़े बैलून दिखे मान ले वह घाट मॉडल, चकाचक और सुरक्षित है।

# प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार पर कसा तंज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर उर्फ पीके ने बिहार सरकार की ओर से जारी आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसा है. उन्होंने कहा कि कभी-कभी जब दिन खराब होता है, तो आप सोचकर अच्छा भी करने जाइएगा तो उल्टा ही होगा। नीतीश कुमार ने अपने राजनीतिक फायदे को सोचकर आर्थिक सर्वेक्षण जारी किया, लेकिन राजनीतिक तौर पर नुकसान हो रहा है। इसी को कहते हैं गोबर को उठाकर मुंह पर लगाना। प्रशांत किशोर ने कहा कि 32 साल से सत्ता पर काबिज लालू यादव और नीतीश कुमार ने वंचितों के साथ की हकमारी की है। पीके ने कहा, 'अभी सरकार ने जातीय जनगणना से जोड़कर जो आर्थिक सर्वेक्षण जारी किया उसी आंकड़े को देखिए तो पता चलता है कि 20 फीसदी बिहार के लोग झोपड़ी में रहते हैं। उनके पास अपना घर नहीं है। आप तो गोबर मुंह पर लगा रहे हैं कि 32 साल से सरकार चलाने के बाद कह रहे हैं 20 फीसदी लोगों के पास घर नहीं है या झोपड़ी में रह रहे हैं। छठ ऐसा पर्व है, जो बेटियों के लिये मनाया जाता है।

प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि सर्वेक्षण बता रहा है कि 80 फीसदी बिहार के लोग दिनभर में 100 रुपए भी नहीं कमाते हैं, ये 32 सालों के लालू-नीतीश राज का असर है, उसी का ये परिणाम है. जहां तक सामाजिक भागीदारी की बात है, तो लोग कह रहे हैं कि समाज में एक बहुत बड़ा वर्ग है जिसको भागीदारी नहीं मिली और जिसे वंचित रखा गया। उसके नाम पर हल्ला मचा रहे हैं, लेकिन कोई ये पूछने वाला नहीं है कि 32 सालों से सत्ता में बैठे कौन लोग हैं? प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि अगर किसी ने हकमारी की है, तो लालू यादव और नीतीश कुमार ने हकमारी की है। बिहार में अगर वंचित समाज के, अति पिछड़ा समाज के, दलितों को, मुसलमानों को अगर जगह नहीं मिली तो ये जगह लालू और नीतीश ने नहीं दी है। आज यही लोग अपने राजनीतिक लाभ के लिए फिर इन लोगों को दिग्भ्रमित कर रहे हैं।

# छठ पूजा के दूसरे दिन खरना की रौनक, प्रसाद बनाने में जुटीं छठ व्रती

**पटना।** लोकआस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन छठ व्रती आज खरना का त्योहार मना रहे हैं। राजधानी पटना में सुबह से ही खरना पूजा की रौनक देखने को मिल रही है। खरना पूजा के अवसर पर छठ व्रतियों ने सुबह में गंगा स्नान किया और दोपहर से खरना का प्रसाद खीर-पूरी और रोटी बनाने में जुट गईं हैं। शाम को पूजा के बाद छठ व्रती खरना का प्रसाद ग्रहण करेंगी। छठ को लेकर पटना का पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। छठ पूजा के दूसरे दिन खरना का त्योहार मनाया जा रहा है। खरना के अवसर पर छठ व्रतियों ने सुबह-सुबह गंगा स्नान किया। गंगा स्नान करने के बाद छठ व्रती गंगाजल लेकर घर पहुंची और खरना का प्रसाद बनाने में जुट गयी हैं। छठ पूजा को लेकर पटना के गंगा घाटों पर काफी रौनक देखने को मिल रही है। घाटों पर छठ व्रतियों के साथ-साथ उनके परिवार के सदस्य भी पहुंच रहे हैं। वहीं छठ पूजा को लेकर पटना के बाजारों में भी काफी रौनक देखने को मिल रही है। बाजार समिति समेत अन्य इलाकों में फल मंडी सजकर तैयार हैं। खरना के अवसर पर छठ व्रती खीर-रोटी, पुरी का प्रसाद बनाती हैं। उसके बाद उस प्रसाद को भगवान को चढ़ाया जाता है और पूजा की जाती है। फिर छठ व्रती प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसके बाद 36 घंटे का निराहार व्रत शुरू होता है। पटना में खरना पूजा के दौरान प्रसाद बनाती हुईं छठ व्रती छठी माँ के गीत भी गा रही हैं। इस दौरान छठ व्रतियों ने कहा कि हमलोग आस्था के साथ व्रत करते हैं और छठी माँ हमलोगों की सारी मनोकामना पूरी करती हैं। भगवान भास्कर सबकी मनोकामना को पूरी करते हैं। बता दें, चार दिवसीय लोकआस्था के महापर्व छठ की शुरूआत शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ हुई थी। छठ पर्व के तीसरे दिन यानि रविवार को छठ व्रती अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देंगी। वहीं इसके बाद सोमवार को उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया जाएगा और पारण किया जाएगा। इसके साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हो जाएगा।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से जीजा की मौत

**हंसडीहा।** दुमका भागलपुर स्टेट हाइवे पर हंसडीहा थाना क्षेत्र के बढ़ेत गांव के समीप शनिवार शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान हंसडीहा थाना क्षेत्र के जालवे गांव निवासी प्रधान मरांडी के रूप में की गई है। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार मृतक प्रधान मरांडी (30) व उनकी साली बहामुनि मुर्मू (8) दुमका से अपने घर जालवे जा रहे थे। इस बीच वे कुरमाहाट में रुककर घर के कुछ समानों की खरीदारी भी की और फिर घर के लिए निकल पड़े जैसे ही वे लोग बढ़ेत गांव के समीप पहुँचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

# इकुमेनिकल धर्मसभा में विधायक दिनेश मरांडी को किया गया सम्मानित

## सात राज्यों के आदिवासी ईसाई समाज के लोग हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**साहेबगंज।** जिला अंतर्गत पतना स्थित धरमपुर मिशन में आयोजित इकुमेनिकल धर्मसभा में शनिवार को विशप फ्रांसिस हांसदा ने लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश मरांडी को सम्मानित किया गया व स्मृति चिन्ह भेंट की गई। इस मौके पर सांसद विजय हांसदा भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। सांथालिया कॉउंसिल ऑफ चर्च के द्वारा आयोजित इस धर्मसभा में सीएनआई, एनईएलसी व एमसीआई चर्च शामिल हुए। कार्यक्रम में झारखण्ड सहित बिहार, सिक्किम, नागालैंड, असम, मणिपुर, बंगलादेश आदि जगहों के हजारो की संख्या में आदिवासी ईसाई धमार्लंबियों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक दिनेश मरांडी ने कहा कि ईसाईयो द्वारा शांतिपूर्ण रूप से धर्मसभा आयोजित की गई है। शिक्षा के क्षेत्र में भी संस्था के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य की जा रही है। जिसका देश मे कई नामचीन शिक्षण संस्थाए बच्चो की उज्ज्वल भविष्य में सकारात्मक भूमिका अदा करते आ रहा है। हमे अपने हक अधिकार को लेकर सदैव सचेत रहने की आवश्यकता है। आज की इस धर्मसभा में झारखण्ड के मुख्यमंन्त्री हेमन्त सोरेन की सन्देश भी व्यक्त करना चाहूंगा। जो आदिवासियों की हित मे सदैव आगे रहा है। झामुमो सभी जाति धर्मो को साथ लेकर चलती है। कार्यक्रम की सफल आयोजन को लेकर आभार व्यक्त करता हूँ। इस अवसर पर विशप इस्माइल मुर्मू, विशप जॉय राज इरिक टुडू, रोशन हांसदा, रमेश सी किस्कु आदि उपस्थित थे।

## छठ पर खादी मॉल में उत्पादों पर विशेष छूट

**पटना।** फिलहाल सभी जगह जोर-शोर से छठ-पूजा के सामान की खरीदारी का दौर चल रहा है। छठ महापर्व को लेकर पटना के खादी मॉलमें भी धूम मची है। जी हां, बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां से छठ पूजा के सामान की खरीदारी कर रहे हैं। मॉल प्रबंधन ने छठवतियों को यहां सूप, दउरा, डगरा, सुपली, मिट्टी का चूल्हा, गोइठा, आम की लकड़ी उपलब्ध कराई है।

## अवैध बालू का व्यापार करने वालों ने ट्रैक्टर को पुलिस से छुड़ाया

**गोड्डा।** कई बार ऐसी घटनाएं सामने आ जाती हैं जब अवैध बालू उत्खनन करने वाले इतने प्रभावशाली होते हैं कि पुलिस के हाथों जब्त की गई गाड़ियों को भी भीड़ द्वारा छुड़ा ली जाती हैं । पहले भी इस तरह की घटनाएं हुई थी और दुबारा भी इस तरह की घटना सामने आई।

## अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य आज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** लोक आस्था और सूयोर्पासना का महापर्व छठ का खरना शनिवार को हुआ। इसके साथ ही छठव्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। रविवार शाम को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य देकर छठव्रती सूर्य का उपासना करेंगी। सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत पारण होगा। खरना को लेकर पूरे नेम-निष्ठा से लोगों उत्साह और उमंग देखा गया। श्रद्धालुओं में महिला, पुरुष एवं बच्चे छठव्रतियों के घर खरना का प्रसाद ग्रहण किया। छठ पूजा को लेकर बाजार में पूजन सामग्री के साथ-साथ बांस की बड़ी टोकरी, सूप, पीतल का लोटा, थाली, धूप, दीपक, पानी वाला नारियल, साड़ी, धोती, पयजामा, शाल की खरीदारी जमकर हुई। शहर के लगभग एक दर्जन छठ घाटों में व्रती पूजा अर्चना के लिए पहुंचेंगे। घाटों पर लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। छठ पूजा समिति द्वारा छठव्रतियों के लिए निःशुल्क पूजन सामग्री, दातुन, दूध आदि की व्यवस्था की गई है।

# खरना संपन्न, अस्ताचलगामी भुवन भास्कर को अर्घ्य आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाकुड़।** छठ महापर्व के दूसरे दिन कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को छठवर्ती 'खरना' मानते हैं इसे लोहंडा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन खरना करने वाले छठ वर्ती सुबह से लेकर शाम तक उपवास रहते हैं। शास्त्रों में खरना का तात्पर्य शुद्धिकरण से है। इस दिन छठ मैया के लिए प्रसाद भी तैयार किया जाता है। खरना वाले दिन छठवर्ती मानसिक तौर पर निर्जला उपवास के लिए तैयार होते हैं। खरना के शाम गुड से बनी खीर के भोग लगाया जाता है। कुछ जगहों पर खीर को रसिया भी कहते हैं। इसमें शुद्धता का पूरा ध्यान रखा जाता है। इसलिए खरना वाले दिन मिट्टी के बने चूल्हे में गोइथा या आम के लकड़ी के आग में गुड़ के खीर बनाए जाते हैं, पीठठा और शुद्ध घी के चपड़ी रोटी भी तैयार किए जाते हैं। कुछ स्थानों पर दूध के खीर भी बनाए जाते हैं, तो कुछ स्थानों पर इसके साथ अरवा चावल के भात चने की दाल आदि भी बनता है। खरना के दिन नमक का प्रयोग वर्जित रहता है।अपनी अपनी धार्मिक परंपरा एवं रीति रिवाज के अनुसार संध्या के पश्चात सर्वप्रथम पूजा अर्चना के पश्चात छठवर्ती प्रसाद ग्रहण करते हैं । तत्पश्चात संपूर्ण परिवार खरना का प्रसाद ग्रहण करते हैं। प्रसाद ग्रहण के बाद छठवर्ती अपने नियम धर्म से 36 घंटे का उपवास प्रारंभ कर देते हैं। पंचमी तिथि का प्रारंभ सुबह 11:04 से रात्रि के 9:19 तक रही। इसके पूर्व ही प्रसाद ग्रहण करने का नियम है क्योंकि 9:19 के बाद शष्ठि तिथि प्रारंभ हो जाती है।

**संध्याकालीन भगवान भास्कर पहला अर्घ्य आज :** छठ पूजा का सबसे महत्वपूर्ण तीसरा और चौथा दिन होता है। तीसरे दिन अर्थात षष्ठी तिथि 19 नवंबर को छठवर्ती 36 घंटा का उपवास प्रारंभ हो जाता है। इस दिन छठवर्ती अपने-अपने जल से भरे घाट पर अपने साथ पूजन का सामग्री यथा एक डाला एवं सुप पर सुथनी, नींबू, अदरक जड़ सहित, कच्चा हल्दी जड़ सहित, नारियल, डाभ, मूंगफली, आवला, फल फूल , अरवा चावल से बने कचौनिया, शुद्ध घी के बने ठेकुआ आदि सजाकर संध्या के पूर्व ही घाट पर पहुंचते हैं। घाट पर पहुंचकर पश्चिम दिशा की ओर सूप सजाती हैं घी के दिए जलती हैं। एवं छठवर्ती संध्या के पूर्व ही घाट पर उतरकर भगवान भास्कर की हाथ जोड़कर नमन करती हैं। अपने और परिवार की जीवन की सुख शांति के लिए प्रार्थना करती हैं। तथा अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देती हैं। 19 नंबर को सूर्यास्त का समय 5:26 बताया गया है।

**20 नवंबर को होगी उदयगामी सूर्य की अर्घ्य :** चौथे दिन यानी की 20 नवंबर सप्तमी तिथि को भगवान भास्कर के उदित रूप को अर्घ्य दिया जाएगा। छठवर्ती अति प्रातः काल पुनः अपने घाट पर नए प्रसाद के साथ जाएंगे। एवं पूर्व दिशा की ओर अपनी सुप को रखकर घाट पर दीए जलाकर भगवान भास्कर की आराधना करेंगे। एवं उदय गामी सूर्य को घाट पर उतरकर अर्घ्य देंगे। इस दिन परिवार के सभी लोग स्नान ध्यान कर प्रातः काल भगवान भास्कर को अर्घ्य देते हैं। सूर्योदय का समय सुबह 6: 47 बजे बताया गया है। अर्घ्य देने के साथ ही चार दिनों से चला रहा छठ पर्व संपन्न होगा। सभी लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## पेज एक का शेष

### इतिहास रचने को...

लगातार ऑस्ट्रेलिया को चुनौती दे रहा है और जीत रहा है। मौजूदा एकदिवसीय विश्व कप के लीग मैच में में ऑस्ट्रेलिया को चेन्नई में हरा चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप अभियान की शुरूआत लगातार दो हार के साथ की। वहीं भारत अबतक अजेय है। वीआइआइपी दर्शकों के आने को ले कर सुरक्षा अत्यंत कड़ी है। रोहित शर्मा बतौर कप्तान और खिलाड़ी अपनी कैबिनेट में एक और आईसीसी ट्रॉफी जोड़ना पसंद करेंगे। उन्होंने 2007 में टी20 विश्व कप और 2013 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी एमएस धोनी की कप्तानी में जीती है। दो एशिया कप भी वे जीत चुके हैं।

**सूर्य किरण की सलामी :** रविवार को भारत और आस्ट्रेलिया के बीच खिताबी मुकाबले से पहले भारतीय वायुसेना का एयरशो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनेगा। भारत विश्व कप इतिहास में तीसरी बार प्रतिष्ठित ट्रॉफी उठाना चाहता है, तो शमी को फिर से सीम के साथ अपना जादू दिखाना होगा। यह तेज गेंदबाज बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए खतरा है और वह डेविड वार्नर और ट्रैविस हेड को निशाना बनाना चाहेगा। अगर भारत पहले बल्लेबाजी करता है तो कप्तान रोहित शर्मा की बेहतरीन शुरूआत, फिर कोहली की सतर्क पारी और केएल राहुल और श्रेयस अय्यर की देर से खेली गई पारी की मदद से एक अच्छा स्कोर खड़ा करना होगा। अगर ऑस्ट्रेलिया पहले बल्लेबाजी करता है, तो शमी और जसप्रीत बुमराह को उन्हें बैकफुट पर रखना होगा, साथ ही रवींद्र जड़ेजा और कुलदीप का जाल ऑस्ट्रेलियाई टीम पर हावी रहेगा। अगर भारत जीतता है तो वह घरेलू धरती पर दो विश्व कप खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम बन जायेगी। अब मंच ग्रैंड फिनाले के लिए तैयार है जो उत्साहजनक क्षणों और टीमों द्वारा कौशल के धमाकेदार प्रदर्शन की एक योग्य परिणति का वादा करता है।

### तेज रफ्तार ने ली...

बारात में शामिल होकर सभी वापस घर बिरनी लौट रहे थे। रास्ते में बाघमारा गांव के पास यह हादसा हो गया। जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी और बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने सदर अस्पताल पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। हादसे के बारे में कहा जा रहा है कि वाहन काफी तेज रफ्तार में था। इसी दौरान चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सड़क किनारे पेड़ से जा टकरायी। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे लोगों ने किसी तरह से लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की और हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया।

**राज्यपाल और सीएम दुखी :**इधर रांची में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि छह लोगों की मौत की दुःखद खबर से मन आहत है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह घड़ी सहन करने की शक्ति दें। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। वहीं राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शोक जताते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। ईश्वर शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### आइएसआइएस आतंकियों से ...

दोनों का लक्ष्य फिलिस्तीन जाकर इजरायल के खिलाफ संघर्ष में शामिल होना था। एटीएस ने अपने बयान में यह बताया था कि फिलिस्तीन जाकर दोनों ने फिदायीन हमला कर मस्जिद ए अल अक्सा को यहूदियों से आजाद कराने का लक्ष्य रखा था। दोनों ने 2020 में फेसबुक के माध्यम से कश्मीरी युवक- युवतियों से भी संपर्क में आने की बात सामने आयी है। इस बिंदु पर एटीएस दोनों आतंकियों से पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार आतंकियों में आरिज गोड्डा के रहमत नगर महमुदनगर के असनबानी का रहने वाला है। आरिज की निशानदेही पर ही एटीएस ने मो नसीम को हजारीबाग के कटकमसांडी इलाके के पेलावल महतो टोला से गिरफ्तार किया था।

### कांग्रेस राज में आतंकवादी...

उन्होंने कहा कि जो मुख्यमंत्री खुद कहे कि महिलाएं दुष्कर्म के फर्जी मामले दर्ज करवाती है, क्या वह महिलाओं की सुरक्षा कर सकते हैं। श्री मोदी ने कहा राजस्थान में बीते पांच वर्ष में क्या हुआ, पांच साल में जो बबार्दी हुई इसका जिम्मेदार कौन है, नौजवानों का भविष्य बर्बाद करने वाला कौन है। यहां कांग्रेस ने राजस्थान को भ्रष्टाचार, दंगों और अपराधों में अग्रणी बना दिया है। इसलिए राजस्थान कह रहा है जादूगरजी, कोनी मिले वोटजी। श्री मोदी ने कहा कि राजस्थान से कांग्रेस की गहलोत सरकार की विदाई की अपील करते हुए कहा कि 25 तारीख को फैसले की घड़ी में मतदाताओं को राज्य में शासन की डोर भाजपा के हाथ मे सौप देनी चाहिए।


## प्रेस विज्ञप्ति

### कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

(आवश्यक सूचना)

प्रोन्नति नियमावली 1993 के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में एवं विभागीय मार्गदर्शन पत्रांक 770 दिनांक 05.10.2023 एवं पत्रांक 866 दिनांक 14.11.2023 द्वारा प्राप्त निदेश के अनुसार जिले के प्रारंभिक शिक्षकों को ग्रेड-7 में प्रोन्नति देने हेतु औपबंधिक वरीयता सूची (ZOC) के प्रारूप के प्रकाशन के संबंध में आवश्यक सूचना का प्रकाशन :-
जिले के प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों को प्रोन्नति हेतु औपबंधिक वरीयता सूची संख्या 04 (ग्रेड-7, प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति हेतु) का प्रकाशन कार्यालय के वेबसाईट www.dseranchi.com एवं जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.ranchi.nic.in पर करते हुए संबंधित शिक्षकों से प्रकाशित औपबंधिक सूची के संदर्भ में दावा / आपत्ति की मांग की जाती है। सभी संबंधित शिक्षक एवं अन्य इसके संबंध में अपना / दावा / आपत्ति साक्ष्य सहित नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से दिनांक 30.11.2023 तक हार्ड कॉपी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार का दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगा।
त्रुटि सुधार के संबंध में निम्नलिखित प्रपत्र में आवेदन दिया जा सकेगा।

**विहित प्रपत्र**

| आपत्ति कर्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची में क्र. सं. | जिस कॉलम में त्रुटि है उसकी संख्या | त्रुटि का विवरण | सुधार का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

आपत्तिकर्ता का हस्ताक्षर — नियंत्री पदाधिकारी का हस्ताक्षर

ज्ञापांक 3180 रांची, दिनांक 18- 11- 23


# बिहार व झारखंड सरकार पूरी तरह रही नाकाम : अश्विनी

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे केंद्रीय मंत्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री अश्विनी चौबे शुक्रवार को देर शाम दुमका पहुंचे। जहां परिसदन भवन में पार्टी कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। मंत्री जिले के गोपीकांदर और काठीकुंड प्रखंड में 4 जगहों पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। कार्यक्रम स्थल पर रवाना होने से पूर्व मंत्री ने परिसदन में प्रेस वार्ता कर केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया, तो दूसरी तरफ बिहार और झारखंड सरकार पर जमकर निशाना साधा। मंत्री ने कहा कि 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की धरती से सरकार ने भारत विकास संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। साथ ही प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान की भी शुरूआत की है। इसका उद्देश्य विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सरकार की सबसे बड़ी चिंता है की गरीबों का भला कैसे हो। यह सबसे बड़ी चुनौती है कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का उत्थान कैसे हो? उन्होंने कहा कि भाजपा का जनसंघ काल से अब तक अपने प्रथम प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति का उत्थान करना है। प्रधानमंत्री का प्रयास निरंतर इसके लिए चल रहा है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री ने कहा था कि सरकार गरीबों के प्रति समर्पित होगी। गरीबों को केंद्रित कर अधिकांश योजनाएं चलाई जा रही है। हमारा लक्ष्य है कि लाभुकों तक लाभ कैसे पहुंचे। इस लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में पीएम जनजातीय गौरव दिवस 2023 के दिन विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ ही लगभग 24 हजार करोड रुपए के बजट के साथ पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान की शुरूआत की गई है।

स्पीड न्यूज

## अरुणाचल में भूस्खलन से आध्यात्मिक गुरु समेत चार की मौत

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के कमले जिले में भूस्खलन की चपेट में आने से एक वाहन में सवार एक आध्यात्मिक गुरु और उनके तीन सहयोगियों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक थुतन जंबा ने बताया कि यह घटना जिले में निर्माणाधीन ट्रांस अरुणाचल राजमार्ग पर शुक्रवार को हुई। उन्होंने बताया कि आध्यात्मिक गुरु क्रिस्टोफर हेम्ब्रोम पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जबकि उनके सहयोगी असम के रहने वाले थे। ये सभी ऊपरी सुबनसिरी जिले के डुम्पोरिजो में तीन दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने के बाद ईटानगर जा रहे थे। अधिकारी ने बताया कि रागा पुलिस थाने की एक टीम मौके पर पहुंची और शुक्रवार रात करीब नौ बजे मलबे से शव निकाले।

## यूपी में एक लाख का इनामी अपराधी ढेर

**लखनऊ।** झांसी जिले के मऊरानीपुर इलाके में शनिवार को उत्तर प्रदेश की विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के साथ मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी एक अपराधी ढेर हो गया। एसटीएफ ने बताया कि मृतक अपराधी की पहचान राशिद कालिया (45) के रूप में हुई है। मुठभेड़ के दौरान उसे पुलिस की गोली लग गई। पुलिस ने बताया कि उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके खिलाफ कानपुर और झांसी में लूट और हत्या के प्रयास समेत 13 मामले दर्ज हैं। इस मामले में अपर पुलिस महानिदेशक (कानपुर जोन) ने उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।

## दक्षिणी फिलीपींस में भूकंप से छह की मौत

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपींस में शुक्रवार को आए भूकंप में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। दो लोग लापता हैं। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.7 तीव्रता मापी गई। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार शुक्रवार दोपहर भूकंप मिंडानाओ द्वीप पर 60 किलीटर (37 मील) की गहराई पर आया। दक्षिण कोटाबेटो प्रांत में तीन, सारंगानी प्रांत में भूकंप के केंद्र के पास कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। बचावकर्मी भू-स्खलन के बाद लापता दो अन्य लोगों की तलाश कर रहे हैं।

## युवती पर तेजाब हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले में 23 वर्षीय एक युवती पर तेजाब हमले के मामले में मुठभेड़ के बाद दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक अतीश कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार देर रात एक मुठभेड़ के बाद पुलिस ने इन दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी अनिल वर्मा गोली लगने से घायल हो गया, जबकि राम बचन नाम का दूसरा आरोपी घटनास्थल से भागने के दौरान घायल हुआ।

## सभी पात्र बच्चों को लगे खसरे का टीका

**नयी दिल्ली।** वित्त वर्ष 2022-23 में पात्र दो करोड़ 63 लाख 84 हजार 580 बच्चों में से कुल दो करोड़ 63 लाख 63 हजार 270 बच्चों को खसरे की पहली खुराक दी गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि पात्र 2,63,84,580 बच्चों में से कुल 2,63,63,270 बच्चों को वित्त वर्ष 2022-23 में खसरा के टीके की पहली खुराक मिली है।

## मुंबई : गैस सिलेंडर विस्फोट में आठ घायल

**मुंबई।** मुंबई के बांद्रा पश्चिम में गजदर रोड पर शनिवार को एक मकान में गैस सिलेंडर फटने से कम से कम आठ लोग घायल हो गए।

# इजराइल ने खान यूनिस में दागी मिसाइलें, 26 की मौत

## आइडीएफ ने शहर खाली करने की दी थी चेतावनी

एजेंसी

**तेल अवीव।** गाजा पट्टी में फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास और इजराइल के बीच छिड़े युद्ध के 43वें दिन शनिवार को भी घमासान मचा हुआ है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) हमास के ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले कर रही है । इस बीच इजराइल की सेना ने दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर पर मिसाइलें दागी हैं। इस हमले में 26 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। इनमें अधिकांश बच्चे हैं।



इजराइल का कहना है कि यहां के लोगों को खान यूनिस को खाली करने की अग्रिम चेतावनी दी गई थी। इसके बाद हमास के ठिकानों पर मिसाइल अटैक किया गया। इजराइल की थल सेना ने मोर्चा संभालते हुए हमास के ठिकानों को चुन-चुनकर निशाना बनाना शुरू कर दिया है। खान यूनिस पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दागी गई हैं। इजराइली सेना ने हमले से पहले लोगों को खान यूनिस को खाली करने की चेतावनी दी थी। आईडीएफ ने कहा था कि अगर इस शहर को खाली नहीं किया गया तो अंजाम बुरा होगा। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सहयोगी मार्क रेगेव कहा है कि गाजा के लोगों को चेतावनी जारी की गई थी। साफ कहा गया था कि सेना हमास के खात्मे के लिए खान यूनिस पर हर तरह के हमले करेगी। इसलिए वहां रह रहे लोग कहीं दूसरी जगह चले जाएं। आईडीएफ ने हमास के हमलावर आतंकवादियों के परिजनों की धरपकड़ तेज कर दी है। आईडीएफ ने हेब्रोन में रात को कुतैबा उमर अल-क्वास्मा को दबोचा है। इसके भाई ने इस सप्ताह के शुरू में यरुशलम में सुरंग रोड पर सुरक्षाबलों पर हमला किया था। आईडीएफ ने दावा किया है कि हमास की एक सुरंग ऐसी है जिसका एक छोर एक मस्जिद पर मिला है। इस सुरंग और मस्जिद का इस्तेमाल भी हमास ने सैन्य उद्देश्यों के लिए किया है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इजराइली युद्धक विमानों ने रात को जबालिया शरणार्थी शिविर के कई इलाकों, बेत लाहिया में घरों, गाजा के शेख जायद शहर में आवासीय टावरों के आसपास और इंडोनेशियाई अस्पताल के आसपास के इलाकों को निशाना बनाया है। अमेरिका के आग्रह पर इजराइल मानवीय उद्देश्यों के लिए गाजा की अपनी नाकाबंदी के माध्यम से दैनिक ईंधन वितरण की अनुमति देने पर सहमत हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि मकतल बन चुके गाजा में बचे-खुचे लोग अपने परिजनों की तलाश में मलबे की खुदाई कर रहे हैं। लोगों को आशंका है कि ताश के पत्तों की तरह भरभराकर ढेर हो चुके घरों के मलबों में यह लोग दबे होंगे। उमर अल-दारवी और उनके पड़ोसियों के चारमंजिला घरों में पैंतालीस लोग रहते थे। इनमें से 32 की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के कार्यालय का अनुमान है कि 1,500 बच्चों सहित लगभग 2,700 लोग लापता हैं। वे खंडहर हो चुके घरों के मलबे में दबे हुए हैं। इस बीच ब्रुनेई, इंडोनेशिया और मलेशिया ने गाजा में तत्काल मानवीय संघर्ष विराम का आह्वान किया है।

## रूस ने खेरसान में दागे गोले, दो लोगों की मौत, 12 घायल

**कीव।** दक्षिण यूक्रेन के खेरसान शहर और आसपास के क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर रूस की गोलाबारी में दो लोगों की मौत हो गई और कम से कम 12 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स में स्थानीय अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी गई। मीडिया रिपोर्ट्स में क्षेत्रीय गवर्नर ओलेकसांद्र प्रोकुदिन के हवाले से कहा गया है कि इस गोलाबारी में 75 वर्षीय महिला भी खेरसान में अपने अपार्टमेंट में मारी गई। खेरसान क्षेत्र का सबसे बड़ा शहर है। रूसी सेना ने दनिप्रो नदी के पूर्वी क्षेत्र से गोलाबारी की। इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई और कम से कम 12 लोग घायल हो गए। ओलेकसांद्र ने कहा कि हमले में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा तबाह हो गया। बिलोजेर्का और आसपास के गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने डीप फेक को लेकर जताई चिंता, कहा

# तकनीक से हमेशा अपडेट रहें आइपीएस अधिकारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि तकनीक और सोशल मीडिया के युग में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (एआई) और डीप फेक जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। ऐसे में पुलिस अधिकारियों को तकनीक के क्षेत्र में हमेशा अपडेट रहना होगा और अपराधियों पर सदैव बढ़त हासिल करनी होगी।

75 आरआर (2022 बैच) के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के प्रोबेशनर्स के एक समूह ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। प्रोबेशनर्स को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि पुलिस प्रशासन तथा कानून-व्यवस्था की मुख्य जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है लेकिन, आईपीएस अधिकारी

**▶▶ देश में कानून व्यवस्था और अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखने में पुलिस ने अमूल्य योगदान दिया**

राज्य सरकारों द्वारा नियुक्त किए गए पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को नेतृत्व प्रदान करते हैं। इस प्रकार देश की पुलिस व्यवस्था को एक अखिल भारतीय सूत्र में पिरोने का कार्य भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि राज्य स्तर पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर पुलिस बलों ने देश में कानून व्यवस्था बनाए रखने और देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने में अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस बलों के सामने साइबर अपराध, ड्रग कार्टेल, वामपंथी उग्रवाद और आतंकवाद सहित कई चुनौतियां मौजूद हैं। नई-नई तकनीक और सोशल मीडिया के प्रभाव से परिस्थितियां तेजी से बदलती हैं। अपराधियों द्वारा जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जाता है और डीप-फेक जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को तकनीक के क्षेत्र में हमेशा अपडेट रहना होगा और अपराधियों पर सदैव बढ़त हासिल करनी होगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए कानून-व्यवस्था का मजबूत होना एक अनिवार्य शर्त है। विश्व स्तर पर, राष्ट्रीय स्तर पर और स्थानीय स्तर पर यह देखा गया है कि उद्यमी वहां निवेश नहीं करना चाहते जहां कानून व्यवस्था मजबूत नहीं होती है। इस प्रकार, पुलिस विभाग किसी भी क्षेत्र के बहुआयामी विकास में केन्द्रीय भूमिका निभाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक की प्रतिभा और क्षमता के विकास के लिए अवसर प्रदान करना है। यह हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकता है कि सभी नागरिक विकास यात्रा में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि अमृतकाल के दौरान देश को समग्र रूप से विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में पुलिस अधिकारियों की भी निर्णायक भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि 2022 के इस बैच में 21 प्रतिशत महिलाएं हैं। आईपीएस में 554 महिला अधिकारी कार्यरत हैं जो कि तैनात अधिकारियों की कुल संख्या 4344 का लगभग 13 प्रतिशत है। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि महिला आईपीएस की संख्या में और वृद्धि होती रहेगी।



नयी दिल्ली में शनिवार को 2022 बैच के आइपीएस अधिकारियों को संबोधित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

# राष्ट्रपति ने दी छठ की शुभकामनाएं

## जलस्रोतों को प्रदूषण मुक्त बनाने का किया आह्वान

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के नागरिकों को शनिवार को छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं और उनसे जलस्त्रोतों और पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाकर प्रकृति का सम्मान करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।मुर्म ने कहा कि छठ पूजा का त्योहार सूर्यदेव की उपासना को समर्पित है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह नदियों, तालाबों और अन्य जलस्त्रोतों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का भी एक अवसर है। प्रकृति से जुड़ा यह त्योहार आध्यात्मिक चेतना उत्पन्न करता है और हमें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। मुर्मू ने कहा कि छठ पूजा हमें अपने परिवेश को स्वच्छ रखने और अपने दैनिक जीवन में अनुशासन का पालन करने की याद दिलाती है। उन्होंने कहा कि आइये हम अपने जल संसाधनों और पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाकर प्रकृति मां का सम्मान करने का संकल्प लें। इस शुभ अवसर पर, मैं सभी नागरिकों की प्रसन्नता और समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हूं।



सिंगापुर में आजाद हिंद फौज स्मारक में सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

# सिलक्यारा सुरंग में मलबे हटाने में आयी बाधा

**▶▶ एक सप्ताह से फंसे 41 श्रमिकों के बाहर निकलने का इंतजार और बढ़ा**

एजेंसी

**उत्तरकाशी।** निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में मलबे को भेदकर निकलने का रास्ता बनाने के कार्य में जहां फिर अड़चन आ गयी है, वहीं पता चला है कि सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों की संख्या 40 के स्थान पर 41 है। बचाव कार्य में बाधा आने से पिछले लगभग एक सप्ताह से सुरंग में फंसे उन 41 श्रमिकों का इंतजार और बढ़ गया है जो बाहर निकाले जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उत्तरकाशी जिला आपातकालीन नियंत्रण कक्ष से शनिवार सुबह मिली जानकारी के अनुसार, सुरंग में ड्रिलिंग का काम फिलहाल रुका हुआ है जबकि इंदौर से एक और उच्च क्षमता वाली शक्तिशाली ऑगर मशीन मौके पर पहुंचाई गयी है । इस मशीन को देहरादून के जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर शुक्रवार रात को लाया गया जहां से इसे सिलक्यारा पहुंचाया गया। इससे पहले, सुरंग में मलबे को भेदने के लिए दिल्ली से एक अमेरिकी ऑगर मशीन सिलक्यारा लाई गयी थी जिसने शुक्रवार दोपहर तक 22 मीटर तक ड्रिलिंग कर छह मीटर लंबे चार पाइप डाल दिए गये थे जबकि पांचवें पाइप को डाले जाने का काम जारी था। सुरंग का निर्माण करने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआइडीसीएल) द्वारा इस संबंध में जारी एक बयान के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर करीब पौने तीन बजे पांचवें पाइप को डाले जाने के दौरान सुरंग में एक बहुत तेज ध्वनि सुनाई दी जिसके बाद बचाव अभियान रोक दिया गया । इस आवाज से बचावकर्मियों में घबराहट फैल गयी । परियोजना से जुड़े एक विशेषज्ञ ने आसपास कुछ ढहने की चेतावनी भी दी जिसके बाद पाइप अंदर डालने का काम रोक दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय में उपसचिव मंगेश घिल्डियाल बचाव कार्यों की मौके पर समीक्षा करने के लिए सिलक्यारा पहुंच रहे हैं । बताया जा रहा है कि सुरंग में 45 से 60 मीटर तक मलबा जमा है जिसमें ड्रिलिंग की जानी है । यह दूसरी बार है जब सुरंग के मलबे को भेदकर स्टील के कई पाइप के जरिए निकलने का रास्ता बनाकर श्रमिकों को बाहर निकालने की योजना पर अमल के दौरान रुकावट आयी है।



# जहां होगी कांग्रेस, वहां होगी भ्रष्टाचार : नड्डा

## राजस्थान विस चुनाव

एजेंसी

**जयपुर।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान शनिवार को आरोप लगाया कि जहां कांग्रेस पार्टी होगी, वहां भ्रष्टाचार और लूट होगी और जहां भाजपा होगी, वहां विकास होगा। जोधपुर के पीपाड़ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि गहलोत सरकार ने राजस्थान को भ्रष्टाचार और महिलाओं के खिलाफ अपराध में नंबर एक स्थान पर पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर किसानों, महिलाओं के साथ न्याय होगा। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने राजस्थान की आन बान शान को एक तरीके से राजनीति में कलंकित कर दिया है। दुख के साथ कहना पड़ता है कि आज राजस्थान भ्रष्टाचार, महिलाओं के उत्पीड़न के मामलों में महिलाओं के साथ बलात्कार के मामलों में राजस्थान देश में नंबर एक हो गया हो। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार बलात्कार के मामलों में राजस्थान नंबर एक पर है। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस का नाम होगा वहां परिवारवाद, वंशवाद होगा। ये कांग्रेस के साथ जुड़े हुए नाम है और जहां भाजपा होगी वहीं विकास होगा।



# भाजपा दलित विरोधी : खड़गे

एजेंसी

**भरतपुर/अलवर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि गरीब और दलितों के लिए झूठा वादा करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गिर्राज सिंह मलिंगा को टिकट दिया। वो एक तरफ गरीबों और दलितों की बात करते हैं और दूसरी तरफ दलितों को मारने और पीटने वालों को टिकट देने के लिए बुला लेते हैं। मोदी जी आपका क्या जा सकता था, यदि एक टिकट उसे नहीं देते तो एक आदमी ऐसी विचारधारा का हो तो उसे जगह नहीं देनी चाहिए। यहां मारो और पीटो और जाकर भाजपा से टिकट लो। खड़गे शनिवार को भरतपुर के वैर और अलवर के तिजारा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। खड़गे ने कहा कि भाजपा का कोई एजेंट आया है, इसे मत सुनो। उन्होंने कहा कि ये लोग हमें एडवाइज करते हैं। ये लोग गरीबों के लिए कुछ करते भी नहीं हैं। इस देश को पंडित जवाहरलाल नेहरू ने मजबूत किया। इनके टाइम में एक भी बड़ा कारखाना नहीं बना। हमारे टाइम में बड़े-बड़े कारखाने, यूनिवर्सिटी, इंजीनियरिंग कॉलेज बने। भाजपा के लोग हमारे बनाए कॉलेजों में ही पढ़े और हमको ही गालियां देते हैं। ये जो गरीबों के प्रति उनका रवैया है, इसको देखकर मुझे हैरानी होती है। गरीबों की बात करते हैं और कहते हैं गरीबों के लिए लड़ते हैं। हाथी के दांत दिखाने के और तथा खाने के और होते हैं।

## टाइगर फ्रेंचाइज की फिल्में दिल के करीब : कैटरीना



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने कहा कि टाइगर फ्रेंचाइज की फिल्में उनके दिल के करीब है। सलमान खान और कैटरीना कैफ की फिल्म टाइगर 3 ,12 नवंबर को रिलीज हुयी है। टाइगर 3 बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ की कमाई कर चुकी है। कैफ ने कहा,मैं फिल्म टाइगर 3 के कलेक्शन से बेहद उत्साहित हूं।हर कलाकार को दर्शकों का मनोरंजन करना सबसे ज्यादा खुशी देता है।

VERMA PRESS®
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!




बिहार के गया जिले के देव मंदिर से आंरभ हुई सूर्य उपासना ओझल होते सूर्य की पूजा का एकमात्र मंदिर है जिसका द्धार हिंदू मान्यता से अलग है। तत्कालिन राजा को राज पुरोहित ने बताया कि सूर्य डूबता नहीं है। सूर्य ओझल हो जाता है इसकारण ओझल होते सूर्य की पूजा की जाए। कथाओं के अनुसार देव का सूर्य मंदिर के साथ पूरे देश में सूर्य की अराधना शक्ति प्रदान करने वाले देवता के रुप में हुई। आ ज पूरे विश्व में यह पूजा आंरभ हो चुकी है। जहां भी बिहार के लोग गये अपनी इस पूजा को वहां स्थापित कर दिया। सूर्य मंदिर की एक बड़ी श्रंखला देश में इसके बाद ही बनी।



# सूर्य उपासना का महापर्व छठ

## छठ पूजा के प्रसाद की वैज्ञानिकता



छठ महापर्व 11 नवंबर से आरम्भ हो चुका है। 4 दिन तक मनाए जाने वाला यह महापर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से सप्तमी तक चलता है। इसमें पहले दिन नहाय खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य की पूजा और फिर अंतिम दिन उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देते हैं।

छठ व्रत विशेष रूप से पुत्र प्राप्ति के लिए किया जाता है। इसमें महिलाएं दो दिन तक बिना पानी पिए व्रत रखती हैं। इसके साथ ही छठी मैया को कई प्रकार के भोग लगाए जाते हैं। इसमें चढाए जाने वाले प्रसाद का बहुत महत्व होता है, जिसके बिना पूजा को पूर्ण नहीं माना जाता। आइए जानते हैं छठ में चढ़ने वाले प्रसाद और उसके पीछे के वैज्ञानिक कारण...छठ पूजा में ठेकुए का प्रसाद सबसे अहम माना जाता है, जो कि गुड़ और आटे को मिलाकर बनाया जाता है। इसके बिना छठ की पूजा ही अधूरी मानी जाती है। इसके पीछे वैज्ञानिक तर्क है कि छठ के साथ सर्दी की शुरुआत हो जाती है और ठंड से बचने और सेहत को बेहतर रखने में गुड़ बेहद गुणकारी होता है। छठी मैया की पूजा में गन्ना भी बहुत जरूरी है। अर्घ्य देते समय पूजा की सामग्री में गन्ने का होना अनिवार्य है। छठी मैय्या को गन्ना बहुत प्रिय है। इसके बिना पूजा संपूर्ण नहीं मानी जाती है। बताया जाता है कि सूर्य की कृपा से ही फसल उत्पन्न होती है, इसलिए छठ पूजा में सूर्य को सबसे पहले नई फसल का प्रसाद अर्पण किया जाता है और गन्ना इस दौरान ही तैयार होता है। छठी माई की पूजा करने में केले का पूरा गुच्छ मां को अर्पित किया जाता है। छठ की पूजा में केले का भी विशेष महत्व है। इसे भी प्रसाद के रूप में बांटा और ग्रहण किया जाता है। इसके पीछे तर्क है कि छठ पर्व बच्चों के लिए किया जाता है और सर्दियों के मौसम में बच्चों में गैस की समस्या होती हैं, ऐसे में उन्हें इससे बचाने के लिए प्रसाद में केला दिया जाता है।छठ पूजा में छठी मैया को प्रसन्न करने के लिए नारियल अर्पित किया जाता है। इसके पीछे वैज्ञानिक तर्क है कि मौसम में बदलाव के कारण होने वाले सर्दी जुकाम की समस्या से यह बचाने में मदद करता है। इसके अलावा इसमें कई अहम पौष्टिक तत्व मौजूद हैं, जो इम्यून सिस्टम को बेहतर रखने में मदद करते हैं। छठी मैया को डाभ नींबू जो कि एक विशेष प्रकार का नींबू है वह अर्पित किया जाता है। दिखने में यह बाहर से पीला और अंदर से लाल होता है। आपको बता दें डाभ और नींबू हमारे स्वास्थ्य के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह हमें कई रोगों से दूर रखता है और बदलते मौसम में यह हमारे शरीर को बीमारियों से लड़ने के तैयार करता है।

चावल के लड्डू भी छठी मैया को बहुत प्रिय है। इन लड्डुओं को यूं ही नहीं, विशेष चावल से बनाकर तैयार किया जाता है। इसमें इस्तेमाल किए गए चावल धान की कई परतों से तैयार होते हैं। बता दें, इस दौरान चावलों की भी नई फसल होती है और जैसे माना जाता है कि छठ पूजा में सूर्य को सबसे पहले नई फसल का प्रसाद अर्पण किया जाना चाहिए, इसलिए चावल के लड्डू को भोग में चढ़ाने की परंपरा है। पूरी परम्परा वैज्ञानिक और उपयोगी है।

## नहीं कर पा रहे हैं व्रत, तो करें ये उपाय, पूरी होगी मनोकामनाएं...

छठ पूजा के त्योहार को महापर्व कहा जाता है जो दिवाली के छठे दिन शुरू होता है इसलिए इसे छठ पर्व कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि छठ पूजा के चार दिनों के दौरान सूर्य और छठी माता की पूजा करने वाले लोगों की हर मनोकामना पूरी होती हैं।

**ये मनोकामनाएं होती हैं पूरी**

सूर्य और छठी माई धन दौलत, नौकरी व्यापार, संतान, मकान ,गाड़ी, अच्छी संतान पाना और अच्छी सेहत सब देती हैं। जिनको संतान ना हो उनको संतान देती हैं। त्वचा से संबंधी रोग को खासकर ठीक कर देती हैं।

**जो छठ व्रत नहीं कर सकते वह क्या करें**

जो छठ व्रत नहीं कर सकते हैं, वो अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए चार दिन सूर्य की पूजा करें। सूर्य को ताम्बे के लोटे से गुड़ जल से अर्ध्य दें। सूर्य को धूप दीपक दिखायें। सूर्य को फल मिठाई ,नारियल लाल सिंदूर चढ़ायें। छठ पर्व के दौरान चारों दिन पूरी सफाई और सात्विकता बरतें।

**सभी छठ व्रतधारी की सेवा और सहायता करें।** गुड़ और आटे की विशेष मिठाई ठेकुवा जरूर बनायें। फिर इसे गरीबों और बच्चों में प्रसाद के रूप में बांटें। छठ के दोनों ही अर्घ्य जरूर दें और सूर्य देव से कृपा की प्रार्थना करें। छठ का व्रत रखने वाले लोगों के चरण छूकर आशीर्वाद जरूर लें। अगर हर साल करते हैं और इस साल नहीं कर पा रहे हैं तो क्या करें---अगर आप हर साल छठ का व्रत करते हैं, लेकिन किसी कारण से व्रत नहीं कर पा रहे हैं तो आप किसी दूसरे से भी अपना प्रसाद चढ़वा सकते हैं।

यहां तक कि आस-पड़ोस में भी यदि कोई व्रती है तो आप उसे अपना प्रसाद दे सकते हैं। आपके बदले छठी माई को वो व्यक्ति प्रसाद चढ़ा देने का आग्रह करें।



## सूर्यदेव को प्रसन्न करने के पांच पौराणिक नियम

सूर्य की शांति के लिए प्रातः स्नान करने के बाद सूर्यदेव को जल अर्पित किया जाता है। इसके बाद सूर्य से संबंधित वस्तुओं का दान, जप, होम मंत्र धारण व सूर्य की वस्तुओं से जल स्नान करना भी सूर्य के उपायों में आता है। सूर्य की शांति करने के लिए इन पांच विधियों में से किसी भी एक विधि का प्रयोग किया जाता है। गोचर में सूर्य के अनिष्ट प्रभाव को दूर करने में ये उपाय विशेष रूप से उपयोगी हो सकते हैं।

**स्नान द्वारा उपाय :** जब गोचर में सूर्य अनिष्टकारक हों तो व्यक्ति को स्नान करते समय जल में खसखस या लाल फूल या केसर डालकर स्नान करना शुभ रहता है। खसखस, लाल फूल या केसर ये सभी वस्तुएं सूर्य की कारक वस्तुएं हैं तथा सूर्य के उपाय करने पर अन्य अनिष्टों से बचाव करने के साथ-साथ व्यक्ति में रोगों से लड़ने की शक्ति का विकास होता है।
सूर्य के उपाय करने पर उसके पिता के स्वास्थ्य में सुधार की संभावनाओं को सहयोग प्राप्त होता है। सूर्य की वस्तुओं से स्नान करने पर सूर्य की वस्तुओं के गुण व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करते हैं तथा उसके शरीर में सूर्य के गुणों में वृद्धि करते हैं।

**सूर्य की वस्तुओं का दान** : सूर्य की वस्तुओं से स्नान करने के अतिरिक्त सूर्य की वस्तुओं का दान करने से भी सूर्य के अनिष्ट से बचा जा सकता है। सूर्य की दान देने वाली वस्तुओं में तांबा, गुड़, गेहूं, मसूर दाल दान की जा सकती है। यह दान प्रत्येक रविवार या सूर्य संक्रांति के दिन किया जा सकता है। सूर्य ग्रहण के दिन भी सूर्य की वस्तुओं का दान करना लाभकारी रहता है। इस उपाय के अंतर्गत सभी वस्तुओं का एकसाथ भी दान किया जा सकता है। दान करते समय वस्तुओं का वजन अपने सामर्थ्य के अनुसार लिया जा सकता है। दान की जाने वाली वस्तुओं को व्यक्ति अपने संचित धन से दान करे तो अच्छा रहता है। जिसके लिए दान किया जा रहा है उसकी आयु कम होने या अन्य किसी कारण से अगर वह स्वयं वस्तु नहीं ले सकता है, तो उसके परिवार को कोई निकट व्यक्ति भी उसकी ओर से यह दान कर सकता है। दान करते समय व्यक्ति में सूर्य भगवान पर पूरी श्रद्धा व विश्वास होना चाहिए। आस्था में कमी होने पर किसी भी उपाय के पूर्ण शुभ फल प्राप्त नहीं होते हैं।

**मंत्र जाप** : सूर्य के उपायों में मंत्र जाप भी किया जा सकता है। सूर्य के मंत्रों में ह्यॐ घृणिः सूर्य आदित्यः मंत्रह्ल का जाप किया जा सकता है। इस मंत्र का जाप प्रतिदिन भी किया जा सकता है तथा प्रत्येक रविवार के दिन यह जाप करना विशेष रूप से शुभ फल देता है।

## सूर्य उपासना से मिलती है कई रोगों से मुक्ति

-डॉ. कुमुद दुबे

भारत के सनातन धर्म में पांच देवों की आराधना का महत्व है। आदित्य (सूर्य), गणनाथ (गणेशजी), देवी (दुर्गा), रुद्र (शिव) और केशव (विष्णु)। इन पांचों देवों की पूजा सब कार्य में की जाती है। इनमें सूर्य ही ऐसे देव हैं जिनका दर्शन प्रत्यक्ष होता रहा है। सूर्य के बिना हमारा जीवन नहीं चल सकता। सूर्य की किरणों से शारीरिक व मानसिक रोगों से निवारण मिलता है। शास्त्रों में सूर्य की उपासना का उल्लेख मिलता है।

### अत्यंत प्रभावशाली और शुभ है यह सूर्य कवच

सूर्य की उपासना की प्रमुख बात यह है कि व्यक्ति को सूर्योदय से पूर्व उठ जाना चाहिए। तत्पश्चात स्नान आदि से निवृत्त होकर शुद्ध, स्वच्छ वस्त्र धारण कर ही सूर्यदेव को अर्घ्य देना चाहिए। सूर्य के सम्मुख खड़े होकर अर्घ्य देने से जल की धारा के अंतराल से सूर्य की किरणों का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उससे शरीर में विद्यमान रोग के कीटाणु नष्ट हो जाते हैं तथा व्यक्ति के शरीर में ऊर्जा का संचार होने से सूर्य के तेज की रश्मियों से शक्ति आती है। अर्घ्य दो प्रकार से दिया जाता है। संभव हो तो जलाशय अथवा नदी के जल में खड़े होकर अंजली अथवा तांबे के पात्र में जल भरकर अपने मस्तिष्क से ऊपर ले जाकर स्वयं के सामने की ओर उगते हुए सूर्य को जल चढाना चाहिए। दूसरी विधि में अर्घ्य कहीं से दिया जा सकता है।

नदी या जलाशय हो, यह आवश्यक नहीं है। इसमें एक तांबे के लोटे में जल लेकर उसमें चंदन, चावल तथा फूल (यदि लाल हो तो उत्तम है अन्यथा कोई भी रंग का फूल) लेकर प्रथम विधि में र्विणत प्रक्रिया के अनुसार अर्घ्य चढाना चाहिए। चढाया गया जल पैरों के नीचे न आए, इसके लिए तांबे अथवा कांसे की थाली रख लें। थाली में जो जल एकत्र हो, उसे माथे पर, हृदय पर एवं दोनों बाहों पर लगाएं। विशेष कष्ट होने पर सूर्य के सम्मुख बैठकर 'आदित्य हृदय स्तोत्र' या 'सूर्याष्टक' का पाठ करें। सूर्य के सम्मुख बैठना संभव न हो तो घर के अंदर ही पूर्व दिशा में मुख कर यह पाठ कर लें। निरोग व्यक्ति भी सूर्य उपासना द्वारा रोगों के आक्रमण से बच सकता है। सूर्य दुनिया का उर्जा का श्रोत है। इसके बिना पृथ्वी का अस्तित्व नहीं है। इस बात को सबसे पहले भारत में ही समझा गया।